* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
13 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 202

आइइडी विस्फोट में एक जवान घायल, रांची रेफर



## राष्ट्र के नाम संबोधन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया को दो टूक

# न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेंगे आतंक पर वार करते रहेंगे: मोदी

- **पाकिस्तान से बात होगी, तो केवल आतंकवाद और पीओके पर होगी**
- **अब आतंक के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' ही होगा भारत का न्यू नॉर्मल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम देश को संबोधित करते हुए पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से दो टूक कहा कि भारत किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल को नहीं सहेगा और आतंक पर वार करता रहेगा। अपने करीब 22 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज विश्व समुदाय को भी कहूंगा कि हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर ही बात होगी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके पर ही होगी।

पीएम मोदी ने कहा, आज बुद्ध पूर्णिमा है। भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता शांति और समृद्धि की ओर बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सके, विकसित भारत के सपने को पूरा सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है और पिछले कुछ दिनों में भारत ने यही किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखायी थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछ कर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। क्रूरता थी। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का वह घिनौना सच देखा है, जब मारे गये आतंकियों को विदाई देने पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पांसर्ड टेररिज्म का यह बहुत बड़ा सबूत है। हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटायी है और इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' ने नया आयाम जोड़ा है। हमने रेगिस्तान और पहाड़ों में अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही न्यू एज वारफेयर में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिक सिद्ध हुई। आज दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वारफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस उपकरणों का समय आ चुका है।

### अपने तरीकों और शर्तों पर जवाब देते रहेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की तीनों सेनाएं, वायुसेना, थलसेना और नौसेना, हमारे सीमा सुरक्षा बल, भारत के अर्द्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद अब 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नयी लकीर खींच दी है। एक नया पैमाना। न्यू नॉर्मल तय कर दिया है। पहला- भारत पर आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। हम अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंक की जड़ें निकलती हैं। दूसरा- कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। तीसरा- हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के ड्रोन, भारत की मिसाइलों ने सटीकता से हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिन पर पाकिस्तान को बहुत घमंड था। भारत ने पहले तीन दिन में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। इसलिए भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा। पाकिस्तान दुनिया भर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा था और बुरी तरह पिटने के बाद इसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ से संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। पाकिस्तान के सीने में बसाये गये आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। इसलिए जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगायी गयी, पाकिस्तान की तरफ से जब यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जायेगा, तो भारत ने उस पर भी विचार किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं फिर दोहरा रहा हूं कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थगित किया है। आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है।



### टेरर-टॉक, टेरर-ट्रेड एक साथ नहीं हो सकता पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते। टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। ...और पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता।

### सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत में सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट किया। संबोधन के अंत में उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर भारत की सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। हम भारतवासियों के हौसले, हर भारतवासी का एकजुटता का सफर और संकल्प को नमन करता हूं।

### हमारी एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत

प्रधानमंत्री ने कहा, हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता हमारी सबसे शक्ति होगी। निश्चित तौर पर यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद-पानी दे रही है, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा। इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है।

## भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गयीं पाकिस्तान की तमाम मिसाइलें

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था और इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया। आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। उन्होंने कहा, दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गयीं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। उन्होंने आगे कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। 'ऑपरेशन सिंदूर' न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। छह मई की देर रात, सात मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।

## लगातार दूसरे दिन भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी दी

# आतंकियों के खिलाफ लड़ाई को पाकिस्तानी सेना ने अपना बना लिया

- हमारे सभी सैन्य प्रतिष्ठान, उपकरण, शस्त्र प्रणालियां पूरी तरह से कार्यशील हैं, आदेश मिलने पर हम अगले मिशन के लिए तैयार हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने कहा है कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा, जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। रविवार को भारतीय वायुसेना, नौसेना और थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली और प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है। हमारे सभी सैन्य प्रतिष्ठान, उपकरण, शस्त्र प्रणालियां पूरी तरह से कार्यशील हैं। जरूरत पड़ने पर हम अगले मिशन के लिए तैयार हैं। वायुसेना के अभियान महानिदेशक एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि पाकिस्तान की सेनाओं ने विमानों, मिसाइलों, ड्रोन और यूएवी से भारत पर भीषण हमला करने की कोशिश की, लेकिन हमारी परत दर परत मजबूत और आधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रणाली उसके सामने अभेद्य दीवार साबित हुई। एयर मार्शल भारती ने दोहराया कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों एवं आतंकवाद से थी, पाकिस्तानी सेना से नहीं, पर अफसोस की बात है कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों के समर्थन में इस लड़ाई में शामिल होने का फैसला किया। इस संघर्ष में पाकिस्तान को जो भी नुकसान हुआ है, उसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं।

# किंग कोहली ने लिया टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

- इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं इस फॉर्मेट से दूर जा रहा हूं, यह आसान नहीं है



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के मजबूत स्तंभ 'किंग कोहली', यानी विराट कोहली ने 12 मई को दिन में 11 बज कर 43 मिनट पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने संन्यास के ऐलान के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर टेस्ट किट में एक फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू जर्सी पहने हुए 14 साल हो चुके हैं। ईमानदारी से कहूं, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट मुझे किस सफर पर ले जायेगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाये, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा।

**हमेशा टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा :** विराट ने लिखा, मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलनेवाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए दिल से आभार जता रहा हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा। उन्होंने लिखा, विदा लेता हूं।

# हेमंत सोरेन ने नये अत्याधुनिक मुख्यमंत्री आवास की रखी नींव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कांके रोड में नये मुख्यमंत्री आवास की नींव रखी। यह आवास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें बैठकों के लिए हाइटेक इंतजाम भी होंगे। मुख्यमंत्री आवास परिसर में पूजा-अर्चना के बाद इसकी आधारशिला रखी गयी। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी थीं।

**पुराने भवन को ध्वस्त करने के बाद नया निर्माण :** मुख्यमंत्री के नये आवास का निर्माण भवन निर्माण विभाग करा रहा है। पहले इसके प्रथम तल को तोड़ा गया था। पुराने भवन को ध्वस्त करने के बाद अब नया निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। इस आवास का नाम कैफोर्ड हाउस है, जिसे सीएम हाउस भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित वर्तमान आवास नंबर पांच को भी इसमें मिलाया गया है। दोनों आवासों को मिला कर एक आधुनिक आवास बनाया जायेगा। इसमें हेलीपैड, बड़े कांफ्रेंस हॉल और वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम जैसी सुविधाएं होंगी। नया सीएम आवास और कार्यालय 22 एकड़ इलाके में स्थित है। इसमें कई लाउंज, विजिटर हॉल के अलावा एक अलग प्रेस रूम भी होगा।

# भारतीय वायुसेना ने कहा: भय बिनु होहीं न प्रीति

## कल शिव तांडव स्तोत्र, आज कृष्ण की चेतावनी और रामचरित मानस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सोमवार को लगातार दूसरे दिन भारतीय सेना के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने प्रेस ब्रीफिंग की। पहले दिन की प्रेस वार्ता का आगाज शिव तांडव स्तोत्र के संगीत से हुआ था। आज सैन्य अधिकारियों के वक्तव्य से पहले राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता, 'कृष्ण की चेतावनी' के अंशों का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेना दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान को क्या संदेश देना



चाह रही है? क्या पड़ोसी देश के अलावा भारत पूरी दुनिया को संदेश दे रहा है। इन सवालों पर एयर मार्शल एके भारती ने रामचरित मानस की पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि समझदार को इशारा ही काफी है। उन्होंने रामचरित मानस की पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि जब राम समुद्र तट पर उपासना और प्रार्थना कर रहे थे, वहां तुलसीदास ने लिखा है, विनय न मानत जलधि जड़, गये तीन दिन बीत, बोले राम सकोप तब, भय बिनु होहीं न प्रीत।

इसके बाद एयर मार्शल भारती ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर रचित उन पंक्तियों को उद्धृत किया, जिनमें महाभारत युद्ध से पहले कृष्ण कौरवों के पास शांति का संदेश लेकर जाते हैं और दुर्योधन उसे ठुकराते हुए कृष्ण को ही अपमानित करने की कोशिश करता है। इन पंक्तियों में कृष्ण ने दुर्योधन को अपना विराट रूप दिखाया था।

**शिव तांडव स्तोत्र से आगाज :** दरअसल भारतीय सेना ने स्पष्ट संदेश दिया है। शिव तांडव स्तोत्र के संगीत से शुरुआत करना आत्मविश्वास के साथ दृढ़ मानसिकता भी दिखाता है। रविवार शाम जब तीनों सेनाओं के अधिकारी प्रेस ब्रीफिंग करने पहुंचे, तो ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति चलायी गयी। इसके माध्यम से भी भारतीय सेना ने स्पष्ट संदेश दिया। ऐसा इसलिए, क्योंकि जिस बैकग्राउंड संगीत का इस्तेमाल किया गया, वह शिव तांडव स्तोत्र को कंपोज करने के लिए इस्तेमाल किया गया है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# 'ऑपरेशन सिंदूर' से भारत ने बदल दिया है वर्ल्ड आर्डर

- भारतीय सेना ने मनवाया न्यू एज वॉर फेयर में अपना लोहा
- भारत ने पाकिस्तान को ऐसी चोट दी, जिसे न वह दिखा सकता है ना ही छिपा सकता है
- भारत के एक ब्रम्होस ने हिला डाली पाकिस्तान के परमाणु ब्लफ की नींव
- पकड़ लिये डोनाल्ड ट्रंप के पैर, बोला भारत को शांत करो
- हमले में खुल गयी चीन और तुर्किए के हथियारों की पोल

**आजाद सिपाही विशेष**

भारत और पाकिस्तान के बीच अघोषित युद्ध में पाकिस्तान को जो करारा झटका लगा है, वह उसे कभी भूल नहीं सकता। पाकिस्तान के साथ वह हो गया है, जिसकी उम्मीद उसने नहीं की थी। पाकिस्तान को ऐसा नुकसान हुआ है, जिसके बारे में वह बात नहीं कर सकता। कहते हैं न कुछ घाव ऐसे होते हैं जिसे दिखाया नहीं जा सकता। लेकिन छुपाये भी तो कैसे। पाकिस्तानी सेना और सरकार को भी पता है अगर उसकी हार का सबसे बड़ा कारण सामने आ जायेगा, जिसके लिए उसने भारत के सामने घुटने टेक दिये और ट्रंप के पैर पकड़ लिये तो पूरे पकिस्तान में अफरा-तफरी मच जायेगी। वहां के लोग आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को बांध कर मारेंगे। तख्ता पलट तो निश्चित हो जायेगा। पाकिस्तान के परमाणु ब्लफ की बातें दुनिया के सामने आ गयी हैं। भारत ने जिस तरीके से उसके परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया, उससे अमेरिका भी सकते में आ गया। यह भी कारण रहा कि ट्रंप बीच में आये, नहीं तो पाकिस्तान सही में मिट्टी में मिल जाता। भारत ने अभी शुरूआत ही की थी कि इसके पहले ही पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये और ट्रंप की गोद में जा बैठा। कहने लगा, माई-बाप, हमें भारत से बचा लो, नहीं तो हम साफ हो जायेंगे। माई-बाप, हमें कुछ भीख भी दे दो, हमारी हालत बहुत खराब है, हम भिखमंगे हैं। दया करो, माई-बाप। मुनीर ने पकिस्तान में झूठ फैलाया कि भारत-पाकिस्तान के अघोषित युद्ध में उसकी जीत हुई है। जबकि सच्चाई इसके बिलकुल उलट है। भारत-पाकिस्तान हमले में एक तरफ पाकिस्तान नंगा तो हो ही चुका है, अंधा भी हो चुका है। उसे अपनी नग्न अवस्था भी दिखाई पड़ रही है। वहां की सरकार और सेना को हार में भी जीत दिखाई पड़ रही है। अभी तो दुनिया के सामने पाकिस्तान की बर्बादी की असली कहानी सामने आनी बाकी है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि भारत-पाकिस्तान तनाव में नुकसान सिर्फ पकिस्तान का नहीं हुआ है। नुकसान तो चीन का भी हुआ है। अमेरिका का भी हुआ है। इस जंग में पोल-पट्टी तो चीन, अमेरिका, तुर्किये की वॉर फेयर टेक्नोलॉजी की भी खुल चुकी है। इस अघोषित युद्ध में चीन के साथ-साथ अमेरिका और पूरा यूरोप दुखी है, क्योंकि भारत ऐसी शक्ति बन कर उभरा है, जिसकी उम्मीद शायद किसी ने नहीं की थी। शायद भारत की जनता को भी इतना भरोसा नहीं था कि आज का भारत इतना शक्तिशाली हो चुका है। भारत ने हर मोर्चे पर पाकिस्तान को सिर्फ पराजित ही नहीं किया है, बल्कि पुरे विश्व को अपनी ताकत से हिला दिया है। अगर कहा जाये कि भारत ने वर्ल्ड आर्डर का रिसेट कर दिया है, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए। भारत ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम का जो परिचय दिया, उसे दुनिया ने देखा। उसके पास रूस की एस 400 तो थी ही, उसका अपना मेड इन इंडिया आकाश एयर डिफेंस सिस्टम भी मौजूद था। जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर था, पाकिस्तान श्रीनगर से नलिया तक 26 स्थानों पर ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू जेट्स से हमले कर रहा था। इन हमलों में फतेह-1 मिसाइल, जेएफ-17, एफ-16 और डीजेआइ सैन्य ड्रोन का उपयोग किया गया। भारतीय आकाश एयर डिफेंस सिस्टम ने इन हवाई खतरों को हवा में ही नष्ट कर पाकिस्तानी हमलों को पूरी तरह नाकाम कर दिया। आकाश भारत की स्वदेशी मध्यम दूरी की सतह-से-हवा मिसाइल प्रणाली है, जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किया है। आकाश ने पाकिस्तान के हर मंसूबे को आकाश में ही निष्क्रिय कर दिया। अब दुनिया की नजर भारत के एयर डिफेंस इक्विपमेंट्स पर भी है, जिसने बड़े-बड़ों को हिला दिया है। भारत अपने हमलों के दौरान जिस तरह से पेश आया है, जिस मॉडर्न वारफेयर में अपनी टेक्नोलॉजी के उम्दा प्रदर्शन के बल पर पाकिस्तान को परास्त किया है, उसे घुटनों पर लाकर छोड़ा है, इससे उसका कद दुनिया में और भी मजबूत हुआ है। क्या है नापाक पाकिस्तान की असलियत और भारत ने हमले के दौरान उसको कितना गड्ढे में पहुंचाया है और किन कारणों से पकिस्तान अपने घुटनों पर आया, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवादाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार शाम 6:30 बजे तीनों सेनाओं ने 1 घंटा 10 मिनट तक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी दी। जैसे ही इस प्रेस कांफ्रेंस की टाइमिंग का पता पाकिस्तान को चला तो उसने अपनी प्रेस कांफ्रेंस की टाइमिंग को पोस्टपोंड कर दिया, क्योंकि उसे पता था कि भारत हार्ड एविडेंस लेकर आयेगा जिसकी काट पकिस्तान के पास नहीं रहेगी। फिर पाकिस्तान को अपने लोगों और दुनिया के सामने मनगढ़ंत स्क्रिप्ट लिखनी पड़ेगी, झूठी कहानी गढ़नी होगी। पाकिस्तान थोड़े बतायेगा कि उसका कितना नुकसान हो चुका है। वह अब कितने गर्त में जा चुका है। वह तो अपनी शेखी बघारेगा। जनता के समक्ष कहेगा कि उसकी जीत हुई है। भले हमले के बीच वह आइएमएफ के सामने कटोरा लेकर गिड़गिड़ाने लगा। वैसे पाकिस्तान ने 1948 से लेकर 1965,1971, 1999 के युद्ध में भी जीत का क्लेम किया था। यहां तक पुलवामा में जिस तरह से भारत ने उसके घर में घुस उसे धोया था उसमें भी जीत क्लेम किया था। लेकिन दुनिया जानती है कि भारत ने हर बार उसको धूल चटायी है। लेकिन पाकिस्तान इतना बेशर्म और नंगा मुल्क है कि उसे कोई फर्क नहीं पड़ता झूठ बोलने में। पुलवामा पर पाकिस्तान का कहना था कि पुलवामा हमारा उसके टैक्टिकल ब्रिलियंस का प्रमाण है। इसके हिसाब से उसका आतंकवाद ही उसका टैक्टिकल ब्रिलियंस है। यही उसकी टैक्टिक्स भी रही है। पाकिस्तान हमेशा आतंकवाद का सहारा लेता है, क्योंकि इससे उसके ऊपर डायरेक्ट चार्ज नहीं आता। समझा जा सकता है कि पाकिस्तान किस ख्वाब में जी रहा है और वहां के लोग किस मनगढंत दुनिया में जी रहे हैं। एक शेर यहां फिट बैठता है, हम को मालूम है जन्नत की हकीकत लेकिन, दिल के खुश रखने को गालिब ये खयाल अच्छा है।

## सेना ने बताया कैसे धोया पाकिस्तान को

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराये। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। वहीं 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गये। बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 5 जवान शहीद हुए हैं। मुरीदके के टेररिस्ट कैंप के बाद बहावलपुर ट्रेनिंग कैंप में कई इन्फ्रास्ट्रक्चर को चुना, जहां आतंकवाद को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता था। इन 2 टेररिस्ट कैंप को हमने टारगेट बनाया और इन्हें तबाह किया।

## हमला वहां जहां पाकिस्तान को सबसे ज्यादा दर्द : एयर मार्शल भारती

एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमने 7 मई की रात उनके लाहौर और गुजरांवाला स्थित रडार सिस्टम को निशाना बनाया। हम उन्हें यह बताना चाहते थे कि उनके मिलिट्री ठिकाने हमारी पहुंच से दूर नहीं थे। 8-9 मई को पाकिस्तान ने ड्रोन और एयरक्राफ्ट से हमारे बॉर्डर पर हमला किया था और मिलिट्री ठिकानों को निशाना बनाने की उनकी ज्यादातर कोशिशें नाकाम रहीं। पाकिस्तान ने 8-9 मई की रात श्रीनगर से नलिया तक ड्रोन और एयरक्राफ्ट से हमला किया। उन्होंने जम्मू, उधमपुर, पठानकोट, नाल, डलहौजी, फलौदी में अटैक किया, जिसे हममें नाकाम कर दिया। हमारी जमीन पर उनके लगातार हमलों से कोई नुकसान नहीं पहुंचा। लाहौर के करीब से ड्रोन अटैक लॉन्च किये गये थे। उन्होंने अपने और इंटरनेशनल पैसेंजर विमान एयर स्पेस में उड़ने दिये। पाकिस्तान अपने ही लोगों को ढाल बना कर भारत पर हमला करना चाहा। लेकिन उसमें वह नाकाम रहा। पाकिस्तान ने जो टारगेट चुने थे, उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह हमला आधी रात तक जारी रहा। मिलिट्री या सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर नुकसान नहीं हुआ। वे लड़ाई चाहते थे और हम तैयार थे। एयर मार्शल भारती ने बताया कि हमने वहां हमला किया, जहां उन्हें सबसे ज्यादा दर्द हो। उनके एयरबेस कमांड सिस्टम, मिलिट्री एयरबेस पर अटैक किया। चकलाला, रफीकी, रहरयार खान में हमला किया। हमारे पास उनके हर बेस पर हर सिस्टम को निशाना बनाने की क्षमता है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री या किसी और से नहीं है। हमारी लड़ाई आतंकवादियों से है, जिन्हें हमने निशाना बनाया। लेकिन उन्होंने ड्रोन, यूएवी से हमला किया। हमारे पास जवाब देने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। हम यह करने की क्षमता रखते हैं। हमने पहलगाम अटैक के बाद अरब सागर में कई ड्रिल की, हथियारों की चेकिंग की। हम अपनी तैयारी को परख रहे थे। नेवी ने पाकिस्तानी नेवी को लगातार मॉनिटर किया। हम उनकी हर लोकेशन और मूवमेंट से वाकिफ थे।




## सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से अवगत कराया

सेना ने कहा कि हमारा मकसद टारगेट हिट करना, नुकसान पहुंचाना नहीं था। वायु सेना और थल सेना के बीच बेहतर तालमेल हुआ, जिसमें सभी एजेंसियों की अहम भूमिका रही। हमने नुकसान नहीं पहुंचाया, क्योंकि ह्यूमनिटेरियन डिस्ट्रक्शन हमारा उद्देश्य नहीं था। हमने वह टारगेट चुना, जिससे उन्हें इस्तेमाल में दिक्कत हो जाये, वो सतर्क हो जायें। हमारा मकसद उनकी सैन्य क्षमताओं को नुकसान पहुंचाना था, नागरिकों को नहीं। पाक के कितने विमान गिराये, उनका नंबर नहीं बता सकते पाकिस्तानी विमानों ने हमारी सीमा में घुसने की कोशिश की, हमने उन्हें मार गिराया। लेकिन कितने गिराये गये, यह बताना अभी मुमकिन नहीं है। जो हमारे विमान गिरे हैं वह क्रैश हुआ है। इसके पीछे तकनीकी वजह हो सकती है। जांच चल रही है। हमारे सभी पायलट सुरक्षित हैं। हमें मालूम था कि हमला कब, कहां और किससे होगा। हम सिर्फ जवाब देने के लिए तैयार नहीं थे, बल्कि आगे भी सोच रखा था कि क्या करना है। इसलिए हमने तय किया कि कहां और कैसे प्रहार करना है।

## भारत किसी भी मिशन के लिए तैयार

सोमवार को हुए दुबारा प्रेस कांफ्रेंस में एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से किये गये हमले में चाइनीज ओरिजन की मिसाइल शामिल थीं, इनमें लॉन्ग रेंज रॉकेट थे, यूएवी थे, चीनी और तुर्की ओरिजन के कुछ कॉप्टर्स और ड्रोन थे। इन्हें हमारे एयरडिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। हमने सिविलियन और मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिनिमम रखी, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार हमले कर रही थी। आपको पता है कि एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है, लो लेवल फायरिंग, सरफेस टु एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल है। हम पर ड्रोन और यूएवी से हमला किया गया है। पाकिस्तानी हमले के दौरान हमारे सभी सिस्टम एकसाथ एक्टिव हुए, मॉडर्न डेज वार फाइटिंग के लिहाज से ये अहम था। पुराने माने जा रहे एयर डिफेंस सिस्टम ने भी सही तरह से काम किया। आकाश सिस्टम से भी हमलों का जवाब दिया गया। हमारे पास इंटरनेशनल बाउंड्री से रडार, एयर डिफेंस सिस्टम, विटेंज एयर डिफेंस सिस्टम और मॉडर्न एयर डिफेंस सिस्टम की लेयर थी। इसे पारकर हमारी एयरफील्ड को अटैक करना पाकिस्तान के लिए मुश्किल था। बीएसएफ की भी सराहना करूंगा। उनके डायरेक्टर जनरल से लेकर पोस्ट पर पहरा देने वाले जवान बढचढ़कर शामिल हुए और हमें हेल्प किया। हमारी मल्टी टियर्ड ग्रुप का वे भी हिस्सा थे। वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने बताया, 'नौसेना सर्विलांस, डिटेक्शन में लगी हुई थी। हमने मल्टीपल सेंसर्स और इनपुट्स दिये। हमने उन खतरों को पहचाना, जिन्हें तुरंत न्यूट्रिलाइज्ड किया जाना था। ड्रोन, हाईस्पीड मिसाइल और एयरक्राफ्ट की जानकारी दी गयी, ये एडवांस राडार के जरिये दी गयी। हमारे पायलट रात और दिन में ऑपरेट करने के लिए तैयार थे। हमारे एयरक्राफ्ट कैरियर में मिग-29 एक्शन के लिए तैयार थे। संदिग्ध दुश्मन जहाज को कई सौ किमी. पास आने का मौका हमने पास के सालों में नहीं दिया है। सेना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत के सभी मिलिट्री बेस, सिस्टम ऑपरेशनल हैं और नये मिशन के लिए तैयार हैं।

## परमाणु की गीदड़भभकी देते-देते लेने के देने पड़ गये पाकिस्तान को

10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के शोरकोट में रफीकी, चकवाल में मुरीद, चकलाला में नूर खान, रहीम यार खान, सुक्कुर, कसूर के चुनियन, पसरूर और सियालकोट में पाकिस्तानी एयरफोर्स के ठिकानों पर हमले किये। इस हमले में भारत ने स्कैल्प एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल, हैमर गाइडेड बम और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें दागीं। यह पहली बार था जब भारत ने सुखोई फाइटर जेट से ब्रह्मोस जैसी मिसाइल का इस्तेमाल किया, जो 290 किमी. की रेंज में 2500 किमी/घंटे से हमला करती है। वहीं भारतीय हमले की जद में परमाणु जखीरे के आने से घबराया पाकिस्तान भले ही अमेरिका की मदद से सीजफायर कराने में सफल रहा हो, लेकिन उसके लिए आगे की राह आसान नहीं होगी। पाकिस्तानी सेना के हेडक्वार्टर से सटे नूर खान एयरबेस के पास ही पाकिस्तान का परमाणु कमांड सेंटर है। भारत के सटीक हमले में नूर खान एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचाया। परमाणु कमांड सेंटर के भारतीय मिसाइल के जद में आने के खतरे में पाकिस्तानी सेना में कंपकंपी पैदा कर दी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार जिस परमाणु जखीरे पर पाकिस्तान को नाज था और भारत को बार-बार गीदड़भभकी देता था, वह भारतीय मिसाइलों की जद में आ गया था। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर रावलपिंडी के चकलाला में नूर खान एयरबेस है। यहां पर पाकिस्तानी एयरफोर्स का एयर मोबिलिटी कमांड का सेंटर है। रावलपिंडी स्थित पाकिस्तानी सेना के हेडक्वार्टर से सटे इस अहम एयरबेस से सभी लड़ाकू विमानों और ड्रोन हमलों का नियंत्रण किया जाता है। पिछले दिनों भारत में हुए मिसाइल और ड्रोन हमले इसी एयरबेस से किये गये थे। इसी के पास नेशनल कमांड अथोरिटी की बिल्डिंग भी है, जो पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की देखरेख करता है। इसे पाकिस्तान का परमाणु कमांड सेंटर भी कहा जाता है।

## पाकिस्तान को सताने लगा था डर, तभी पकड़ लिये ट्रंप के पैर

परमाणु कमांड सेंटर के नष्ट होने के बाद पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता है, जिसकी धमकी वह भारत को लगातार देता रहा है और 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद से ही परमाणु युद्ध की धमकी दिखाकर दुनिया से भारत को रोकने की अपील करता रहा है। लेकिन पहली बार पाकिस्तान को अहसास हुआ कि भारत उसके परमाणु हथियारों को नाकाम करने में भी सक्षम है। नूर खान एयरबेस पर हमले के एक दिन पहले भी भारत रावलपिंडी पर ड्रोन हमला करने में सफल रहा था। पाकिस्तान की ओर से बताया गया कि ड्रोन रावलपिंडी स्टेडियम पर गिरा। लेकिन असल में जिस जगह पर ड्रोन गिरा उसके पास आइएसआइ के कश्मीर डिवीजन का दफ्तर है। जाहिर है भारत ने दिखा दिया कि पाकिस्तानी सेना के हेडक्वार्टर समेत तमाम सैन्य ठिकाने भारतीय मिसाइलों की जद में हैं, वह कहीं भी सटीक हमला कर सकता है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार इसी के बाद पाकिस्तान ने तत्काल अमेरिका से भारत को किसी भी स्थिति में रोकने की गुहार लगायी। पाकिस्तान चाहता था कि अमेरिका तत्काल सीजफायर सुनिश्चित करे। अमेरिका से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो सक्रिय हुए भारत को सीजफायर के तैयार करने में सफल रहे।

## चीन और तुर्किए के हथियारों की खुलने लगी पोल

7 मई से 10 मई तक पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कई चीनी हथियारों से हमले किये। इनमें जेएफ-17 एयरक्राफ्ट, पीएल-15 मिसाइल, एचक्यू -9 डिफेंस सिस्टम और कई ड्रोंस शामिल हैं। भारत के एंबेसडर रहे दीपक वोहरा ने एक इंटरव्यू में बताया कि भारत ने तमाम एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से इन सभी चीनी हथियारों को मार गिराया, जिससे दुनियाभर में चीनी हथियारों का मजाक उड़ने लगा।

भारतीय सेना ने लगातार पाकिस्तान की ओर से चीनी हथियार के हमलों को नाकाम किया, जिससे चीन को अपने हथियारों की छवि खराब होने का डर सताने लगा। डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एक सवाल किया गया कि तुर्किए के ड्रोंस को लेकर दुनिया में बहुत ज्यादा हल्ला मचा हुआ था, लेकिन लगता है कि बढ़ा-चढ़ाकर पेश किये गये, तुर्किए के ड्रोंस भारत में धराशायी हो गया और दुनिया को एक संदेश चला गया है कि अब हाइब्रिड वारफेयर में इसकी औकात नहीं बची? इसके जवाब में एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि तुर्किए ड्रोंस हों या कहीं और के भी ड्रोंस हो, आपने देखा यहां कि तरह से ड्रोंस के मलबे की तस्वीरें सामने आईं। हमने दिखा दिया कि हमारे काउंटर डिफेंस सिस्टम और हमारे ट्रेंड डिफेंस ऑपरेटर्स पूरी तरह से सक्षम हैं। हमारे देश की स्वदेशी तकनीक किसी भी तरह के ड्रोन हमलों या किसी भी तरह की तकनीक से निपटने के लिए तैयार हैं। हमें यहां ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। आपने खुद अपनी आंखों से देखा है कि हमने इनका क्या हश्र किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.3 °c | 25.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.21 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.09 बजे | |



### धनबाद में पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर को लेकर भाजपा ने पूछे सवाल

# राज्य में डीआइजी बड़ा या डीएसपी : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पिछले दिनों धनबाद में कुछ पुलिस कर्मियों का तबादला हुआ। इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से सवाल पूछा है। जानना चाहा है कि ट्रांसफर संबंधी अधिकार मामले में डीआइजी बड़ा होता है या डीएसपी? बाबूलाल के अनुसार, इस केस में झारखंड के लोगों को सीएम से इस सवाल का जवाब चाहिए।

उन्होंने कहा कि धनबाद इलाके के कुछ पुलिसकर्मियों का तबादला डीआइजी की प्रशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा पर हुआ था। फिर किसी डीएसपी की रिपोर्ट पर उन पुलिसकर्मियों का तबादला रोक दिया गया। पुलिसकर्मियों के एसोसिएशन ने भी इस तबादले और स्थगन की प्रक्रिया पर सवाल उठाकर जांच की मांग की है। बाबूलाल के मुताबिक, अनौपचारिक रूप से कई पुलिसवालों ने उन्हें बताया है कि पुलिस मुख्यालय में एनजीओ के कुछ लोग ट्रांसफर पोस्टिंग की दुकान खोलकर बैठ गये हैं जहां सबकुछ कायदे-कानून को ताक पर रख कर हो रहा है। आखिर ऐसा हो भी क्यों नहीं, जब राज्य में कोई डीजीपी नहीं है और जिनसे डीजीपी का काम असंवैधानिक एवं गैर कानूनी तरीके से लिया जा रहा है और वे बिना वेतन के खुशी-खुशी अपनी सेवा दे कर पूरे पुलिस महकमे और जनमानस के बीच इस अवैतनिक सेवा के लिए हंसी के पात्र बने हुए हैं।

## बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा- जेएससीए चुनाव में प्रशासनिक हस्तक्षेप पर रोक लगायें



रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के चुनाव में प्रशासनिक प्रभाव और हस्तक्षेप को रोककर पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का आग्रह किया है। पत्र में कहा है कि जेएससीए का चुनाव 18 मई को प्रस्तावित है, जिसके लिए 12 एवं 13 मई को नामांकन और 14 मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है, लेकिन सूचनाओं से स्पष्ट हो रहा है कि यह चुनाव एक खेल संघ का चुनाव न होकर प्रशासनिक पद के दुरुपयोग का रूप लेता जा रहा है। सरकारी सेवा में लगे अधिकारी चुनाव प्रचार के लिए खुलेआम घूम रहे हैं। प्रशासनिक तंत्र का खुले तौर पर दुरुपयोग कर रहे हैं। ये सरकारी अधिकारी अपने पद, प्रभाव एवं सुविधाओं का इस्तेमाल कर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं, जो पूर्णतः अवैध, अनैतिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध है। जेएससीए राज्य का एक प्रतिष्ठित खेल संगठन है और इसकी साख को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। यदि अभी हस्तक्षेप नहीं किया गया तो झारखंड क्रिकेट की पहचान और गुणवत्ता दोनों पर खतरा मंडराने लगेगा। पूर्व में भी जेएससीए के चुनावों में सत्ता का दुरुपयोग होता रहा है, जिसके कारण चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद को बढ़ावा मिला है। इसका सीधा प्रभाव राज्य के योग्य एवं मेहनती खिलाड़ियों के अवसरों पर पड़ा है, जिससे वे हतोत्साहित एवं निराश हुए हैं। जेएससीए के चुनाव में ऐसे लोगों के कब्जे से यह भी देखा गया है कि एसोसिएशन की संपत्ति और संसाधनों का मनमाने ढंग से दुरुपयोग होता है। अपने प्रभाव से ये लोग वर्षों तक पदों पर बने रहते हैं और अपने चहेते लोगों को सदस्य बनाकर संगठन को भ्रष्टाचार का केंद्र बना देते हैं।

### झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता का पलटवार

# बाबूलाल निराधार और भ्रामक आरोप लगा रहे: विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाये गये आरोप पूरी तरह से भ्रामक, निराधार और राजनीतिक षड्यंत्र के तहत दिये गये बयान हैं। भाजपा नेता मरांडी राज्य की पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर जिस प्रकार से भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, वह झारखंड की जनता को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि उनकी मंशा केवल और केवल झूठी बयानबाजी कर सुर्खियां बटोरने की है।

मरांडी को शायद पुलिस विभाग के पदक्रम और अधिकारों की जानकारी नहीं है। डीआइजी और डीएसपी के पद और उनके कार्यक्षेत्र की स्पष्ट परिभाषा झारखंड पुलिस एक्ट में दी गयी है। लेकिन अगर उन्हें समझ में नहीं आ रहा है, तो झामुमो उन्हें इस संबंध में एक जागरूकता सत्र आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखता है। जहां तक ट्रांसफर-पोस्टिंग के आरोपों का सवाल है, तो झामुमो स्पष्ट करना चाहता है कि राज्य सरकार ने हमेशा ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामलों में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित किया है। किसी भी प्रकार के अवैध हस्तक्षेप या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मरांडी को यह बताना चाहिए कि जब उनकी पार्टी सत्ता में थी, तब किस प्रकार से पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से ट्रांसफर और पोस्टिंग की गयी थी। झारखंड की जनता उनके शासनकाल को भूली नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सजग और प्रतिबद्ध हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा भाजपा की ओछी राजनीति और झूठे आरोपों को सिरे से खारिज करती है।

## भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने तक सीमित : झामुमो



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से हेमंत सरकार पर लगाये गये आरोपों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा जनादेश का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठने के लिए चुना है, न कि निराधार आरोप लगाने के लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने और अवरोध पैदा करने तक सीमित हो गयी है।'मंईयां सम्मान' योजना को लेकर भाजपा की प्रतिक्रिया पर झामुमो ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति करने के लिए गरीब बहनों-बेटियों के सम्मान का मुद्दा उठा रही है। झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि अगर भाजपा को बहनों-बेटियों की इतनी ही चिंता है, तो उनके कार्यकाल में ऐसी कोई योजना क्यों नहीं बनी? हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के जरिए 58-60 लाख बहनों-बेटियों को आर्थिक संबल देकर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दिया है। प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि अगर भाजपा को राज्य की जनता की इतनी ही चिंता है, तो उन्हें यह बताना चाहिए कि उनके कार्यकाल में क्यों नहीं हुए आदिवासी और दलितों के हितों की रक्षा के ठोस उपाय? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना है। हेमंत सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। यह भाजपा को पच नहीं रहा है और इसलिए वे मनगढ़ंत आरोप लगाकर सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भाजपा के प्रोपेगैंडा से विचलित होने वाली नहीं है। जनता ने इंडिया गठबंधन को विकास के लिए चुना है और हम अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाते रहेंगे।

# मंईयां सम्मान के नाम पर 5.46 लाख बहन-बेटियों का किया गया अपमान: राफिया नाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना के तहत 5.46 लाख बहनों-बेटियों को अपात्र ठहराने के निर्णय पर गहरी नाराजगी जतायी कहा कि यह निर्णय हेमंत सोरेन सरकार की दोहरी नीति और वोट बैंक राजनीति का स्पष्ट प्रमाण है, जिसने पहले इन गरीब बहनों-बेटियों को योजना में शामिल कर वोट बटोरे और अब चुनाव बाद उन्हें अपात्र बताकर अपमानित किया जा रहा।

राफिया ने प्रश्न उठाया कि क्या यह एक पुरजोर राजनीतिक षड्यंत्र नहीं, जिसमें हेमंत सोरेन सरकार ने इन गरीब बहनों-बेटियों को सिर्फ वोट बैंक की भेंट चढ़ाया और चुनाव के बाद अपात्र घोषित कर उनका अपमान किया? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी बहन-बेटी से वसूली की गयी तो भाजपा बहनों-बेटियों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हेमंत सरकार पैसे देकर वोट लेती है लेकिन फिर सत्ता में आने के बाद वसूली करती है–यही इनका असली चरित्र है।

उन्होंने आगे बताया कि मार्च 2025 तक आधार लिंकिंग और दस्तावेजी सत्यापन के नाम पर केवल 37.55 लाख बहनों-बेटियों को ही स्थायी रूप से लाभ मिला, लेकिन अब अचानक 5.46 लाख को अपात्र कहकर सूची से हटाया जा रहा है और अब सरकार वसूली की भी बात कर रही है।

राफिया ने सवाल करते कहा कि अगर ये बहन-बेटिया वास्तव में अपात्र थीं, तो उन्हें डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि क्यों दी ग,यी? क्या यह योजना नहीं, बल्कि धोखा था?

भाजपा की प्राथमिकता हमेशा बहन-बेटिया रही हैं, क्योंकि एक सशक्त नारी ही एक सशक्त परिवार की नींव होती है परंतु झारखंड सरकार ने माताओं-बहनों-बेटियों की ममता को राजनीति की बर्बरता से कुचल डाला है। इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# आइइडी विस्फोट में एक जवान घायल, रांची रेफर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले के संवेदनशील सारंडा जंगल क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सोमवार सुबह नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) विस्फोट कर दिया। इस विस्फोट में एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाक के लिए रांची लाया गया है। यह घटना उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों का दस्ता जंगल के भीतर गश्त कर रहा था, तभी अचानक जमीन में दबाकर रखे गये आइइडी में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में एक जवान घायल हो गया, जिसे पहले प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कैंप लाया गया और फिर वहां से बेहतर इलाक के लिए रांची स्थित एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना की पुष्टि कोल्हान के डीआइजी मनोज रतन चौथे ने भी की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजे गये हैं और तलाशी अभियान को और तेज कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और नक्सलियों की तलाश जारी है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# बुंडू के जंगल में बाघ होने की सूचना पर जांच के लिए पहुंची वन विभाग की टीम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बुंडू।** जिले के बुंडू जंगल में बाघ होने की सूचना पर वन विभाग की टीम जांच करने पहुंची है। दरअसल ग्रामीणों ने नामकुम थाना क्षेत्र के रइसा मोड़ के जंगल में सोमवार की सुबह एक मवेशी का शव देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी कि बाघ ने मवेशी को मारा है।

सूचना पर वन विभाग ने स्थल का जायजा लिया और मृत मवेशी के जख्मों की जांच की। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मवेशी को जिस तरीके से मारा गया है, उसको देखकर आशंका जतायी है कि बाघ के हमले से मौत हुई है।

सोमा उरांव की खबर पर वन विभाग पूरी तरह से सतर्क है और लोगों को जंगल में ना जाने की सलाह दी है। बता दें कि इससे पहले खूंटी वन प्रमंडल के अधिकारियों ने बाघ के होने की सूचना पर पूरा जंगल छान मारा था, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी थी। वहीं अब अचानक रांची वन प्रमंडल से सटे खूंटी के सीमावर्ती इलाके बंधुआ पंचायत के रुडुंगकोचा और कोलाद के गांव में बाघ होने की सूचना मिली है।

# जमीन घोटाला मामले में अधिवक्ता की पत्नी से पूछताछ करेगी इडी, भेजा समन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बोकारो में सामने आये जमीन घोटाले की जांच में तेजी लाते हुए बोकारो के एक वकील की पत्नी को समन जारी किया है। यह कार्रवाई उस समय की गयी जब इडी को जांच के दौरान 133.64 एकड़ भूमि पर किये गये दावों में इस्तेमाल दस्तावेज फर्जी पाये गये। इडी की जांच में सामने आया है कि इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन द्वारा इस जमीन पर दावा करते हुए यह कहा गया था कि उनके पूर्वजों ने ब्रिटिश काल में इस जमीन को नीलामी में खरीदा था। लेकिन जांच में जिन दस्तावेजों के आधार पर यह दावा किया गया था, वे न केवल जाली पाये गये, बल्कि वर्ष 1933 में जारी कथित डीड संख्या 191 भी फर्जी निकली। अब तक इस विवादित जमीन में से 74 एकड़ से अधिक हिस्से की बिक्री की जा चुकी है। इडी ने इस घोटाले से जुड़ी लेन-देन और फंडिंग चेन की जांच के दौरान कई स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें बांका जिले में एक ठिकाने से 1.30 करोड़ रुपये बरामद किये गये।

# पत्नी के नाम मनरेगा का जॉब कार्ड बना लाखों रुपये गटक गया रोजगार सेवक

**कार्तिक कुमार**

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** मनरेगा योजना से जुड़े सदर ब्लाक के एक रोजगार सेवक ने अपनी पत्नी के नाम ही जॉब कार्ड बनाकर लाखों की फर्जी डिमांड के सहारे बड़ी राशि की निकासी कर ली है। हालांकि रोजगार सेवक के इस कारनामे की बात सामने आने पर उसे आनन फानन में उक्त पंचायत से हटा दिया गया है। रोजगार सेवक मैमूर अली पाकुड़ ब्लॉक के नवरतमपुर पंचायत में वर्षों से कार्यरत है और इसी पंचायत के वन विक्रमपुर गांव के रहने वाले भी बताये जाते हैं। पत्नी के नाम जॉब कार्ड बनाकर सरकारी राशि की बंदरबांट करने का मामला जब उजागर हुआ तो उसे उस पंचायत से 3 मई को बीडीओ द्वारा जारी आदेश ज्ञापांक 154 में आवंटित नवरुतमपुर पंचायत से उन्हें अलग कर दिया गया है। हालांकि इस मामले को डीडीसी महेश कुमार संथालिया के संज्ञान में दिये जाने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की बात कही है।

रोजगार सेवक पर आरोप है कि अनुबंध कर्मचारी होते हुए इन्होंने अपनी पत्नी सबनम आरा के नाम से अवैध रूप से जॉब कार्ड (जेएच-14-001-022-001/99) बना कर पंचायत में फर्जी डिमांड डालकर वर्षों से सरकार की योजनाओं के नाम पर पैसे की निकासी करते आ रहे हैं। चर्चा है कि रोजगार सेवक का यह पहला मामला नहीं है, नवरोत्तमपुर, रहसपुर, दादपुर और लिट्टीपाड़ा प्रखंड के पंचायतों में भी इसी तरह के गड़बड़ी करने का




इनपर आरोप हैं जो जांच का विषय है। मनरेगा एक्ट के गाइडलाइन में स्पष्ट है कि कोई भी वेतनभोगी या मानदेय भोगी, कर्मचारी या उसका परिवार लेबर कार्ड के लाभ का पात्र नहीं होगा। लेबर कार्ड केवल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए होता है। लेकिन मैमूर अली ने इस नियम को दरकिनार करते हुए जॉब कार्ड का दुरुपयोग किया और अपनी पत्नी के नाम से लाभुक दिखाकर डिमांड कर सरकार के लाखों रुपये घटक गये।

### ग्रामीणों ने वसूली करने का लगाया आरोप

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मैमूर अली सरकारी योजनाओं में डिमांड डालने के एवज में लाभुकों से पैसे की मांग करते हैं। अबुआ आवास योजना सहित कई अन्य योजनाओं में इनकी संलिप्तता की बात भी सामने आयी है। ग्रामीणों का कहना है कि वह खुलेआम धमकी देता है कि नीचे से ऊपर तक सब हमारे जेब में हैं। हालांकि इन आरोपों पर जब रोजगार सेवक मैमूर अली का पक्ष जानने के लिए उन्हें फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### अकूत संपत्ति खड़ी की रोजगार सेवक ने

रोजगार सेवक मेमूर ने पत्नी के नाम जॉब कार्ड के सहारे फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपये निकासी कर पाकुड़ के अलावा गांव में भी अकूत संपत्ति खड़ी की है। चर्चा है की बड़ी अलीगंज के अलावे वन विक्रमपुर अपने गांव में भी इनके द्वारा आलीशान मकान के अलावा कई चल और अचल संपत्ति बनायी गयी है। रोजगार सेवक का काशीला चेक पोस्ट में भी लंबे समय तक तैनाती रही है। इस दौरान भी इनके द्वारा गड़बड़ी करने की शिकायत लगातार सुर्खियों में आती रही है। चेक पोस्ट में भी काफी गड़बड़ी करने की बात और उस दौरान राशि की वसूली की चर्चा होती रही है। जो अब शासन प्रशासन के लिए जांच का विषय है।

# विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा आज पहुंचेंगे रांची

### कई बैठकों में होंगे शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर 13 मई को रांची पहुंच रहे हैं। इन दो दिनों के दौरान वो विहिप कार्यकर्ताओं, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया वीएचपी महामंत्री 13 मई को 10:00 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में अधिवक्ताओं के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 2:00 बजे हटिया में समरसता संगोष्ठी में शामिल होंगे, जबकि शाम 6:00 बजे मोरहाबादी में व्यावसायिक वर्ग के साथ बैठक करेंगे। वहीं 14 मई को वो प्रांत टोली बैठक, पत्रकार वार्ता और हरमू में मंदिरों के पुजारी एवं पुरोहितों के साथ बैठक करेंगे।

## पत्रकार आलोक सिन्हा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के पत्रकार, जेजेए के जिला अध्यक्ष और सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा के असामयिक निधन उपरांत जायका बैंक्वेट हॉल झुमरीतिलैया में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनसे जुड़ी यादों को सबके सामने रखा और कहा कि उनका निधन समाज के लिए बड़ी क्षति है। वे कई संगठनों से भी जुड़े हुए थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन जेजेए के जिला सचिव अनिल सिंह ने किया। स्व आलोक सिन्हा की यादों को संजोने और आत्मा की शांति की प्रार्थना के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व डीआइजी राजीव रंजन सिंह, आरएसएस के बीरेंद्र प्रताप सिंह, बीएसपीएस के मीडिया प्रभारी संजीव समीर, जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, शिक्षाविद डॉ बीएनपी वर्णवाल, वरीय पत्रकार कुमार रमेशम, पूर्व एलडीएम संतोष सिन्हा, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, डीएवी के जयदेव आचार्या, डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश, बीरेंद्र यादव उर्फ बीरू, मनोज राणा, नीरज कर्ण, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र सिन्हा, रामकुमार, नितिन मिश्रा, बिनोद बरनवाल, अनूप कुमार, प्रेम भारती, सुधीर पांडेय, राहुल सिंह, सोएब अख्तर, मनीष वर्णवाल, गौतम कर्ण, विश्वजीत कुंदन, रवि छावड़ा, रीतेश सिंह, रीतेश लोहानी, विजय मोदी, पंकज सिंह, चंद्रशेखर जोशी, मुकेश गोस्वामी, अजय पांडेय समेत काफी संख्या में समाज के विभिन्न तबके के लोग, पत्रकार और उनके मित्र मौजूद थे। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि की गयी साथ ही दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गयी। उपस्थित लोगों ने स्व आलोक सिन्हा के परिजनों के लिए हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया।

## नव शतचंडी महायज्ञ का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलोकरी पंचायत अंतर्गत ग्राम बेहराडीह में 17 मई से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय श्री श्री 108 श्री देवी दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह नव शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने हाथों में भगवा ध्वज तथा गाजे बाजे के साथ जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, गौ माता की जय आदि की जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज, पंडित विष्णु कांत शास्त्री के द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर यज्ञ के मुख्य पुजारी रामचंद्र साव के द्वारा ध्वजारोहण किया। मौके पर आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है साथ ही साथ क्षेत्र का कल्याण होता है। मनुष्य को अपने जीवन में धर्म और कर्म करना जरूरी है, जिससे आपका जीवन शुद्ध बन सके। इस दौरान बेहराडीह के ग्रामीण श्रद्धालुओं ने यज्ञ समाप्त होने तक मांस, मदिरा सेवन नहीं करने का संकल्प लिया। यज्ञ समिति के रामचंद्र साव ने बताया कि 17 मई को यज्ञ के शुभारंभ जल यात्रा के साथ होगा। वहीं 21 मई को पूणार्हुति, भंडारा और प्रतिमा विसर्जन के साथ यज्ञ संपन होगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ प्रतिदिन संध्या 7 बजे से संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया गया है। जिसमें कथावाचिका के रूप में भागलपुर बिहार के मानस की सुश्री संगीता सुमन शामिल होंगी। रामचंद्र साव ने बताया कि मां दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर भूमिदान सीताराम यादव, लक्ष्मण यादव, दीपक यादव, राधेश्याम यादव के सहयोग मिला है। यज्ञ को सफल बनाने में बाजो साव, महेंद्र साव, अर्जुन साव, छत्रु यादव, किशोर साव, भुवनेश्वर साव, डेगलाल साव, सुरेश साव, छोटू साव, ज्योति कुमारी, केसिया देवी, कौशल्या देवी सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ के समीप सोमवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार रामगढ़ की ओर आ रही एक बोलेरो को चरही बाजार टांड़ के समीप ही उसी दिशा से आ रही ट्रेलर ने टक्कर मार दी जिस क्रम में बोलेरो अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति ज्योति कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। बोलेरो का नियंत्रण इतनी बुरी तरह से बिगड़ चुका था कि व्यक्ति की चपेट में लेने के बाद सड़क की दूसरी ओर डिवाइडर पार करते हुए दूसरे गाड़ियों से टकरा गया। हजारीबाग की ओर से आ रही एक फॉर्च्यूनर और स्विफ्ट डिजायर भी इस दुर्घटना का शिकार हुई। पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मृतक मांडू का रहने वाला था और ऑटो चलाता था। वहीं इस दुर्घटना में तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें पुलिस द्वारा हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल भेजा गया है जबकि मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भी हजारीबाग उक्त अस्पताल में भेजा गया। सोमवार को लगने वाले बाजार में लोग नेशनल हाईवे पर गाड़ी को खड़ा कर देते हैं जिससे अक्सर बाजार के दिन स्थान पर जाम की स्थिति और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है हालांकि प्रशासन हमेशा वहां पर सजग रहता है लेकिन कुछ लोगों की इस तरह की लापरवाही के कारण बाजार के दिन वहां पर इस तरह की घटना होने का खतरा बना रहता है।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर बच्चों ने दी भावपूर्ण प्रस्तुति



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली पब्लिक स्कूल के जुनियर विंग ग्रिजली किड्स में मदर्स डे बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरे विद्यालय में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत स्टोरी टेलिंग से हुई, जिसमें छात्र रहमत ने अपनी प्रस्तुतिकरण से सबका ध्यान आकर्षित किया। राइम्स में स्वर्णा और सोनाक्षी ने अपनी खूबसूरत प्रस्तुति दी, जिसमें मातृत्व की भावना को अभिव्यक्त किया गया। स्कीट में निखिल, तन्वी, यश, इशान, वाणी और अराध्या ने उम्दा अभिनय किया। छात्र इशु, अराध्या, हंसिका, सांची, वाणी, शनाया, आयुषी, पविका, तनमय, आरव, ओम और आश्वत ने गाने जनम जनम तेरे साथ मेरी मां... पर डांस का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों के लिए कार्ड मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सुंदर कार्ड बनाकर मां को गिफ्ट किया। प्राचार्या निरजा ने बच्चों को संबोधित करते हुए मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच संचालन की जिम्मेदारी सात्विक और पियुष ने संभाली, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली एंकरिंग से समां बांध दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका अनिता, पूजा, शिक्षिका दिशा, मनीषा, खुशबू, पूनम, दलजीत, सुनिता, जिज्ञासा, शिक्षक फैजान, मुकेश के अलावा प्रशासनिक सदस्य विकास और निखत का विशेष योगदान रहा।

# ब्राउन शुगर के साथ पांच कारोबारी गिरफ्तार

**51,300 रुपये, पिकअप वाहन और हुंडई कार बरामद**

**चतरा के गिद्धौर से ब्राउन शुगर का खेप लेकर हजारीबाग पहुंचे थे खपाने**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने लगभग 52.95 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पांच कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी में दो चतरा जिला जबकि तीन हजारीबाग जिला के रहने वाले हैं। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप सं जेएच 02 एआर 6716 और हुंडई आई 20 से ब्राउन सुगर का खरीद ब्रिकी करने के लिए बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र अंतर्गत इलिजाबैथ स्कूल के पास ग्राउंड में आने वाले है। सूचना पर हजारीबाग के सदर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त स्थान पर पहुंच कर आसपास छुपाव स्थान में उपलब्ध बल को तैनात कर दिया गया। कुछ समय के बाद हुंडई आई ट्वेंटी कार आया और जिसके कुछ समय के बाद पिकअप वाहन आया और दोनों वाहन से 4-5 व्यक्ति आपस में कुछ लेन देन करके जाने लगे, तभी पुर्व से तैनात पुलिस बल के द्वारा उन सभी को खदेड़ कर पकड लिया गया। उनलोगों की तलाशी लेने के क्रम में सभी के पास से अलग-अलग मात्रा में अवैध ब्राउन सुगर और नकद रूपया बरामद किया गया। ब्राउन सुगर को विधिवत जब्त किया गया और इस संबंध में सदर (बड़ा बाजार ओपी) थाना कांड सं-137/25 दिनांक दर्ज कर गिरफ्तार पांचों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**बरामद सामानों की विवरणी:** 52.95 ग्राम ब्राउन सुगर, 03 मोबाईल फोन, 51,300 नगद रुपए, पिकअप वाहन सं जेएच 02 एआर 1667, हुंडई आई ट्वेंटी सं-डीएल 07 सीएम 8593

**गिरफ्तार अभियुक्त:** अंगलेश कुमार, पिता-सुखदेव दांगी ग्राम-गिद्धौर, मैन चौक, संदीप कुमार, पिता-भुनेश्वर दांगी, गिद्धौर, मैन चौक, दोनो थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा, मो रिजवान, पिता-स्व मोईनुद्दीन, ग्राम-बड़ा बाजार, सुभाष मार्ग, इमरान खान उर्फ राजा, पिता-सजरुद्दीन खान, ग्राम-हबीबी नगर, थाना-बड़ा बाजार और शाहील खान उर्फ आलिम, पिता-मो शाहिद खान, ग्राम-रहमत नगर, थाना-पेलावल ओपी, जिला-हजारीबाग शामिल हैं।

**छापामारी दल में :** सदर एसडीपीओ अमित आनंद, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्टू रजक, राजबल्लभ थाना प्रभारी कटकमसांडी, पुअनि सुधिर कुमार सदर बड़ा बाजार ओपी, सआनि उपेन्द्र सिंह बड़ा बाजार ओपी, आरक्षी 526 अजीत कुमार बड़ा बाजार ओपी के अलावा पुलिस बल शामिल थे।

## नव निर्मित भवन का वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजरीबाग।** हजारीबाग में सोमवार को वाणिज्य कर प्रमंडलीय मुख्यालय के नव निर्मित भवन का भव्य उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री ने किया। इस अवसर पर हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, वाणिज्य-कर आयुक्त अमित कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा, यह मेरे लिए अत्यंत सुखद क्षण है कि आज मैं इस नव निर्मित भवन के उद्घाटन अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित हूं। यह दिन और भी खास है क्योंकि आज 12 मई को हम बुध पूर्णिमा भी मना रहे हैं। ऐसे पावन अवसर पर इस भवन का उद्घाटन करना अत्यंत शुभ संकेत है। यह भवन स्थानीय प्रशासन और व्यापारिक समुदाय के लिए बड़ी सुविधा का माध्यम बनेगा। इस भवन की सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हजारीबाग प्रमंडल कर संग्रहण के मामले में पूरे राज्य में अग्रणी रहेगा।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत महतो अहरा के समीप सोमवार की दोपहर को बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट जाने से बोलेरो सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इनमें एक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान लक्ष्मी कुमारी उम्र 12 वर्ष पिता मुरारी सिंह, ग्राम झरकी विशुनपुर, और अनिल कुमार 20 वर्ष, पिता अरुण साव ग्राम गझंडी, कोडरमा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बोलेरो में 10 लोग सवार होकर बरकट्ठा से शादी समारोह से अपने घर झरकी बिशनपुर लौटाने के क्रम में बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इन्हें कोडरमा सदर हॉस्पिटल लाया गया। जहां इलाज करके लक्ष्मी कुमारी को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## मंडा पूजा और मेला 19 मई को



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भक्ति और आस्था का मंडा पर्व संस्कृति और परंपराओं के साथ शिव भक्तों द्वारा दहकते अंगारों पर लंगे पाव चलने के बाद 50 फीट ऊंचे लट्ठा में लोहे कील से पीठ में चुभोकर व बांधकर परिक्रमा करने के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ बड़कागांव प्रखंड के राम जानकी मंदिर में 19 - 20 मई को मंडा मेला का आयोजन किया गया है । मंडापर्व की शुरुआत एक पखवाड़े पूर्व कलश स्थापना के साथ हुई हैं। इस बीच शिव भक्तों द्वारा तपती गर्मी में भी नंगे पांव चलकर घर- घर भिक्षाटन कर रहे हैं। शिव भक्तों द्वारा संस्कृति व परंपराओं के साथ मधुर गीत गाकर गांव समेत पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर रहे हैं। वहीं बड़कागांव गांव में डिज्नीलैंड आयोजित अमरनाथ और माता वैष्णो के दर्शन पंडाल में शिव भक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लोगों को आमंत्रण किया।**

## भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति का जन्मदिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** जिले के नगवां गांव में आनंद मार्गियों द्वारा भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 104वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आनंद मार्गियों ने गांव में शोभा यात्रा भी निकाली गयी, जिसमें सैकड़ों मार्गी महिला पुरुष और बच्चे आनंद मार्ग के स्लोगन और कीर्तन कर उत्साहित दिखे। शोभा यात्रा की शुरुआत नगवां स्थित आनंद पब्लिक स्कूल से हुई। इस अवसर पर आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ मार्गी देवकी दादा द्वारा श्री श्री आनंदमूर्ति जी के समाज के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि बिना गुरू के अध्यात्मिक विकास संभव नहीं है। आनंद मार्ग एक विपल्व है। जब से मनुष्य साधना मार्ग पर चलना प्रारंभ करता है तब से उनका आध्यात्मिक विकास शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने बताया है कि पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सच्ची ईश्वर की पूजा है। यूनिट सचिव सुरेश ने बताया कि आनंद मार्ग की स्थापना 1955 ई में भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी के द्वारा स्थापित एक वैश्विक आध्यात्मिक और सामाजिक सेवा मूलक संगठन आज भारतवर्ष के साथ ही साथ 180 से ज्यादा देशों में लाखों की संख्या में लोगों ने धूमधाम से श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 104वां जन्मदिवस मनाया। वरिष्ठ मार्गी बालेश्वर दादा ने बताया की श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने आध्यात्मिक दर्शन के द्वारा मानव के जन्म जन्मांतर के कसटों से निवारण का उपाय बताये। युवा मार्गी त्रिदेव ने बताया की विश्वभर में आनंद मार्ग के हजारो से अधिक प्राथमिक विद्यालय, उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, शिशु सदन, अस्पताल, नारी कल्याण केंद्र, अमर्ट द्वारा संचालित सैकड़ों राहत सेवा केंद्र और मास्टर यूनिट प्रोजेक्ट-ग्रामीण विकास परियोजनाएं चलायी जा रही हैं। देवाशीष ने बताया कि आज की कराहती मानवता का एक मात्र विकल्प आनंद मार्ग की प्रउत दर्शन है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद मार्ग प्रचारक संघ नगवां से डॉ सुरेश, चिंतामणि साव, कपिल देव महतो, रीना कुमारी शिक्षिका, लालजी प्रसाद, लोकदेव, बजरंगी ठाकुर, रूंपा कुमारी, कविता देवी का योगदान रहा।

## तनिष्क कोडरमा में धूमधाम से मातृत्व दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** तनिष्क कोडरमा स्टोर में मातृत्व दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रुचि रश्मि सीनियर मैनेजर बैंक ऑफ इंडिया और डॉक्टर श्रद्धा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान, तनिष्क ने अपने शुभ विवाह ऑफर के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें ग्राहकों को आकर्षक ज्वेलरी डिजाइन और विशेष ऑफर्स का लाभ उठाने का अवसर मिला। तनिष्क की ज्वेलरी में विभिन्न प्रकार के डिजाइन और शैलियां शामिल हैं, जैसे कि पारंपरिक, आधुनिक और समकालीन। स्थानीय महिलाओं ने रैंप वॉक और मॉडलिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और रांची से प्रियंका जायसवाल, संजना शर्मा, मधुलिका ने मुख्य रूप से भाग लिया। इन महिलाओं ने तनिष्क की सुंदर ज्वेलरी का प्रदर्शन किया और शो स्टॉपर प्रियंका जायसवाल बनीं। इस अवसर पर, तनिष्क कोडरमा की टीम ने मातृत्व दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। तनिष्क महिला सशक्तिकरण का समर्थन करता है और महिलाओं को आत्मविश्वास और गरिमा की भावना प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में, तनिष्क कोडरमा की टीम ने सभी उपस्थित महिलाओं को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने तनिष्क की ज्वेलरी की सराहना की और उनकी गुणवत्ता की प्रशंसा की। तनिष्क कोडरमा की टीम ने महिलाओं के साथ बातचीत की और उनकी प्रतिक्रियाओं को सुना। इस अवसर पर तनिष्क कोडरमा की टीम ने महिलाओं को उनके महत्वपूर्ण दिन पर सम्मानित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम ने महिलाओं को अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। तनिष्क कोडरमा की टीम ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया।

## इचाक में गौतम बुद्ध की जयंती मनी

**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक बाजार में शाक्य बुद्ध अशोक सम्राट फाउंडेशन की ओर से महामानव अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध की जयंती मनायी गयी। जयंती समारोह की अध्यक्षता अजय कुमार यादव ने किया। जयंती समारोह में बोलते हुए फेडरेशन के केंद्रीय संयोजक दिगंबर कुमार मेहता ने कहा की इतने दिनों के बाद भी गौतम बुद्ध राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में प्रासंगिक है। वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति में गौतम बुद्ध के विचारों को मानने लगे हैं। यहां तक की आज संपूर्ण भारतवर्ष और विश्व के अनेक देशों में उनके आदर्शों को याद करने लगे हैं। इस समारोह में मनोज मेहता, कृष्णा कुशवाहा, महावीर प्रसाद मेहता, महादेव मेहता, विजय कुमार, अशोक ठाकुर, उर्मिला देवी, ममता देवी, ललिता देवी, मनीषा कुमारी, कुशल चंद मेहता, बंशी मेहता, नागेश्वर मेहता, कैलाश मेहता, देवेंद्र राम, सुरेश मेहता, मुन्ना मलिक आदि उपस्थित हुए।

## मसकेडीह जंगल में हाथियों ने दी दस्तक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मसकेडीह जंगल में इस वक्त हाथियों की झुंड ने डेरा जमायें हुये हैं। वहीं उप मुखिया अफजल अंसारी ने गांव और क्षेत्र के लोगों से जंगल की ओर ना जाने कि अपील की है। साथ में ग्राम दिगवार की रास्ते से मरकच्चो जाने आने वालों लोगों से भी सावधानी बरतने को कहा है।

## कोडरमा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक ग्राम बृंदा कांग्रेस नेता प्रकाश रजक के आवास पर प्रखंड अध्यक्ष सरवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट सरवन कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया जो सबो ने सर्वसम्मत से पास किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह पर्यवेक्षक रूप में मौजूद नागेश्वर राम ने कहा कि कोडरमा जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर नफरत का बाजार को बंद करना है और मोहब्बत की दुकान खोलना है। प्रदेश सचिव मनोज सहाय उर्फ पिंकू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तानाशाह है। इडी और सीबीआई के सहारे देश चलाना चाहते हैं। देश बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए गांव की ओर जाने की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता प्रकाश रजक ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ संविधान केंद्र की मोदी सरकार धीरे-धीरे कमजोर कर रही है। संविधान भारत देश की आत्मा है। बैठक में कांग्रेस कमिटी कोडरमा प्रखंड का पुर्नगठन कर पर्यवेक्षक के माध्यम से प्रदेश को समर्पित किया गया। बैठक में कुमार रवि, रामेश्वर यादव, पवन कुमार सिंह, सुनील शर्मा, कउम उद्दीन, असगर अली, मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, पारस दास, पवन रजक, रफीक अंसारी, पुष्पा देवी, ललिता देवी, हलीम अंसारी, आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन असगर अली ने किया।

## नर्स केवल रोगियों की नहीं, पूरे समाज की सेवा करती हैं: चिकित्सा प्रभारी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस नसों के द्वारा केक काटकर मनायी गयी। सभी नर्सों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं और खुशियां मनायी, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने सभी नसों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नर्स केवल रोगियों की नहीं, पूरे समाज की सेवा करती हैं, मरीजों की देखभाल करती हैं, बल्कि वे संकट के समय आशा की किरण बनती हैं। उनकी सेवा, धैर्य, और ममता का कोई मोल नहीं। आज का दिन उन्हें उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देने की दिन है। मौके पर कुमारी सोनम, लीलावती कुमारी, गीता कुमारी, रंजु कुमारी, राखी कुमारी सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## बड़कागांव में गौतम बुद्ध की जयंती मनायी गयी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में सोमवार को प्रखंड स्तरीय गौतम बुद्ध की जयंती मनायी गयी। इसकी अध्यक्षता सेवानिवृत प्राचार्य प्रो रामसेवक महतो और संचालन लखेंद्र ठाकुर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन ने किया। समारोह में भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उनके मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो रामसेवक महतो ने जीवन में दुख अनिवार्य है, तृष्णा और इच्छाएं दुख का कारण है, आत्मज्ञान की प्राप्ति ध्यान से होती है औा अहिंसा का पालन करने संबंधित विषय पर चर्चा किया। मनोज गुप्ता ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने जीवन जीने का एक नया उद्देश्य दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि आज दुनिया में जितनी भी घटनाएं घट रही है वह लाभ लालच से घट रही है। भगवान बुद्ध के अंदर कोई लोभ लालच नहीं था। उनके मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर मनोज गुप्ता, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष असेश्वर राम, सचिव रघुनाथ राम, नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, युवा नेता सोनू इराकी, अरविंद कुशवाहा, बृजलाल साव, राकेश कुमार, मिथिलेश कुमार, शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू, उदय मेहता, राजेश कुमार यादव, अमित कुमार, धनु प्रसाद निराला, नागेश्वर शाह, संजय निगम, बिहारी राम, रविदास महासभा के नगर कोषाध्यक्ष नरेंद्र राम, सचिव राजूराम आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 मई, 2025
www.azadsipahi.in
05

## टेलरिंग वर्कशॉप का हुआ समापन



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीवीयूएनएल टाउनशिप स्थित स्कूल परिसर में स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा आयोजित तीन माह की टेलरिंग वर्कशॉप का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 10 महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें सिलाई, कटिंग, मेजरमेंट जैसे विभिन्न टेलरिंग कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को सिलाई मशीनें और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा रीता सिंह ने महिलाओं के सीखे गये कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है, बल्कि इससे उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिससे अधिक से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकें।

## केवीके मांडू में सीएसी की बैठक



मांडू (आजाद सिपाही)। कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ द्वारा 6वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति (सीएसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आईसीएआर पूर्वी क्षेत्र के लिए अनुसंधान परिसर पटना के निदेशक डॉ अनुप दास ने की। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़, डॉ सुधांशु शेखर द्वारा स्वागत और विगत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना की प्रस्तुति से हुई। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ ने वर्ष भर में किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, विविधीकृत खेती, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, और महिला और युवा किसानों के लिए उद्यमिता विकास पर विशेष कार्य किया है। बैठक में प्रमुख वैज्ञानिक डॉ डीवी सिंह (अटारी, पटना), जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला मृदा संरक्षण पदाधिकारी, एलडीएम (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर), जिला उद्यान पदाधिकारी (डीएसओ), केंद्रीय उच्च भूमि धान अनुसंधान केंद्र के प्रमुख, रांची के अनुसंधान संस्थानों से आए वैज्ञानिक और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ अनुप दास ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कृषि विज्ञान केंद्रों को कृषि विकास का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने कृषि में नवाचार, दलहन-तिलहन उत्पादन, जलवायु परिवर्तन के अनुकूल तकनीकों, कृषि प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ की उपलब्धियों की सराहना की और इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक मॉडल केंद्र बताया। अन्य वक्ताओं ने तकनीकी हस्तांतरण, विभागीय समन्वय, किसानों की आय में वृद्धि और कृषि आधारित आजीविका सृजन पर अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित प्रगतिशील किसानों और एफपीओ प्रतिनिधियों ने भी उपयोगी सुझाव दिए। बैठक में डॉ सुधांशु शेखर ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया और कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ किसानों की समस्याओं का समाधान करने हेतु प्रतिबद्ध है। वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से जिले में समृद्ध और आत्मनिर्भर कृषि प्रणाली को बढ़ावा देता रहेगा।

## प्याऊ केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ



टंडवा (आजाद सिपाही)। भीषण गर्मी को देखते हुए संकल्प सेवा फाउंडेशन झारखंड के द्वारा संचालित पियाऊ केंद्र का मिश्रौल में सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास के द्वारा शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के दौरान विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर राहगीरों के लिए शुद्ध ठंडा पेय जल की व्यवस्था किया गया है, फाउंडेशन के द्वारा यह एक मानवीय सार्थक पहल है। संकल्प सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष ईश्वर पांडेय ने कहा कि इस फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का सोंच है कि यदि उसने एक प्यासे को पानी पिला दिया, यदि एक मुरझाए ओठों पर मुकुराहट ला दी, यदि उन कुछ बुझी बुझी आंखों में प्रसन्नता ला दी तो हम सब अपना अहोभाग्य समझते हुए फाउंडेशन के उद्देश्य की पूर्ति को सार्थक समझेंगे। चूंकि अभी भी समाज में एक वर्ग ऐसा है, जिसके पास भूख से कई गुना अधिक भोजन है तो दूसरी ओर कुछ ऐसे भी हैं जिसके पास भोजन से अधिक भूख है, प्यास है। इसलिए यह पियाउ व्यवस्था सभी राहगीरों के लिए प्यास समाप्त करने में, प्यास मिटाने में बहुत ही सार्थक व उपयोगी साबित होगा। यह शीतल पेय जल पूरे गर्मी भर संचालित किया जायेगा। मौके पर विशेष रूप में प्रमोद कुमार सिंह, फाउंडेशन के सचिव प्रो० जय प्रकाश रजक, सुमन भारतीय, धनंजय पांडेय, प्रवेश कुमार पांडेय, अभिनव मिश्रा, नरेश तिवारी, राजू सिंह, संदीप कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## 20 मई की देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर तैयारी जारी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। 20 मई को देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर तैयारी की जा रही है। हड़ताल को सफल बनाने को लेकर मजदूर सड़क पर उतरने को तैयार हैं। इसी क्रम में शहर के कुंवर टोली में दर्जनों मजदूरों ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी 26 हजार रूपये प्रति माह लागू किया जाये। इस अवसर पर सावित्री देवी, फुलेश्वरी देवी, कबुतरी देवी, गुड़िया देवी, मुनिया देवी प्रतिदिन दिहाड़ी मजदूरी करने रामगढ़ शहर आती है और उन्हें सिर्फ 250–से 300 के बीच मजदूरी मिलती है। उसमें भी उन्हें प्रतिदिन काम नहीं मिलता है। यह विडंबना है। यह बात कहते हुए ऐक्टू जिला सचिव ने कहा कि देश पुरी अर्थव्यवस्था इन मजदूर किसानों की गाढ़ी कमाई से चलती है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकार और सुरक्षा छीनने वाली विनाशकारी 4 श्रम कोड को लागू करने वाली मोदी सरकार लगातार कारपोरेट घरानों के इशारे पर काम कर रही है।समान काम का समान वेतन लागू करने और चार लेबर कोड को रद्द करने जेसे 17 सुत्री मांगों पर ऐक्टू सहित देश के तमाम केंद्रीय ट्रेड यूनियनों संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा आगामी 20 मई को देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान करते हुए यहां के दर्जनों मजदूर आम हड़ताल में सड़क पर उतरने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ऐक्टू जिला सचिव अमल घोषाल, राजेन्द्र गंझू, गोबिंद बेदिया, कांति देवी, शनिचरी देवी, सहित दर्जनों मजदूरों की भागीदारी हुई।

# जमीन कारोबारी बंधु यादव को अपराधियों ने मारी गोली

**आरोग्यम हजारीबाग में चल रहा है इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। भूमि कारोबारी बंधु यादव पिता गणपत यादव को अपराधियों ने गोली मारी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल बंधु यादव शहर से सटे बभने गांव का रहने वाला है। वह अपने घर के कुछ दूरी पर स्थित मनोकामना मंदिर में संध्या पूजा कर घर लौटने के लिए जैसे ही अपने बाइक पर बैठा, इसी बीच अपराधियों ने उसे गोली मार दी। युवक के कमर और पेट के नीचे गोली लगी है। युवक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के बभने मुहल्ला में 11 मई के रात्रि की है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बंधु यादव को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। फिलहाल घायल बंधु यादव का हजारीबाग के आरोग्यम नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। सदर थाना की पुलिस ने अपराधियों की धर-पकड़ के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है। कुछ लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## तालाब में डूबने से चार वर्षीय बच्चे की मौत

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के डाढ़ा गांव स्थित धनसीर तालाब में डूबने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। मृतक हर्षित तिर्की पिता अनिल तिर्की गिद्धौर थाना क्षेत्र के सिंदूरवे गांव का रहने वाला था। वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी नानी के घर डाढ़ा गांव आया था। गांव के बगल में स्थित तालाब में वह नहाने गया हुआ था। इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया। बच्चे के तालाब में डुबने की जानकारी होने के बाद परिजनों ने उसे तालाब से बाहर निकाला और तत्काल सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में शादी की खुशी के मौके पर गम पसरा हुआ है।

# पत्रकार अनिल विश्वकर्मा के पिता महेश विश्वकर्मा का निधन

**अंतिम संस्कार में कई पत्रकार और समाज के लोग हुए शामिल, दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। रांची प्रकाशित अखबार के रामगढ़ जिला प्रभारी अनिल विश्वकर्मा के पिता महेश विश्वकर्मा (68 वर्ष) का रविवार देर रात हृदयगति रुक जाने के कारण निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात महेश विश्वकर्मा की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को गांधी घाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र पप्पू विश्वकर्मा ने दी। रामगढ़ के लोहार टोला निवासी स्व. महेश विश्वकर्मा अपने पीछे दो पुत्र पप्पू विश्वकर्मा और अनिल विश्वकर्मा और दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

**लोहार टोला से निकली शव यात्रा:** दिवंगत महेश विश्वकर्मा के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके लोहार टोला स्थित आवास पर रखा गया था। जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से शव यात्रा निकाली गयी, जो मुक्तिधाम पहुंची। वहां दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

**राजनीतिक और सामाजिक जगत ने जताया शोक:** उनके निधन की सूचना मिलते ही रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार और समाज के लोग उनके आवास पहुंचे और शोक-संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिवार के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति प्रकट की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**प्रेस क्लब और समाज के कई लोग रहे मौजूद:** महेश विश्वकर्मा के अंतिम संस्कार में प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू, सचिव धनेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बर्मन, अशोक मेहता, तरुण बागी, सुरेंद्र सिंह भाटिया, धर्मेंद्र पटेल, मुकेश सिंह, शंकर देवघरिया, देवांशु शेखर मिश्र, मोतीउल्लाह, आरएस मुन्ना, मिथिलेश रविदास, राजेश राय, सन्नी सिन्हा, आशीष सिंह, अंकित कुमार, सत्यप्रकाश, करमजीत सिंह जग्गी, आकाश शर्मा, मो. अयुब, भाजपा नेता सरदार अनमोल सिंह, धनंजय पुटुश, विजय जायसवाल, संदीप शर्मा, रितिक सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## बच्चों ने तंबाकू निषेध के लिए लोगों को किया जागरूक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा रामगढ़ ने थाना चौक में बच्चों की नुक्कड़ नाटक द्वारा तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाया। बच्चों ने नाटक और पोस्टर के माध्यम से बताया तंबाकू कैंसर को दावत देती है। यह अभियान लोगों को तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरुक करने और इसे छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाया गया। इस नाटक की संयोजिका नेहा पूरन अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, स्नेहा जैन ने बच्चों के माध्यम से बहुत ही प्रभावी तरीके से तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरुक किया, बच्चों में भी इस नाटक के प्रति काफी उत्साह दिखा। शाखा अध्यक्षा नीति बेरलिया ने कहा कि नाटक के जरिए युवाओं को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करना एक शानदार तरीका है। नाटक में शगुन, रेयांश, नीतिक, गीतिका, वत्सल, अवीशा, आरव, अनौखी, वान्या, नव, अमाया, भवित, अनवी आदि बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## छह बच्चियों का कस्तूरबा में कराया गया नामांकन

प्रतापपुर/ चतरा(आजाद सिपाही)। प्रखंड में बैगा-बिरहोर जनजाति परिवार की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कस्तुरबा बालिका विद्यालय की वार्डेन सरिता कुमारी ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया और उनकी बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम के तहत रामपुर स्थित बैगा टोली और बामी गांव से छह बच्चियों का नामांकन कस्तुरबा बालिका विद्यालय में किया गया। वार्डेन सरिता कुमारी ने बताया कि बैगा-बिरहोर जनजाति परिवार की बेटियों का विकास शिक्षा से ही संभव है और उन्हें लगातार शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्य में वार्डेन सरिता कुमारी को विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार पासवान का सहयोग मिल रहा है। आगे भी और बच्चियों का नामांकन कराने पर बल दिया जा रहा है।

# बिजली तार की चपेट में आने से कर्मी की मौत, मुआवजा को लेकर हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



कुजू। राधा कास्टिंग फैक्ट्री, पैंकी में कार्यरत दिगवार निवासी मजदूर अंकित कुमार (23 वर्ष) की मौत विद्युत स्पर्शघात होने से हो गयी। घटना की सूचना के बाद परिजनों ने मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर जमकर बबाल काटा। जानकारी के अनुसार, मजदूर अंकित कुमार रात्रि पाली में ड्यूटी पर तैनात था। इस बीच सोमवार की सुबह सात बजे अपने सहकर्मियों संग पानी की सप्लाई में हो रही दिक्कतों के बाद दामोदर नदी गया था। जहां पर अंकित ढलान में स्लीप कर विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। प्रबंधन ने आनन फानन इलाज हेतु अंकित को रांची रोड स्थित पॉलीडॉग अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर परिजन समेत अन्य ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। जहां पर प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा लिया। जिसके बाद प्रबंधन ने मृतक के अंतिम संस्कार के लिए एक लाख और परिजनों को भरन पोषण को लेकर 17 लाख रुपये का चेक दिए जाने के साथ अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा गया। वहीं, दिगवार स्थित सांडी नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## ओरला में धूमधाम से मनाया गया मंडा महापर्व

# अंगारों पर चलकर भक्तों ने दिया आस्था का परिचय

**मंडा पर्व झारखंड की संस्कृति से जुड़ा है खास पर्व : निर्मल महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता





कुजू। ओरला स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को शिव आस्था का महापर्व मंडा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान 50 भोक्ताओं को पंडित हीरालाल, पाहन गोपाल मुंडा, हरिहर मुंडा, खीरु बेदिया, विमल नायक द्वारा लोटन सेवा कराया गया। साथ ही, स्थानीय तालाब में स्नान कर नये वस्त्र धारण कर विधिवत भगवान शिव की पूजा अर्चना कराया। बाद में नन्हें बच्चों समेत युवाओं ने दहकते अंगारों पर चलकर व अपने पीठ पर कील चुभोकर बनस झूला झूल कर शिव भक्ति का अद्भुत परिचय दिया। इससे पूर्व, रात्रि में छऊ नृत्य व मेले का विधिवत उद्घाटन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो, विशिष्ट अतिथि सीसीएल तोपा लोकल सेल अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, जिप सदस्य दयामंती देवी, मुखिया गुड़िया देवी, पंसस गुड़िया देवी शामिल रहे। इस दौरान अतिथियों ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर मेले व छऊ नृत्य का उद्घाटन किया। वहीं, मंडा समिति अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू की अगुवाई में समिति ने आगत अतिथियों का अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक निर्मल महतो ने कहा कि मंडा पर्व झारखंड की संस्कृति से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस पर्व में, भक्त भगवान शिव की आराधना करते हैं। साथ ही, दहकते अंगारों पर चलकर अपनी आस्था का परिचय देते है। यह पर्व भक्तों की अटूट आस्था और भक्ति का प्रदर्शन है। बाद में पुरूलिया के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज छउ नृत्य व नाटक का मंचन कर लोगों को हतप्रभ कर दिया। इस अवसर पर मंडा पूजा समिति अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष कैलाश करमाली, सचिव हरिशंकर प्रसाद, सहसचिव मंगू मांझी, कोषाध्यक्ष उमेश करमाली, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र मुंडा, संरक्षक पूर्व मुखिया निर्मल करमाली, अखिलेश महतो, राजू प्रसाद, शशि नायक, रामभजन लाल महतो, विजय पासवान, विवेक गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, नंदलाल मुंडा, विकास पूर्वे, राजकुमार तूरी, नागेश्वर करमाली, मनोज सोरेन, राजू नायक, गोपाल राम, जलेश करमाली, कालेश्वर नायक, सारथी मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, नंदू मुंडा, दिलीप बेदिया, विक्की प्रसाद, अनुज लाल धान, उमेश महतो, दिलीप महतो, अनिल मांझी, वासुदेव मांझी ,दिलीप रवानी, विकास भुइयां, जगदीश नायक समेत सैकड़ों धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी-बच्चा घायल


चतरा (आजाद सिपाही)। इटखोरी थाना क्षेत्र के ग्राम पितीज चौराहा के समीप एक बाइक सवार के पेड़ से टकरा जाने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि इस घटना में मृतक की पत्नी व बच्चे भी घायल हो गये हैं। मृतक राजपुर का रहने वाला रंजीत साव पिता ज्ञानी साव है। मृतक एक शादी समारोह में शरीक होकर अपनी पत्नी और बच्चे को मोटरसाइकिल से लेकर अपने घर राजपुर जा रहा था। मृतक राजपुर में मोबाइल की दूकान चलाता था। घटना की जानकारी मिलते ही इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला और बच्चे को इलाज के लिए इटखोरी अस्पताल भेज दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ सुमित जायसवाल ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया।

## महात्मा बुद्ध की जयंती मनायी गयी



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जयंती प्रमुख शैलेंद्र कुमार सिंह और नागेश्वर साव ने महात्मा बुद्ध के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्र–छात्राओं ने भी भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित कई रोचक घटनाओं को प्रस्तुत किया। भगवान बुद्ध के आदर्शों और उनके द्वारा दिये गये संदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय के आचार्य राजीव कुमार दास ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश हमें शांति, करुणा और सहिष्णुता की शिक्षा देते हैं। उन्होंने बच्चों को भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन भगवान बुद्ध के जयकारों के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के भईया बहन और आचार्यों ने भगवान बुद्ध के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में दयाशंकर तिवारी, जयदेव पंडित के अलावा सभी आचार्य उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में भी नहीं मिल पा रही है ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ



लावालौंग/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों में सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना तहत लगायी गयी जलमीनार सिर्फ शोभा के वस्तु बनी हुई है। इस भीसन गर्मी में जल स्तर घट रही है वही कुआ तालाब सूख रहा है पेयजल की समस्या और बिकराल होते जा रहा है। तो दूसरी तरफ नलजल योजना के तहत लगायी गयी जलमनार को दो वर्ष से अधिक हो चुका है लेकिन ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह पूरी मामला हेडुम पंचायत से है जहां के कुछ ग्रामीणों ने बताया है कि गर्मी की मौसम आते ही गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। शुद्ध पेयजल लेने के लिए लोग गांव के बाहर लगभग एक किलोमीटर का सफर करना पड़ता है उसके बाद पानी उपलब्ध हो पता है। वहीं सरकार द्वारा लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने को लेकर गांव गांव जलमीनार लगाया गया ताकि सभी लोगों को घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। लेकिन सरकार के यह योजना विभागीय उदासीनता के कारण सिर्फ शोभा के वस्तु बन कर रह गया है। हेडुम पंचायत के पोटम जलमिनर लगया तो गया है लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी चालू नहीं किया गया है जिससे लोगों के सामने पेयजल की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने ठेकेदार द्वारा बात करने की कोशिश भी की है लेकिन संवेदक उल्टा ग्रामीणों से ही बिगड़े बोल बात करता है। एस डी ओ से बात किया है ग्रामीण लेकिन कोई भी करवाई नहीं की जा रही है। जल जीवन मिशन के अधिकारियों से पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की गुहार लगायी है। ताकि भीषण गर्मी में लोगों पेय जल उपलब्ध हो सके।

## अनियंत्रित हाइवा से वृद्ध की मौत के बाद पुलिस ने चालक को भेजा जेल

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के भीमडाहा गांव में शनिवार को देर रात्रि अनियंत्रित हाइवा ने सड़क किनारे बैठे तीन लोगों को रौंद दिया था। हादसे में एक वृद्ध की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी थी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बेकाबू हाईवा के आरोपी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया है। चालक संजय पासवान के पुत्र पवन कुमार बिहार के गया जिला के परैया थाना क्षेत्र के इटावा गांव का रहने वाला था। घटना इतना दर्दनाक था कि तेज गति से आ रही हाईवा अनियंत्रित होकर घर के पास बैठे तीन लोगों को कुचलते हुए सड़क एक मारुति वैन से टक्कर मार सीधे मकान से जा टकरायी थी। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर को घर के एक कमरा में बंद कर दिया था। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की चुंगल से छुड़ाकर चालक को गिरफ्त में ले थाना ले आए थी। आज सोमवार को पुलिस ने चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## अनियंत्रित बोलेरो ने पेड़ में मारी टक्कर

लावालौंग/ चतरा(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लमटा बगरा मुख्य सड़क पर अनियंत्रित बोलेरो नें पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार लगभग आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गये। प्राप्त सूचना के अनुसार कटिया पंचायत स्थित ठाकुरडीह गांव निवासी सत्येंद्र राम के परिजन पूजा करने के लिए बोलेरो गाड़ी से चंदवा स्थित नगर भवानी मंदिर जा रहे थे। इसी बीच लमटा पंचायत मुख्यालय से लगभग एक किलोमीटर दूर पहुंचने पर चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया, और बोलेरो एक विशाल पेड़ से जा टकराया। इस दुर्घटना में सत्येंद्र राम की बेटी समेत अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गये। बोलेरो चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक सभी घायलों का इलाज बगरा स्थित पारस अस्पताल में कराया जा रहा था। इस विषय के संबंध में सत्येंद्र राम के पुत्र अनुराग से पूछे जाने पर उसने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। साथ ही पत्रकारों और मुखिया के साथ भी अनुशासनहीन और अभद्र लफ्जों का प्रयोग करते हुए फोन काट दिया।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 15264 दिनांक 08.05.2025 मैं, बसंती भगत (Basanti Bhagat), पति बिहारी भगत (Bihari Bhagat) स्थाई निवासी ग्राम- बेजवाली. पोस्ट- भट्ठखिजरी, थाना लोहरदगा जिला लोहरदगा (झारखण्ड), वर्तमान पता ग्राम- नदिया हरमू रोड़, पोस्ट- हरमू, थाना वो जिला-लोहरदगा एतद् द्वारा शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा आधार संख्या 4915 2341 7695 है, जिसमें मेरा नाम बसंती भगत (Basanti Bhagat), पति बिहारी भगत (Bihari Bhagat) दर्ज है, जो सही है। 3. यह कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा मेन ब्रांच बड़ा तलाब, लोहरदगा में मेरा ज्वाइण्ट खाता सं0- 11381342212 है जिसमें मेरा नाम बसंती भगत (Basanti Bhagat), पति बिहारी भगत (Bihari Bhagat) दर्ज है।
4. यह कि मेरा पैन कार्ड सं0- BOPPD5385B है जिसमें मेरा नाम भूलवश BASANTI DEVI, W/O BIHARI BHAGAT दर्ज है।
5. यह कि मेरा पैन कार्ड सुधार कर नया पैन कार्ड सं0- ECBPB7478A बना है जिसमें मेरा नाम BASANTI BHAGAT, D/O SANTOSH ORAON दर्ज है।
6. यह कि BASANTI DEVI एवं BASANTI BHAGAT दोनों नाम मेरा है और मैं एक ही महिला हूँ और मैं इन दोनों नामों से जानी जाती हूँ इस निमित यह शपथ-पत्र सम्पादित कर रही हूँ। 7. यह कि उपरोक्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने पर इसकी जवाबदेही मेरी होगी।

# भारत की जीत

युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। फिर भी, समझौते तक भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये काफी कुछ हासिल किया, जिनमें से ये सात बातें काफी मायने रखती हैं।

**पहली,** बात यह कि भारत ने बदला तो उरी और पुलवामा का भी लिया था, लेकिन इस बार स्ट्राइक ज्यादा तीव्र और घातक रही। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 140 आतंकवादी मारे गये।

**दूसरी,** भारत-पाकिस्तान मामले में यह डर हमेशा से रहता है कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं और इनके बीच का टकराव परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान ने इस नैरेटिव को दुनिया में खूब बेचा और फायदा भी उठाया। लेकिन, पिछले एक दशक में इसमें बदलाव आया है। अब भारत एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने से भी नहीं हिचकता। इस बार सौ किमी अंदर तक घुस कर उसने एक नया ट्रेंड सेट किया।

**तीसरी,** भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। यह बात इसलिए अहम है, क्योंकि 1971 और कारगिल वॉर के दौरान भी संधि जारी रही थी। पिछले कुछ साल से भारत इस संधि को रिव्यू करने की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पड़ोसी देश पर बड़ी कूटनीतिक बढ़त हासिल की है।

**भारत ने मॉडर्न वॉरफेयर की अपनी क्षमता साबित की। यह भी दिखाया कि उसका डिफेंस सिस्टम कितना मजबूत है। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर उसने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को बखूबी नाकाम किया।**

**चौथी,** अभी तक भारत की कोशिश यह भी होती थी कि पाकिस्तान को सबूत सौंपकर रास्ते पर लाने की कोशिश की जाये, उस पर इंटरनेशनल कम्युनिटी का प्रेशर बनाया जाये। नयी दिल्ली ने प्रेशर तो बनाया, लेकिन साथ में खुद एक्शन लेकर बताया कि उसके पास और भी विकल्प हैं।

**पांचवीं,** अब से हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जायेगा और यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। पाकिस्तान को इसके बाद अपने यहां के आतंकवादियों को कंट्रोल करना पड़ेगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो भारत ने संकेत दिया है कि वह आगे भी पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा।

**छठी,** भारत ने मॉडर्न वॉरफेयर की अपनी क्षमता साबित की। यह भी दिखाया कि उसका डिफेंस सिस्टम कितना मजबूत है। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर उसने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को बखूबी नाकाम किया।

**सातवीं,** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आर्मी और चुनी हुई सरकार का अंतर्विरोध भी सामने आ गया। राजनीतिक नेतृत्व से बात नहीं बनी तो अमेरिका ने समझौते का प्रेशर डालने के लिए पाकिस्तान आर्मी चीफ से बात की।


---

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**उत्कृष्टता की ओर आरोहण करने में अज्ञेय का साहित्य सर्वोपरि है। वह मनोवैज्ञानिक की भांति मानवीय चेतना के उदात्त भावों को उजागर करते हैं। व्यक्ति के चित्त पर चोट करते हैं और चिंतन को एक नये क्षितिज की ओर ले जाते हैं। उनका उपन्यास नदी के द्वीप हिंदी साहित्य के कुछेक बेहतरीन बौद्धिक दर्शन पर आधारित किताब है, जिसमें उन्होंने व्यक्ति के विकसित आत्म को निरुपित करने की सफल कोशिश की है।**

# हर एक व्यक्ति नदी का एक द्वीप है!

**हर** व्यक्ति एक संपूर्ण इकाई है। हर कोई जीवन का अंतिम दर्शन अपने जीवन से पाता है। वह किसी के सीख से सबक नहीं लेता है, बल्कि वह सीखता है- उन वेदनाओं में जो मांजती है, पीड़ा जो व्यस्क बनाती है और धीरे-धीरे एक मुक्कमल आदमी बना देती है। समाज का अंग होते हुए भी हम उसी समाज की तीव्रगामी धाराओं, भंवरों और तरंगो के बीच अपने भीतर एक द्वीप की तरह लगातार बनते, बिगड़ते और फिर बनते रहते है। इस तरह हर व्यक्ति नदी के एक द्वीप की तरह है। जहां जीवन कभी-कभी तो सुंदर और खुशियों से भरा होता है, लेकिन उसकी सुंदरता ज्यादा समय तक नहीं रह पाती। हर समय उस द्वीप को खतरा बना रहता है, डूबने का। हम सबका जीवन भी ज्ञान, विचार, सीख और शब्दों की नदी में प्रवाहित होता रहता है। कब इस द्वीप का किनारा टूट जाये, पता नहीं होता है। ऐसे में जीवन खुद निरंतर बहते रहना है और उस बहाव के साथ खुद को जोड़ कर बस आनंद में रहना है।




उत्कृष्टता की ओर आरोहण करने में अज्ञेय का साहित्य सर्वोपरि है। वह मनोवैज्ञानिक की भांति मानवीय चेतना के उदात्त भावों को उजागर करते हैं। व्यक्ति के चित्त पर चोट करते हैं और चिंतन को एक नये क्षितिज की ओर ले जाते हैं। उनका उपन्यास नदी के द्वीप हिंदी साहित्य के कुछेक बेहतरीन बौद्धिक दर्शन पर आधारित किताब है, जिसमें उन्होंने व्यक्ति के विकसित आत्म को निरुपित करने की सफल कोशिश की है। उनके उपन्यास शेखर एक जीवनी की संरचना और शिल्प विकासीशील व्यक्ति और उसकी व्यवस्थाओं के इर्द गिर्द रहीं, जबकि नदी के द्वीप का शिल्प आंतरिक रूप से विकसित व्यक्तियों के इर्द-गिर्द बुनी गयी है। समाज के जिस अल्पसंख्यक हिस्से से इस उपन्यास के पात्रों का संबंध है, वह अपनी संवेदना की गहराई के चलते आज भी समाज की मुख्यधारा में नहीं है! नदी के द्वीप के चारों पत्र मानव-अनुभूति के उस संवेदना-प्रवण वर्ग की ईमानदार अभिव्यक्ति करते हैं! इसके सामाजिक संसार के संबंध में खुद अज्ञेय कहते है कि-दर्द से मंजकर व्यक्तित्व का स्वतंत्र विकास, ऐसी स्वतंत्रता की उद्भावना जो दूसरे को भी स्वतंत्र करती हो!

**अज्ञेय के इस उपन्यास को पढ़ते हुए विश्व विख्यात उपन्यासकार फ्योदोर दोस्तोवास्की के उपन्यास ब्रदर्स कामोझीव का स्मरण हो आया।**

हिंदी साहित्य में कुछेक रचनाएं कालजयी और विश्व के उत्कृष्ट सृजन में स्थान रखते हैं, उनमें यह उपन्यास! नदी के द्वीप निश्चित रहेगा। इसे चार प्रमुख किरदारों भुवन, गौरा, रेखा और चंद्रमाधव के जीवन को केंद्र पर रख कर लिखा गया है। यह एक प्रेम कहानी है, जहां रेखा और गौरा भुवन से प्यार करते हैं और उसके जीवनशैली से बहुत हद तक प्रभावित होते हैं। दोनों ही के जीवन में उसका आगमन बहुत अलग तरह से होता है। रेखा से उसकी मुलाकात उसके मित्र चन्द्रमाधव के माध्यम से होती है, जो मूलतः एक पत्रकार होता है और साहित्य जगत से जुड़ा होता है। वहीं भुवन कॉस्मिक रश्मियों पर शोध करने वाला देश का उभरता हुआ एक वैज्ञानिक होता है। गौरा से उसका पुराना परिचय रहता है। भुवन एक मास्टर के रूप में बचपन से उसे हिडिंबा के नाम से चिढ़ाया करता है तथा जीवन के मुश्किल क्षणों में उसका मार्गदर्शन करता रहता है। चंद्रमाधव स्वभाव से कुटिल होता है और रेखा से प्रेम कर बैठता है, परंतु रेखा को भुवन की और आकर्षित होते देख उसके सीने पर सांप लौटने लगते हैं और वो खुद को महान बताने के प्रयास में जो भी कदम उठाता है, वो सब पैतरे उसपर ही भारी पड़ते हैं।

अज्ञेय के इस उपन्यास को पढ़ते हुए विश्व विख्यात उपन्यासकार फ्योदोर दोस्तोवास्की के उपन्यास ब्रदर्स कामोझीव का स्मरण हो आया। इसमें भी चार पात्रों के इर्द गिर्द कथाएं घूमती हैं। दोस्तोवास्की चार भाइयों की अंतर्कथाओं के माध्यम से बेइंतहा प्यार, कत्ल और आध्यात्मिक खोज की यात्रा कराते हैं। यहां अर्थपूर्ण है कि खुद दोस्तोवास्की अपना नाम फ्योदोर कमोझीव और उसके चार पुत्र को देते है। इसमें सबसे छोटा उपन्यास का नायक है। मनुष्य और उसकी समस्याओं के प्रति उनकी अंतदृष्टि किसी मनोचिकित्सक से बेहतरीन है। अज्ञेय भी अपने उपन्यास में एक लेखक से ज्यादा मनोवैज्ञानिक के रूप में समसामयिक एवं भविष्य का मानसचिंतन करते हैं। ब्रदर्स कामोझीव में एक पात्र कहता है कि यदि ईश्वर होगा, तो मैं अपना टिकट वापस कर दूंगा। तुने मुझसे पूछे बैगर मुझे इस धरती पर क्यों भेजा? इसी प्रकार अज्ञेय के उपन्यास में चित्त के उलझन और ज्ञान की पहेलियों के कई छोटे-छोटे द्वीप हैं। उस प्रवाह से घिरे हुए भी, उससे कटे हुए भी। भूमि से बंधे और स्थिर भी, पर प्रवाह में सर्वदा असहाय भी...। एक पात्र एक जगह कहता है कि तुमने एक ही बार वेदना में मुझे जना था, मां। पर मैं बार बार अपने को जनता हूं, और मरता हूं। पुनः जनता हूं और पुनः मरता हूं और फिर जनता हूँ, क्योंकि वेदना में मैं अपनी ही मां हूं। मानवीय संबंधों के उलझे जाल को प्रकट करने के लिए फ्योदोर दोस्तोवास्की को 936 पन्नें खर्च करने पड़े, जबकि अज्ञेय को 310 पन्नों में उकेरना पड़ा। क्या अज्ञेय के इस उपन्यास पर फ्योदोर दोस्तोवास्की के उपन्यास का प्रभाव था? कहना कठिन है, लेकिन दो उपन्यास कालजयी है।

अज्ञेय की दृष्टि तत्कालीन घटनाओं से ज्यादा व्यक्ति की आंतरिक चिंतन धारा और मानसिक उथल-पुथल पर अधिक होती है। वह खोजते है कि आदमी अपने अंदर से एक सदी में भी कहां बदला है? अज्ञेय से लगाव इसलिए है, क्योंकि वह घटनाओं के बारे में उतना नहीं लिखते। वह अंतर मन के बारे में लिखते हैं। वह कहते है कि आनंद अनुभूति में नहीं है, किसी भी अनुभूति में नहीं, आनंद मन की एक प्रवृत्ति है, जो सभी अनुभूतियों के बीच बनी रह सकती है। जब भुवन रेखा के सामने शादी का प्रस्ताव रखता है, तो वो बेबाक होकर अपनी राय रखती है और बोलती है कि यह घटना परिमामस्वारूप हुई है ना कि कारणस्वरूप अगर आप मेरे साथ रात ना गुजारते तो शायद आप ये मांग ना रखते। मुझे आपसे बस प्रेम चाहिए। इस उपन्यास में कोई केंद्रीय पात्र नहीं है, बल्कि नदी के द्वीप में चारों किरदारों की भूमिका, उनका जीवन चरित्र परिस्थितियों के अनुकूल किया गया है। किसी एक को प्रधान मान कर उसे महान बताने की चेष्ठा नहीं की गयी है और पाठकों को ये सुविधा दी गयी है कि वो हर किरदार का अपने विवेक के अनुरूप आँकलन कर सकें। इस कहानी के संवाद बहुत गहरे, जटिल और सभ्य तरीके से पेश किये गये हैं। कुछ संवाद भावविभोर कर रख देते हैं, तो कुछ संवाद दर्शन की गूढ़ विचार है।

अपने इस उपन्यास के माध्यम से अज्ञेय ने प्रेम कहानी की धारा को बदल दिया। प्रेम कहानी के साथ साथ सामाजिक मुद्दे और मनोवैज्ञानिक स्तर पर ये उपन्यास बहुत अहम सवाल खड़ा करता है और सोचने पर विवश करता है। एक जगह वर्णन है कि-असल में सब सिद्धांत क्षतिपूरक होते हैं। आप जो हैं, जैसे हैं, उससे ठीक उल्टा सिद्धांत गढ़ कर उसका प्रचार करते फिरते हैं। इससे एक तो हम अपने लिए एक संतुलन स्थापित कर लेते हैं, दूसरे औरों को गलत लीक पर डाल देते हैं, ताकि खुद को ठीक-ठीक कोई पकड़ न पा सके। यह जीवन की सच्चाई है, जिसे मानते सभी हैं, लेकिन स्वीकार कोई बिरला ही कर पाता है। रेखा और भुवन दोनों ही इसके सशक्त उदाहरण हैं, जो लोगों को अपने मन में चल रही बातों से अवगत कराना पसंद नहीं करते हैं और हर बार एक नयी थ्योरी को जन्म देकर लोगों को मन के भीतर झांकने वाले द्वार से भटकाते रहते हैं। रेखा को हम गुनाओं का देवता के पम्मी से भी जोड़ कर देख सकते हैं और दोनों किरदारों की समानता और विचार सशक्त नारी का एक बेजोड़ नमूना दिखा जायेंगे। रेखा शुरू से अंत तक किस्मत की मारी स्त्री तो है किंतु टूटी हुई और दुर्लभ स्त्री नहीं है। वह बताती है कि प्रेम ऐसी भावना है कि जिस पर हर एक का निजी अधिकार और अनुभव होता है। अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है प्रेम। आदर्शों को परे धकेलते हुए। जीवन प्रेम में होने का पर्याय है। फिर प्रेम देह से हो या देह की स्मृति से।

इस किताब के बारे में दार्शनिक ओशो ने कहा कि यह उपन्यास उन लोगों के लिए है, जो ध्यान करना चाहते हैं। यह ध्यानी का उपन्यास है। टॉल्स्टॉय या चेखक द्वारा लिखे गये किसी भी अन्य उपन्यास की तुलना इससे नहीं की जात सकती है। इसलिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह हिंदी में लिखा गया है। ओशो का कहना तब सही लगता है, जब इस किताब को पढ़ते हुए हम मानवीय अभिव्यक्ति की दिव्य ऊंचाई पर पहुंच जाते हैं, जब एक बार भुवन रूकते हैं और अपनी प्रेमिका के शरीर को अपनी बांहों में लेने के उस सबसे प्रतीक्षित क्षण से ठीक पहले ये शब्द कहते हैं- चलो ऐसा न करें... चलो अछूते की सुंदरता को वैसे ही रहने दें और इसे खराब न करें। इस किताब का नाम नदी के द्वीप बहुत समीचीन प्रतीत होता है। पात्र एक दूसरे को देखते हैं, बात करते हैं, लेकिन कभी मिलते नहीं है। इससे उनके बीच के दिव्य प्रेम अक्षुण्ण रहती है।

**(नोट: यह आलेख साहित्यकार अज्ञेय के उपन्यास नदी के द्वीप पर आधारित है।)**

---

## कोल्हान की खबरें

### पं. रघुनाथ मुर्मू की जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का आयोजन

# ओल चिकी संथाल समाज की पहचान, संरक्षण और प्रचार-प्रसार बेहद जरूरी : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भगाबंदी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में माझी परगना महाल डुमरिया तोरोफ एवं नयी जिंदगी जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में ओल चिकी लिपि के जनक पं रघुनाथ मुर्मू की जन्म शताब्दी के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों महिला व पुरुष के द्वारा विधायक संजीव सरदार का पारंपरिक रीति रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री सरदार ने पं रघुनाथ मुर्मू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने कहा पं मुर्मू द्वारा सृजित ओल चिकी लिपि संथाल समाज को भाषा, संस्कृति और अस्मिता की नई पहचान दी है। इसका संरक्षण और प्रचार-प्रसार बेहद जरूरी है।श्री सरदार ने कहा राज्य सरकार क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने हेतु जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने जा रही है। विधायक ने कहा कि घाटशिला के हेंदलजुड़ी में पं रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। 77 बार रक्तदान कर चुके प्रसिद्ध 'ट्राइबल ब्लड मैन' राजेश मार्डी ने भी शिविर में भाग लिया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। विधायक श्री सरदार ने शिविर में रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनकी सराहना की।मौके पर सापारोम बुरु ड्रामा समिति कोलाबाड़िया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर विधायक संजीव सरदार के द्वारा सिंगराई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की गयी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निलेश कुमार मुर्मू, थाना प्रभारी सुगना मुंडा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, सचिव जयपाल सिंह मुर्मू, बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के, घाट परगना लखन मार्डी, उदय मुर्मू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# जनता दल यूनाइटेड झारखंड प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप रांची के बीआईटी मोड़ में जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कार्यालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। प्रदेश कार्यालय उद्घाटन के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। सोमवार को उद्घाटन समारोह में विधायक सरयू राय ने संगठनात्मक मजबूती की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को बधाई दी। उन्होंने कहा प्रदेश अध्यक्ष जिलों के प्रवास के दौरान कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से मिलते रहते हैं। संगठनात्मक गतिविधियों में भी पूरी सक्रियता के साथ योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरयू राय ने देश की आंतरिक एवं सामरिक सुरक्षा का उल्लेख करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सैन्य शक्ति और वैश्विक सम्मान दोनों में उल्लेखनीय प्रगति की। अतिवाद के विरुद्ध सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए, लेकिन सामान्य जनमानस को इससे नहीं जोड़ा जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता यदि ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करे तो संगठन निश्चित रूप से राज्य में मजबूत होगा। अब सभी को अपने जिलों में प्रवास कर संगठन को प्रखंड स्तर तक मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा प्रदेश और जिला स्तर पर जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा बनायी जानी चाहिए ताकि जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित संवाद एवं संगठनात्मक समन्वय बनाये रखने का आह्वान किया।



# गोपाल यादव के खिलाफ मानगो थाना में जदयू और भाजपा कार्यकर्ताओं ने दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि संतोष भगत,स्वास्थ्य प्रतिनिधि नीरज सिंह ने मानगो थाना में जवाहरनगर रोड नं 15, सहारा सिटी निवासी गोपाल यादव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में लिखित शिकायत की। शिकायत में बताया विधायक सरयू राय के निर्देश पर क्षेत्र निरीक्षण के दौरान गोपाल यादव और उसके सहयोगियों द्वारा उन्हें गाली-गलौज, मारपीट और लूटपाट का शिकार बनाया गया। बताया गया विधायक प्रतिनिधि नीरज सिंह, संतोष भगत और अमित शर्मा क्षेत्र में सोलर एलइडी लाइट के लिए निरीक्षण कर रहे थे। उसी दौरान गोपाल यादव ने अपनी नीले रंग की ब्रेजा कार रोककर अपशब्द कहते हुए तीन अन्य लोग के साथ लाठी-डंडों से हमला करते हुए नीरज सिंह के गले से सोने का चेन और जेब से 15 हजार नगद लूट लिया। उन्होंने खुद को कांग्रेस से जुड़ा बताया। आरोपियों ने जाते-जाते धमकी भी दी यदि मामला थाना में गया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। संतोष भगत ने बताया गोपाल यादव लगातार विधायक सरयू राय के खिलाफ आपत्तिजनक और अश्लील भाषा का प्रयोग करते हैं। जो अब चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने थाना प्रभारी से आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। उधर घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जदयू और भाजपा कार्यकर्ता मानगो थाना पहुंच कर गोपाल यादव के खिलाफ आक्रोश व्यक्त की। सभी ने एकमत होकर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेत्री प्रीति सिन्हा, जदयू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अमृता मिश्रा,सुनिता सिंह, प्रभा सिंह, पप्पु सिंह,अमरेन्द्र पासवान, अफताब अहमद सिद्दीकी, निसार अहमद, भवानी सिंह, आकाश साह,भोला पाण्डेय, रजन राजपूत,मस्तान सिंह,पिंटु सिंह, राजेश श्रीवास्तव, वीर सिंह, प्रवीण सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# सड़क पर स्टंट करते समय बाइक से गिरकर युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला के कालाडूंगरी मार्ग पर बड़ा कांकड़ा गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। सोमवार को सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जांच के दौरान मृतक की पहचान सरायकेला थाना अंतर्गत कालागुजू गांव निवासी कालिदास महतो के रूप में हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कालिदास महतो किसी कार्य से कालाडूंगरी गया हुआ था लौटने के समय बाइक से खतरनाक स्टंट कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया वह सड़क पर बाइक को रगड़ते हुए चिंगारियां निकाल रहा था। बड़ा कांकड़ा के पास एक मोड़ पर बाइक नियंत्रण बिगड़ गया वह सड़क किनारे खेत में रखी ईंटों से टकरा गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस शव को सदर अस्पताल लेकर जाकर आगे की कारवाई में जुट गयी। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और बाइक स्टंट के बढ़ते खतरे की ओर इशारा करती है। पुलिस ने युवाओं से अपील की वे सड़क पर इस प्रकार के खतरनाक स्टंट से बचें व यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें।

# साप्ताहिक हाट में आगजनी दर्जनों दुकानें जलकर खाक

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला साप्ताहिक हाट बाजार में रविवार देर रात अचानक लगी भीषण आग से दर्जनों झोपड़ीनुमा दुकानों का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगो के अनुसार आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित दुकानदारों में गहरा आक्रोश और निराशा है। वही नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।



उन्होंने कहा थाना से कुछ ही दूरी पर हुई इस घटना से यह स्पष्ट होता है इलाके में गश्ती व्यवस्था बेहद कमजोर है। श्री चौधरी के अनुसार शाम ढलते ही साप्ताहिक हाट परिसर शराबियों का अड्डा बन जाता है। जिससे असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने और इलाके में नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग करते हुए पीड़ित दुकानदारों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## जेड़ अमल राय की जगह भूलवश छप गया था कमल राय

डंडई (आजाद सिपाही)। दिनांक 12.05.25 दिन सोमवार को हमारे दैनिक समाचार पत्र आजाद सिपाही में प्रकाशित समाचार लावाही कला गांव में बिजली उपभोक्ताओं ने झूठा केस और पैसा मांगने का लगाया आरोप का शीर्षक में बिजली विभाग के कनीय अभियंता के रूप में कमल रॉय का नाम गलती से प्रकाशित हो गया था। वस्तुतः इस प्रकरण में आरोपी का नाम जेई अमल राय हैं न कि कमल रॉय। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि कमल रॉय का इस मामले से कोई संबंध नहीं है।

## बाइक के धक्के से युवक घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र के परती गांव में एक बाईक के द्वारा पीछे से धक्का लगने से जितेंद्र यादव पिता श्रीकांति लाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी वाहन से स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है।

# देश की सीमा पर डटे सैनिकों के शक्ति संवर्द्धन के लिए दी गयी आहुति

### बुद्ध पूर्णिमा पर गायत्री परिवार का गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री परिवार के परिजनों ने पूरे जिले में गृहे-गृहे सैन्य संवर्द्धन गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के दौरान लोगों ने सामूहिक रूप से देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के शक्ति संवर्द्धन के लिये विशेष आहूतियां प्रदान की। सुबह नौ बजे से 12 बजे तक चले इस अभियान के तहत पूरे जिले में करीब 500 घरों में यज्ञ संपन्न हुआ। गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ को लेकर गायत्री परिजन सुबह में सात से नौ बजे तक अपने मंदिर, शक्तिपीठ स्थल व प्रज्ञा केंद्रों पर पहुंचकर सर्वप्रथम सामूहिक यज्ञ किया। इसके पश्चात अपने पीला गणवेश में टोलियों में बंटकर महिला-पुरूष कार्यकर्ताओं ने लोगों के घरों में पहुंचकर यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के दौरान देश में पड़ोसी देश के साथ व्याप्त तनाव की स्थिति को देखते हुये देश की सीमा पर डटे सैनिकों के शक्ति संवर्द्धन हेतु विशेष आहूति प्रदान की गयी। यज्ञ संपन्न कराने में गढ़वा शहर और आसपास के इलाकों में जिला समन्वयक विनोद पाठक, संतन मिश्र, शोभा पाठक, अनिता देवी, मीना कमलापुरी, ममता तिवारी, सुनंदा दूबे, शिवानी दूबे, अखिलेश कुशवाहा, अनिल विश्वकर्मा आदि परिजनों ने प्रमुख भूमिका निभायी।

### पूरे विश्व में एक साथ 40 लाख घरों में कराया गया यज्ञ : संतन मिश्र

इसकी जानकारी देते हुये गायत्री परिवार के परिव्राजक संतन मिश्र ने बताया कि गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ गायत्री परिवार का एक बड़ा अभियान है। सूक्ष्म जगत को जागृत करने के लिए सामूहिक यज्ञ का वैज्ञानिक महत्व है, यह समय विशेष है। इस समय देश की सीमा पर युद्ध के हालात हैं। इसमें अपने वीर सैनिकों में शक्ति के संचार हेतु और उनमें शौर्य, पराक्रम, आत्मबल और देश की सुरक्षा का भाव बनाये रखने के लिए हमारे सूक्ष्म प्रयासों का प्रभाव पड़ेगा। भारत सहित पूरे विश्व में बुद्ध पूर्णिमा के दिन गायत्री परिवार के लोगों ने 40 लाख घरों में यज्ञ संपन्न कराया है। गढ़वा जिले में भी सोमवार को तीन घंटे के अंदर 500 घरों में यज्ञ संपन्न कराये गये हैं। इससे भारत देश की ताकत बढ़ने के साथ युग परिवर्तन अभियान की गति तेज होगी।

# नवडीहवा में युवक की संदिग्ध मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के मझिगावां गांव स्थित नवडीहवा टोला में रविवार देर शाम एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बघमनवा गांव निवासी 20 वर्षीय विकास रजवार पिता सुखाड़ी रजवार के रूप में हुई है। वह नवडीहवा अपने ससुराल आया हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, नवडीहवा छठ घाट के समीप रविवार की शाम एक महुआ के पेड़ पर युवक का शव लटका पाया गया। सूचना मिलते ही हरिहरपुर ओपी के एसआई बिरेंद्र चौड़े पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा सोमवार को भेज दिया। सोमवार की सुबह पुलिस को दिये गये आवेदन में मृतक के पिता सुखाड़ी रजवार ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि विकास शनिवार को अपनी पत्नी को मायके से लाने के लिए कह कर घर से निकला था, जिसके बाद परिजनों से उसकी कोई बात नहीं हो सकी। रविवार को उन्हें फोन से सूचना मिली कि ससुराल में झगड़ा हो रहा है और कुछ ही देर बाद यह खबर आई कि विकास ने आत्महत्या कर ली है। सुखाड़ी रजवार ने विकास की पत्नी, ससुर संतचूली रजवार समेत कुल छह परिजनों पर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है और न्याय की गुहार लगाई है। ओपी प्रभारी सफ्फीउलाह अंसारी ने बताया कि मृतक के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

# एसडीएम ने अधौरी के पीडीएस डीलर तथा गोपालपुर के सीएसपी संचालक की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को मेराल प्रखंड के पढ़ुआ पंचायत के अधौरी गांव के पीडीएस डीलर कृष्ण कांत सिंह की राशन दुकान तथा मझिआंव प्रखंड के गोपालपुर में अवस्थित स्टेट बैंक सीएसपी की औचक जांच की। पीडीएस दुकान की जांच के दौरान राशन वितरण का कार्य किया जा रहा था। जब राशन ले चुके लाभुक के थैले/ बोरी को तौलवाया गया तो लगभग दो किलो कम वजन पाया गया। उल्लेखनीय है कि इसी डीलर दुकान के साथ पतरिया गांव के लाभुकों को भी टैग किया गया है। लाभुकों ने बताया कि उन्हें पिछले माह राशन नहीं दिया गया है, जबकि उससे पहले के 4 महीनों से 5 किलो के बदले 3 किलो चावल दिया जाता है। डीलर से पूछताछ करने पर डीलर ने बताया कि उसे गोदाम से ही कम मात्रा में राशन मिलता है, इस पर एमओ तथा गोदाम एजीएम से मौके पर बात की गयी। राशन डीलर, एमओ तथा एजीएम तीनों की बातों में एकरूपता नहीं पायी गयी। संजय कुमार ने बताया कि उक्त मामले से जिले के वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। एसडीएम संजय कुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिकों से भी अपील की कि यदि उन्हें कम राशन दिया जा रहा हो तो वे इसकी शिकायत जिला आपूर्ति पदाधिकारी के अलावा अपने बीडीओ, सीओ को तुरंत सूचना देनी चाहिए। लोग चाहें तो इसकी जानकारी अनुमंडल स्तर पर निर्गत हेल्पलाइन नंबर पर भी दे सकते हैं।

**सीएसपी के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच की :** मझिआंव प्रखंड के गोपालपुर में संचालित स्टेट बैंक की सीएसपी की सोमवार शाम को औचक जांच की गयी। इस सीएसपी संचालक के विरुद्ध एक स्थानीय जनप्रतिनिधि ने उपायुक्त के पास परिवाद समर्पित किया था, कि यहां पर केवाईसी के नाम पर आम नागरिकों से अवैध रूप से पैसा लिया जाता है। मौके पर जांच के दौरान आरोप की आंशिक रूप से पुष्टि हुई। एसडीएम की जांच में स्पष्ट हुआ कि संचालक के द्वारा फोटोकॉपी आदि के नाम पर अतार्किक रूप से लोगों से राशि वसूली की जाती है। उन्होंने सीएसपी संचालक को हिदायत दी कि 5 रुपये की फोटो कॉपी के बदले गांव के गरीब लोगों से 100 रु वसूलने की इस अनैतिक प्रैक्टिस की पुनरावृत्ति अब नहीं करेंगे। वे इस जांच के संबंध में अपना प्रतिवेदन जिले के वरीय पदाधिकारियों को प्रेषित करेंगे।

# श्री वैश्य गरिमा मंच के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत हुए बैजनाथ प्रसाद गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** वैश्य समाज के उत्थान एवं संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बनी श्री वैश्य गरिमा मंच के झारखंड राज्य के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में बैजनाथ प्रसाद गुप्ता को मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि वैश्य गरिमा मंच के झारखंड प्रभारी भगवान प्रसाद गुप्ता द्वारा प्रस्तावित संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह द्वारा इनकी योग्यता, समाज के प्रति निष्ठा एवं उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए संस्था के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झारखंड के रूप में मनोनीत किया जाता है।

समिति के लोगों ने आशा जताई है कि बीएनपी गुप्ता अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए संगठन की नीति एवं उद्देश्यों का अनुपालन कर समाज और संस्था के विकास हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगे एवं श्री वैश्य गरिमा मंच सशक्त और संगठित होकर आगे बढ़ेगा। बताते चलें कि श्री वैश्य गरिमा मंच संपूर्ण वैश्य समाज का राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमुख संस्था है।

श्री वैश्य गरिमा मंच का झारखण्ड कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए बैजनाथ प्रसाद गुप्ता ने अपने कर्तव्य एवं दायित्व को को निष्ठा से पूर्ण करने का भरोसा दिया।

# अवैध शराब की दो भट्ठियां ध्वस्त, छह क्विंटल महुआ जावा को किया गया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अवैध देशी शराब के कारोबारियों के विरुद्ध सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार का अभियान 'जहर पर कहर' लगातार जारी है। सोमवार को बिशनपुरा मझिआंव रोड स्थित पतरिया गांव में बांकी नदी के किनारे चोरी छिपे चल रहीं दो अवैध शराब निर्माण की बड़ी भट्ठियों को नष्ट कर दिया गया, इस दौरान लगभग 600 किलोग्राम अर्ध निर्मित शराब (महुआ जावा) एवं लगभग 20 लीटर निर्मित शराब को बहा दिया गया। दरअसल एसडीएम के हेल्पलाइन नंबर पर लगातार विधि व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर गोपनीय सूचनायें प्राप्त होती रहतीं हैं उसी के आलोक में या तो संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जाता है या फिर क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसडीएम द्वारा स्वयं छापेमारी की जाती है। उसी क्रम में आज छापेमारी के दौरान एसडीएम में अपने अंगरक्षकों एवं स्टाफ की मदद से कार्रवाई की है।

**जुआरियों को खदेड़ा :** इसी छापेमारी के दौरान शराब भट्ठियों के पास में ही बांकी नदी के किनारे पूरी भीड़ लगाकर चल रहे जुए के अड्डे से एक दर्जन जुआरियों को भी खदेड़ा गया। एसडीएम द्वारा हर दिन किसी न किसी क्षेत्र में किए जा रहे क्षेत्र भ्रमण और औचक छापेमारी से अराजक तत्वों के मन में भय बन रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया आनंदमूर्ति का जन्मोत्सव

### आनंदमय स्मृति का किया गया लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** आनंद मार्ग के संस्थापक योगेश्वर श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 104वां जन्मोत्सव सोमवार को आनंद मार्ग जागृति केंद्र में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शाखा सचिव और विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री श्री आनंदमूर्ति जी का जन्म 1921 में वैशाखी पूर्णिमा के दिन बिहार के जमालपुर में एक साधारण परिवार में हुआ था। परिवार का दायित्व निभाते हुए वे सामाजिक समस्याओं के कारण का विश्लेषण उनके निदान ढूंढने एवं लोगों को योग, साधना आदि की शिक्षा देने में अपना समय देने लगे। सन् 1955 में उन्होंने आनंद मार्ग प्रचारक संघ की स्थापना की। इस अवसर पर रोहित कुमार, प्रोफेसर राज मोहन, देवीशरण गुप्ता आदि ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर राजमोहन द्वारा लिखा गया आनंदमय स्मृति का लोकार्पण किया गया। बताया कि आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा मेराल के 25 वर्ष के उपलक्ष्य में रजत जयंती के विशेष अवसर पर आनंदमय स्मृति में आनंदमूर्ति जी का परिचय, मेराल शाखा के विस्तार एवं इतिहास पर एक दृष्टि, एमर्ट, कौशकि नृत्य और कीर्तन से लाभ एवं आनंदमय स्मृति में सेवा कार्य (कोरोना महामारी और सम्पूर्ण लॉक डाउन) अविस्मरणीय एवं दुर्लभ फोटो अखबार कटिंग और महत्वपूर्ण दस्तावेज को 50 पेज में संग्रहित किया गया है। देश ही नहीं बल्कि विदेश के आनदमार्गियों का शुभकामना संदेश प्राप्त हुआ है।

### गढ़वा में मनाया गया आनंदमूर्ति का जन्मदिन




गढ़वा (आजाद सिपाही)। सोनपुरवा में अवस्थित आनंदमार्ग प्रचारक संघ द्वारा जागृति में आनंद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मार्ग गुरू देव बाबा श्री श्री आनंद मूर्ति जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम जिले के मार्गियों ने बड़े धूमधाम से आयोजन कर यादगार बनाया। कार्यक्रम प्रातः कल पांच बजे पंच जन्य से आरम्भ होकर शंख ध्वनि, आवर्तकीर्तन, योग साधना, गुरू पूजा, चरम निर्देश, स्वाध्याय, आनंद वाणी पाठ, आशीर्वचन, प्रभात फेरी, सदर अस्पताल गढ़वा में अभाव ग्रस्त मरीजों के बीच फल वितरण, मिहिजाम क्लीनिक में पन शाला का उद्घाटन एवं छह घंटे का अखंड कीर्तन के साथ संगीत, नृत्य प्रतियोगिता एवं दार्शनिक परिचर्चा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गिरिजानंद, डॉ रामानुज प्रसाद, दिनेश प्रसाद, रामजन्म, मनोज प्रसाद, कैलाश प्रसाद, मंदीप, अरूण, अनूप, सतेंद्र, आलोक, रजत, ज्योतिर्मय, शुभम, गीतेश देव, अमन देव, गौतम देव, सूचित, धर्मवीर, सिद्धेश्वरी चरण, आशीष देव, सुधांशु देव, चाणक्य देव, रामा देव, सावित्री देवी, आरती देवी, गायत्री देव, ज्योत्सना देव, तृप्ति रानी, प्रिया देव, मनीष देव, वेद देव आदि शामिल थे।

# सूर्या आई केयर ऑप्टिकल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, ग्रामीणों ने उठाया लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सूर्या आई केयर ऑप्टिकल के तत्वावधान में सोमवार को राप्रावि और अरसली मस्जिद के पास निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र चिकित्सक सूरज कुमार मेहता द्वारा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों सहित सैकड़ों ग्रामीणों की नेत्र जांच की गयी।

शिविर में विजन स्प्रिंग फाउंडेशन के 'फ्री कम्युनिटीज प्रोग्राम' के अंतर्गत 35 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को अनुदानित मूल्य में चश्मे उपलब्ध कराये गये। नेत्र चिकित्सक सूरज कुमार मेहता ने बताया कि आज के दौर में आंखों की जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण, खराब खानपान, मोबाइल, टीवी और लेजर लाइट जैसी आधुनिक चीजों के अत्यधिक उपयोग के कारण आंखों की समस्याएं बढ़ रही हैं, जिससे लोग समय से पहले अंधेपन का शिकार हो रहे हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोग जो आर्थिक कारणों से इलाज नहीं करा पाते। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों की मदद के उद्देश्य से सूर्या आई केयर ऑप्टिकल ने यह बीड़ा उठाया है कि वे निःशुल्क नेत्र जांच कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचायेंगे। जो लोग शिविर में नहीं पहुंच पाये हैं, वे भवनाथपुर ब्लॉक के सामने मेहता कॉम्प्लेक्स में सुबह 6 बजे से 9 बजे और शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक निःशुल्क नेत्र जांच करवा सकते हैं। अगला शिविर 13 मई को लंगड़ी स्कूल में आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सुमेर राम, दिवाकर चौधरी, माया कुमारी, मनोज कुमार प्रजापति, सोनू मेहता, अविनाश गुप्ता, अभिषेक मेहता, रामलाल प्रजापति सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# भगवान बुद्ध ने दुनिया को त्याग, सेवा, अहिंसा का रास्ता दिखाया : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** महात्मा बुद्ध की जयंती के उपलक्ष्य में आर के पब्लिक स्कूल में भगवान बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान विशेष असेंबली का आयोजन किया गया जिसमें भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने बच्चों को भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रेरित कर बुद्ध के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध को आध्यात्मिक गुरू भी माना जाता है। भगवान बुद्ध उन महान पुरुषों में से एक हैं, जिन्होंने मानवता को शांति, अहिंसा और आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाया। भगवान बुद्ध के उपदेश चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग आज के युग में अधिक प्रासंगिक हैं। अगर हम उनके मार्गदर्शन में चलें, तो यह संसार हिंसा से मुक्त हो सकता है। भगवान बुद्ध की तरह सादा जीवन और उच्च विचार रखने की प्रेरणा दी गयी।

महात्मा बुद्ध की वंदना के साथ उनके ज्ञान व उपदेश पर आधारित निबंध और पोस्टर का प्रस्तुतीकरण किया गया। बच्चों को 'हंस किसका' और 'महात्मा बुद्ध और अंगुलिमाल' की कहानी जो उनके जीवन से जुड़ी हुई है को सुनाकर उनके आदर्श एवं व्यक्तित्व को भी दर्शाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य संतोष पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि कलिंग युद्ध में हजारों लोग मारे गये, रक्त की नदियां बही,लेकिन जब सम्राट अशोक ने बुद्ध के उपदेशों को अपनाया, तो वह मार्ग शांति का बन गया। महात्मा बुद्ध के विचार ही आज की दुनिया को शांति की ओर ले जा सकते हैं। हमें उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुप कुमार पांडेय, गीता पांडेय, संजय कुमार, श्वेता पांडेय की भूमिका सराहनीय रही।

निबंध लेखन में अक्षरा सिकरवार, अनुष्का पाण्डेय,रिया गुप्ता और वैष्णवी मिश्रा तथा पोस्टर प्रतियोगिता में दीपांजलि भारती, सूफी आफरीन, ज्योति रानी, आभास पटनायक, सभ्यता विश्वकर्मा और स्नेहा कुमारी का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में गौतम बुद्ध की जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में भारत माता, ओम, मां शारदे तथा गौतम बुद्ध के चित्र के समक्ष आचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय और आचार्य हिमांशु झा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कर गौतम बुद्ध जयंती का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बौद्धिक देते हुए कक्षा तृतीय की बहन निदा परवीन, सप्तम अ के भैया अर्णव राज पांडेय, अष्टम ब की बहन दिव्या रानी, सप्तम अ के भैया उत्कर्ष पांडेय, अष्टम ब के भैया शिवम गुप्ता, नवम ब की बहन अंजलि कुमारी ने महात्मा बुद्ध का जीवनवृत्त प्रस्तुत किया।

आचार्य हिमांशु झा ने संस्कृत भाषा में अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि शाक्यवंश के गौतम गोत्र में जन्म लेने के कारण इन्हें गौतम कहा गया एवं बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त करने के बाद ये बुद्ध के नाम से ख्यापित हुए। वैशाख पूर्णिमा तिथि को ही बुद्ध का जन्म,बोधिप्राप्ति और निर्वाण हुआ है। इन्होंने अपना मुख्य सन्देश पाली भाषा में दिया- "अप्प दीपो भव" अर्थात स्वयं प्रकाशवान बने। गौतम बुद्ध ,बौद्ध दर्शन के संस्थापक भी हैं। इन्होंने अपने दर्शन में त्रिपिटक अर्थात सुत्त पिटक, विनय पिटक तथा अभिधम्म पिटक का विवेचन किया। बुद्ध के द्वारा बताए गए अष्टांगिक मार्ग पर चलकर हम अपना जीवन सफल बना सकते हैं। उक्त अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, आचार्य नंदलाल पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, अविनाश, नीरज, सुजीत दुबे, दिनेश कुमार, उमेश कुमार, रुपेश कुमार, कृष्ण मुरारी, प्रसून, प्रदीप गुप्ता, हृषिकेश तिवारी, बिक्रम, आरती, नीति कुमारी, रेनू पाठक, प्रियंवदा, सलोनी, तन्वी जोशी, नेहा कुमारी, खुशबू सिंघल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ललित नारायण स्टेडियम के सामने खुदाई बनी परेशानी, लोगों ने की समाधान की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के ललित नारायण स्टेडियम के सामने नगर परिषद द्वारा की गयी मिट्टी की खुदाई अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गयी है। खुदाई के बाद सड़क किनारे मिट्टी के ढेर और उड़ती धूल के कारण स्टेडियम आने-जाने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना सुबह और शाम सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ी, बुजुर्ग, बच्चे और आम नागरिक स्टेडियम आते हैं, लेकिन रास्ते में फैली मिट्टी और धूल से उनका आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्वास्थ्य पर भी इसका असर देखा जा रहा है। इस समस्या को लेकर लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पहल करते हुए उपायुक्त एवं नगर परिषद पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये। स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क की सफाई, मिट्टी हटाने और धूल नियंत्रण के लिए त्वरित कार्रवाई की जाये ताकि जनसाधारण और खिलाड़ियों को राहत मिल सके।

# लातेहार के जालिम खुर्द में जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**दोनों पक्षों आवेदन देकर लातेहार थाना में मामला दर्ज कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार के जालिम खुर्द में जमीन विवाद को लेकर एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें संगीता देवी पति भोला प्रसाद, रिंकी देवी पति-जितेन्द्र प्रसाद, मनिषा देवी पति पंकज प्रसाद, सभी ग्राम जालिम खुर्द जिला लातेहार के निवासी हैं। दिये गये आवेदन में संगीता देवी ने बताया कि 25 अप्रैल 2025 की सुबह करीब 10 बजे हमारे घर में ललिता देवी, पति सुरेश उरांव, मनदयाल उरांव पिता बाबुलाल उरांव, बाबुलाल उरांव, पिता-मांडु उरांव, रामजन्म उरांव, पिता-जयराम उरांव एवं 20 अन्य सभी ग्राम जालिम खुर्द, भटवाटोली, पो जालिम खुर्द, थाना-लातेहार, जिला-लातेहार के निवासी जबरन



15-20 अन्य महिला-पुरुष को लेकर संगीता देवी और रिंकी देवी के घर में घुस गयी और जब तक हम कुछ समझ पाते वे सभी घर में तोड़-फोड़ करने लगे तथा घर में रखे हुए 60 हजार रूपये भी चोरी कर लिए तथा घर में आग लगा दिये जिससे घर में रखे हुए सामान भी जलकर राख हो गया। जब संगीता देवी, पति भोला प्रसाद, रिकी देवी, पति जितेन्द्र प्रसाद ने सभी हमारे साथ बदसलूकी करने लगे। हमलोग किसी तरह अपना जान बचा कर घर से निकल भागे तथा मनिषा देवी, पति पंकज प्रसाद के घर में घुस कर बोली कि ये मेरा घर है घर से बाहर निकल जाओ और गाली-गलौज कर मारपीट की और गोदरेज में रखे 80 हजार रूपये को चोरी कर लिए तथा ललिता देवी ने ईंट से अपना सर फोड़ लिया तथा घर से बाहर निकलकर चिल्लाने लगी और कहने लगी कि मेरा सर फोड़ दिया। इस संबंध में लातेहार थाना प्रभारी दुलार चौड़े से पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि दोनों पक्ष से आवेदन आया है मामला दर्ज कर दिया गया है कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## हरातू में जल-नल योजना से लगाया गया जलमीनार खराब

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित इलाका हरातू गांव में खुशमुदीन मियां के घर के पास जल नल योजना के तहत लगाई गई सोलर जलमीनार महीनो से खराब पड़ा है। जलमीनार के खराब हो जाने से गांव के दर्जनों घरो मे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस संबंध में स्थानीय निवासी अरुण सोनी, विश्वनाथ, अमर साव साव, अजय सिंह, सुरेन्द्र साव, मिसरी सिंह, संजय साव, मुकीम मियां, केदार साव, साबरा बीबी, शोभा देवी, आनन्द प्रसाद, लक्ष्मी देवी समेत अन्य लोगो ने कहा कि इस जलमिनार खराब हो जाने से लोगों को पेयजल की परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिले के उपायुक्त से जलमीनार दुरुस्त कराने की मांग की है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## कुडू में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह अवैध खनन कर बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। अवैध खनन और परिवहन की सूचना पर पहुंची कुडू पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोलसिमरी पंचायत अंतर्गत आरा बगीचा के समीप बिना नंबर का एक स्वराज 735 एक्सटी ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। ट्रैक्टर पर बिना कागजात बालू लदा था। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी को अग्रतर कार्यवाई हेतु प्रतिवेदन भेजा गया है। जब्त किये गये ट्रैक्टर पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उंन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध खनन करने वालो पर विधिवत कार्रवाई की जायेगी और अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए प्रतिदिन अभियान चलाया जायेगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत गौतम बुद्ध की तस्वीर पर पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण कर की गयी। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या प्रतिभा देवी ने महात्मा बुद्ध के जीवन, उनके अष्टांगिक मार्ग तथा शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल स्थित लुंबिनी में हुआ था। उनके पिता का नाम शुद्धोधन और माता का नाम माया देवी था। महात्मा बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, करुणा और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बुद्ध पूर्णिमा, गौतम बुद्ध के जीवन की तीन प्रमुख घटनाएं जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण का प्रतीक है, जो वैशाख पूर्णिमा के दिन ही घटित हुई थीं। उन्होंने बच्चों को ध्यान, साधना और शुद्ध आचरण की प्रेरणा लेने को कहा। एक प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि किस प्रकार महात्मा बुद्ध ने अंगुलीमाल जैसे भयानक डाकू को भी अहिंसा और करुणा के मार्ग पर ला खड़ा किया। यह घटना इस बात की मिसाल है कि सही मार्गदर्शन से कोई भी जीवन बदल सकता है। कार्यक्रम में प्रतिभा देवी, मीना देवी, संध्या कुमारी, मालती कुमारी, जयप्रकाश सिंह, रिंकी कुमारी, संजना कुमारी, सुभाषिनी देवी, सुधीर उरांव, आनंद पांडेय सहित सभी आचार्य-आचायाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### लोहरदगा सदर अस्पताल में विश्व नर्स दिवस का आयोजन

# सिविल सर्जन ने नर्सों की सेवा को स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल परिसर में सोमवार को विश्व नर्स दिवस पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ शंभू नाथ चौधरी की अगुवाई में अस्पताल के सभी नर्सिंग स्टाफ ने एकजुट होकर अपने पेशे के प्रति सम्मान और गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ चौधरी ने नर्सों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की देखभाल, संवेदनशीलता और निरंतर सेवा के भाव के बिना किसी भी अस्पताल की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम के दौरान नर्सों ने सामूहिक रूप से केक काटकर



उत्सव मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। नर्सिंग स्टाफ ने अपने अनुभव साझा किये और बताया कि यह सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि एक मानवीय जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरे मनोयोग से निभा रही हैं। नर्स अंजीता लकड़ा ने कहा कि हमारे लिए सबसे बड़ा इनाम मरीजों की मुस्कान है और जब कोई ठीक होकर धन्यवाद देता है, तो वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो के साथ हुआ, जिसमें सभी नर्सों ने इस दिन को यादगार बनाने के लिए अपने साथी कर्मचारियों के साथ मिलकर भाग लिया और सेवा भावना के साथ आगे भी अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया।

## लोहरदगा में श्रीराम जीवन बीमा कंपनी की नयी शाखा शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छत्तर बगीचा के निकट श्रीराम जीवन बीमा कंपनी की लोहरदगा शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के बिजनेस हेड सह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शक्ति नाथ श्रीवास्तव ने फीता काटकर शाखा का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन बीमा न केवल भविष्य के लिए निधि संचय का एक माध्यम है, बल्कि यह पारिवारिक सुरक्षा का भी एक सशक्त साधन है। उन्होंने बताया कि श्रीराम जीवन बीमा कंपनी पूरे देश में उत्कृष्ट कार्य कर रही है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में निजी क्षेत्र की सभी कंपनियों में सर्वाधिक 44% ग्रोथ दर्ज की है, जबकि अप्रैल 2025 में कंपनी ने 60% की ग्रोथ हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। लोहरदगा ब्रांच के बारे में उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से यह शाखा लगातार ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान कर रही है।

# एक महीने से खराब पड़ा है मुक्तिधाम का जलमीनार, लोगों की बढ़ी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में गर्मी के प्रकोप बढ़ने के साथ ही चापाकल एवं लगाए गए सोलर जलमीनार जवाब देने लगे है इसी बीच पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय के महज 100 मीटर की दूरी पर मुक्तिधाम के सामने लगे सोलर जलमीनार एक माह से अधिक समय से खराब पड़ा हुआ। जिससे मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार करने पहुंचने वाले लोगों के साथ मुक्तिधाम का आसपास के एक दर्जन से अधिक घर वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को पानी पीने के लिए भी समस्या हो रही है। इस संबंध में मुक्तिधाम सोलर जलमीनार के आसपास के लाभुक अकबर अंसारी, समीदा बीबी,





चौरसिया परिसर, मुश्ताक अहमद, अलाउद्दीन, यूनिस अंसारी समेत अन्य लोगों ने बताया कि बगल का धरधरी नदी सुख जाने के कारण यहां के लोगों पूरी तरह से सोलर जलमीनार पर आश्रित है।यही नहीं इस सोलर जिले मीनार से छिपादोहर, लूहुर, मुरु ऊकामाड़ आदि जगहों के राजगीर लोग भी इस जल मीनार का लाभ उठाते है लेकिन एक माह से अधिक समय से इसे खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही हैमआसपास के लोगों ने खराब पड़े जल मीनार की मरम्मत करने की गुहार लगायी है।

## 75 प्रतिशन से कम उपस्थिति होने पर परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे छात्र : प्राचार्य



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लातेहार की प्राचार्य तृप्ति भारती ने बताया कि पिछले 9 मई को राज्य स्तरीय बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुसार सभी राज्य स्तरीय सीबीएसइ सबद्धता प्राप्त विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति प्रत्येक महीने ट्रैक की जानी है। जिन भी छात्रों की मासिक उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत से कम होगी तो उन्हें आनेवाले मासिक रेल परीक्षा और ततः वार्षिक परीक्षा में शामिल होने और बोर्ड के परीक्षा में फार्म भरने से रोक दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मासिक रेल परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा में शामिल होगा। कहा कि जिन भी छात्रों की उपस्थिति अप्रैल महीने में 75 प्रतिशत से कम है वो अपने अभिभावक के साथ विद्यालय में अपने क्लास टीचर से संपर्क करेंगे। अन्यथा उनका नाम मई महीने की उपस्थिति पंजी में नहीं लाते हुए उनके ऊपर नियमसम्मत अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकेगी और उनका नाम विद्यालय से काटा जा सकेगा।

# स्वास्थ्य शिविर में दो सौ से अधिक बच्चों की जांच और दवा का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मेंन रोड स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम के द्वारा सोमवार को स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्कूल के निर्देशक डॉ पवन कुमार, प्रिंसिपल शांतनु डे, और डॉ निशांक निश्रम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।स्वास्थ्य केंद्र की टीम के द्वारा बारी-बारी से सभी बच्चों की चिकित्सक की देख रेख मे स्वास्थ्य जांच करते हुए दवा का भी वितरण किया गया। शिविर के माध्यम से स्कूली बच्चों के नेत्र और दांत की भी विशेष जांच की गयी। इस दौरान लगभग दो सौ से अधिक बच्चों का जांच के साथ दवा वितरण किया गया। मौके पर मौजूद प्रिंसिपल शांतनु डे कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग के माध्यम से हमारे विद्यालय में नियमित बच्चों की चिकित्सा की जांच करायी जाती है। ताकि बच्चों का स्वास्थ बेहतर रह सके और वो अपनी पढ़ाई एकाग्र हो कर के करे। इस दौरान मौके पर फिरोज अहमद, एएनएम निशा रानी मिंज नेत्र सहायक नील ध्वज सूजीत प्रसाद गुप्ता, राजेश चंद्र सिन्हा उर्फ बबलू दीपक सिंह, प्रिया डे शिवानी मेहरा पूर्णिमा दास फातमा नेहा, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# शिव मंडा पूजा के फुलखुंदी कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, भक्ति गीतों से सराबोर हुए लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/ लोहरदगा।** पाखर पंचायत के तीसीया गांव में शिव मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी नागपुरी एवं फूलखुंदी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन स्थल पर भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जो रात भर झूमती रही। मुख्य अतिथि के रूप में किस्को थाना के एसडीपीओ आईपीएस अधिकारी वेदांत शंकर और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने समारोह की शोभा बढ़ाई। समिति द्वारा दोनों अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके उपरांत एसडीपीओ वेदांत शंकर ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की



शुरूआत भक्ति गीतों से हुई, जिसमें दशरथ साहू म्यूजिकल ग्रुप के गायक जगदीश बड़ाईक और गायिका ललिता कुमारी ने अपने मधुर गीतों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार गायक क्यूम रुमानी ने 'जाथो प्रदेश गोरी' और 'छोटे-मोटे बगीचा' जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रोतागण झूम उठे। वहीं रिकॉर्डिंग डांस की प्रस्तुति ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। फूलखुंदी कार्यक्रम में भक्तों ने जलती आग में नंगे पांव चलकर अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। पूरी रात चले इस सांस्कृतिक महोत्सव में दशरथ म्यूजिकल ग्रुप की पूरी टीम, विशेष रूप से गायिका ललिता कुमारी द्वारा प्रस्तुत गीत 'तोरे इसन मीठा बोली में दिल गड़ी गेलक गोरी' को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की सफलता में समिति के अध्यक्ष राजू गुप्ता, सचिव राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सुरेश लोहरा, संरक्षक विजय सिंह, उप मुखिया रामजीत लोहार समेत अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मानव समाज के विकास में पाखंडवाद अंधविश्वास बाधक है : संत कुंवर आर्य



**सेन्हा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला सेन्हा प्रखंड के अरू गांव के रविदास मुहल्ला में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा लोहरदगा के तत्वावधान में भगवान बुद्ध के 2588 वीं जयंती समारोह की अगुवाई रविन्द्र कुमार बौद्ध के अध्यक्षता में की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षक संत कुंवर आर्य ने कहा कि मानव समाज को आगे बढाने के लिए महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होना होगा एवं पाखंडवाद, अंधविश्वास के मार्ग को त्यागना होगा, आरबीएम के जिलाध्यक्ष अनिल बौद्ध ने कहा बिखरे हुए समाज को एकजुट होने, बुद्ध एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलने के प्रेरित किया। जिला सचिव आशीष बौद्ध ने अशिक्षित लोगों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने एवं संगठित होकर बुद्ध के मार्ग पर चलने के लिए अवगत किये। जिला उपाध्यक्ष संतोष बौद्ध ने गांव-गांव में जाकर क्वीज प्रतियोगिता हर महिना करने को कहा जिससे शिक्षा में जागरूकता हो। जिला संगठन प्रभारी विनोद बौद्ध ने कहा कि छूआछूत, डायन-बिसाही पर ध्यान न देकर ज्ञान-विज्ञान की ओर अग्रसर हो। मीडिया प्रभारी राजकुमार बौद्ध ने कहा हमारे सभी महापुरुषों के विचारों को पढ़कर उनके मार्गदर्शन पर चलें तथा छोटे बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें। जिसमें ग्रामीण मंजू देवी,राधा देवी,प्रमिला देवी, आरती देवी,सरस्वती देवी,प्रतिमा कुमारी,रेखा देवी,सत्यनारायण बौद्ध,प्रभु बौद्ध, सुरेन्द्र बौद्ध, जनार्दन बौद्ध,देव कुमार बौद्ध ने कार्यक्रम को समापन किये।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, पति घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवारा।** चंदवारा थाना क्षेत्र के थाम में सोमवार को सड़क हादसे में पत्नी की मौत हो गयी जबकि पति घायल हैं। जानकारी के अनुसार पति पत्नी बाइक संख्या जेएच 02 एआर 9955 से धनवार से भटबीघा मैयत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तीखा मोड़ होने के कारण बाइक सवार हाइवा वाहन के चपेट में आ गये जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला की पहचान बरही थाना क्षेत्र के धनवार निवासी सफीदन खातून (45, पति अनवर मिया) के रूप में हुई है। वही मृतका के पति अनवर मिया पति वली मोहम्मद (उम्र 50 वर्ष) घायल है जिसे थाना प्रभारी द्वारा इलाज के लिए ले सदर ले जाया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। प्रशासन की पहल पर मुआवजा के आश्वासन पर एक घंटे बाद जाम को हटा लिया गया। घटनास्थल पर चंदवारा अंचल अधिकारी अशोक भारती, माइका अंचल इंस्पेक्टर सुजीत कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार, डैम ओ पी प्रभारी नवीन कुमार, एसआई सुमन कुमार, पवन कुमार राम, मेघनाथ दुबे व पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# देवस्थल मंदिर के वार्षिक उत्सव पर निकली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** देवस्थल मंदिर समिति किस्को मोड़ शांति नगर लोहरदगा का 12वां वार्षिक उत्सव भव्य रूप से मनाया जा रहा है। प्रातः देवस्थल से कलश यात्रा निकली जो शंख नदी से वैदिक मंत्रोच्चार पुरोहित आचार्य वंशीधर मिश्र की अगुवाई में प्रारंभ की गयी। मुख्य जजमान सपत्नीक दीपक कुमार एवं मातृ शक्ति, अभिभावक जन व युवाजन सभी पूरे विधि विधान से कलश में जल लेकर देवस्थल के लिए झूमते हुए निकले। गीत संगीत, गाजे बाजे से साथ भगवान भोले शंकर, माता रानी की जय, हर हर महादेव, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की आदि का जयघोष करते हुए



देवस्थल पहुंचकर भगवान शिव मंदिर में जलाभिषेक कर सभी के समृद्धि, स्वस्थ जीवन एवं विश्व कल्याण की कामना की। आचार्य सूरज मिश्र के नेतृत्व में पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। आसपास का वातावरण पूरे भक्तिभाव एवं मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा था। प्रसाद वितरण के उपरांत 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जो रात 9 बजे तक जारी रहेगा। कीर्तन मंडली एवं नारी शक्ति संयुक्त रूप से पूरे मनोभाव के साथ हरे कृष्ण, हरे राम.. के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दोपहर दो बजे प्रसाद स्वरूप देवस्थल मंदिर समिति की ओर से भंडारे का भी प्रबंध किया गया था। कार्यक्रम के आयोजन में लोहरदगा पुलिस प्रशासन, देवस्थल मंदिर समिति, मातृ शक्ति, युवा शक्ति, आसपास जैसे कुटमू, पतराटोली, किस्को मोड़, शांति नगर, ब्लॉक कालोनी, ब्लॉक मोड़, कचहरी मोड़, कचहरी, आदर्श नगर, पावरगंज एवं समीपवर्ती क्षेत्र के श्रद्धालुगणों का सहयोग रहा।

## चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया राधाकृष्ण हनुमान और शिव मंदिर का वार्षिक उत्सव

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय की दुर्गा मंदिर परिसर में स्थित राधाकृष्ण, हनुमान जी और शिव मंदिर का 7वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुरोहित संजय पाठक और ग्राम प्रधान रवि बैगा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा की अर्चना की। इसके बाद रुद्राभिषेक, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बज रहे भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। पूजा में शामिल होने वाले भक्तों ने बताया कि यह वार्षिक उत्सव हर वर्ष काफी धूमधाम से मनाया जाता है और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मंदिर के वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में पोखन साहू, राजीव रंजन, संतोष केसरी, अजय गुप्ता, मुकेश कुमार, गणेश जायसवाल, घनश्याम सिंह और रवि गुप्ता शामिल थे।

# जनता उच्च विद्यालय में 14 मई को लगेगा रोजगार मेला



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित 10+2 जनता उच्च विद्यालय में 14 माई को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रोजगार मेला का आयोजन होगा। इसकी जानकारी प्राचार्य भोला राय ने दी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला बुधवार सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इसमें 18 से 35 वर्ष तक के बेरोजगार युवा भाग ले सकते हैं। उन्होंने रोजगार के लिये इच्छुक युवाओं से मेला में शामिल होने का अपील किया है।

# सड़क दुर्घटना में सेना के जवान की मौत

## शादी में शामिल होने जा रहा था ससुराल, लेह लद्दाख में था पदस्थापित

**छुट्टी पर आया हुआ था घर क्षेत्र में गम का माहौल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा-ब्रह्मोरिया मुख्य पथ पर घघुआ गांव के पास सड़क दुर्घटना में सेना के एक जवान की मौत हो गयी। उसकी पहचान राजेंद्र कुमार ठाकुर (34) के रूप में हुई है। वह चैनपुर थाना क्षेत्र के बराव गांव निवासी चंदन ठाकुर का पुत्र था। घटना रविवार की रात नौ बजे की बतायी जा रही है।



मृतक राजेंद्र ठाकुर की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार राजेंद्र ठाकुर बाइक से रविवार को अपने ससुराल तोलरा शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी बीच रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरहा-ब्रह्मोरिया मुख्य पथ पर घघुआ गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तर बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रेहला पुलिस को दी। खबर पाते ही रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्होंने तुरंत घायल जवान को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। जहां ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत जवान कश्मीर के लेह लद्दाख में पदस्थापित था। इन दिनों वह छूटी पर घर आया था।

# अरुणा शंकर ने निजी खर्च से करायी चैनपुर-नेवरा सड़क की मरम्मत



**कहा- चैनपुर-नेवरा रोड़ में क्या प्रशासन बड़ी घटना का इंतजार कर रहा?**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर-नेउरा रोड में बने बड़े-बड़े गड्ढों को जेसीबी मशीन मंगवाकर निजी खर्च से भरवाते हुए समतल करवाया। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे सांसद आने वाले हैं। मैं उनसे इस मार्ग को तत्काल रिपेयर कराने का अनुरोध करूंगी, ताकि बरसात से पहले यह मार्ग चलने योग्य बन सके। उन्होंने सवाल किया कि आखिर प्रशासन इस मार्ग को बनाने में खामोश क्यों है। अगर बना नहीं पा रहा तो कम से कम इस मार्ग को जीएसबीएस डालकर अच्छे से रिपेयर तो कराया ही जा सकता था। इसे लेकर धरना-प्रदर्शन हुए। कई आश्वासन मिले पर स्थिति अभी तक यथावत है। उन्होंने कहा कि लगता है प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। मैं इस मुद्दे को पलामू सांसद एवं सूबे के वित्त मंत्री के संज्ञान में दी हूं जिसका निराकरण जल्द होने का आश्वासन मिला है। एक बार पुनः सभी से अनुरोध करूंगी कि इस मार्ग का कार्य यथाशीघ्र लगाया जाए। वहीं, जीएसबी को बिछाने में मदद करने के लिए अरुणा शंकर ने विजय प्रमुख, भोला पांडे और चंदू गुप्ता को धन्यवाद दिया है।

# गौतम बुद्ध जयंती पर जागो सेवा ट्रस्ट ने किया प्याउ का उद्घाटन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जागो सेवा केंद्र ट्रस्ट ने सोमवार को हरिहरगंज सीमा से सटे अंबा थाना क्षेत्र के जगन विगहा एनएच 139 मुख्य सड़क किनारे बुध पूर्णिमा पर प्याउ का उद्घाटन किया। इससे पहले ट्रस्ट के डायरेक्टर अभिमन्यु वर्मा, मानिक राज मध्य विद्यालय के उप प्रधानाध्यापक ज्योति भूषण और सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल के निदेशक अरविंद बोस आदि ने महात्मा गौतम बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ज्योति भूषण और अरविंद बोस ने कहा कि भगवान बुद्ध करुणा के अवतार थे। अहिंसा, प्रेम एवं दयालुता का उनका संदेश मानव जाति कल्याण का मूल आधार है। उनके जन्मोत्सव पर इस भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को स्वच्छ जल पिलाना ट्रस्ट का सराहनीय कदम है। वहीं, ट्रस्ट के डायरेक्टर अभिमन्यु वर्मा ने कहा कि जन सेवा ट्रस्ट की ओर से क्षेत्र में आठ सार्वजनिक स्थल पर पनशाला उद्धाटन करने का लक्ष्य है। इस मौके पर अमरेश वर्मा, रंजित कुमार, हरेंद्र मेहता, प्रभात कुमार, मिथिलेश कुमार, सुरेश मेहता, गणेश मेहता, सचिता नंद मेहता, निशांत पांडेय, युगेश मेहता और अजय कुमार आदि मौजूद थे।

# बराही धाम में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पलामू एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के चर्चित बाराही धाम में 14 मई को 551 फीट ऊंची मां दुर्गा मंदिर एवं 151 फीट ऊंचा नवग्रह मन्दिर के निर्माण कार्य को लेकर होने वाले भूमि पूजन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भोजपुरी अभिनेता-गायक पवन सिंह, भोजपुरी गायक गुंजन सिंह, शंकराचार्य रामभद्राचार्य और झारखंड-बिहार सहित पूरे देश से हजारों साधु संतों एवं लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर जिलाभर में हलचल तेज है। सोमवार को पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव, विश्रामपुर एसडीपीओ राजेश यादव, एसडीपीओ राजेश रंजन, प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ल, हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, इंस्पेक्टर सह हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एसआई अफजल अंसारी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार सहित जिला के आलाधिकारियों ने तपती धूप में निर्माण परिषर, कार्यक्रम स्थल, मुख्यमंत्री के आगमन, सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड आदि स्थलों का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिया।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करती एसपी एवं अन्य अधिकारी।

### भव्य झांकी आज

बतातें चलें कि मंगलवार को बराही धाम परिसर से गाजे बाजे के साथ भव्य झांकी निकाली जाएगी। झांकी बराही धाम परिसर से शुरू होकर सोन नदी के किनारे स्थित दंगवार होते हुए जपला तक जाएगी एवं पुनः बराही धाम पहुंचकर समाप्त होगी। वहीं 14 मई को भक्ति रसों में हुसैनाबाद क्षेत्र सराबोर होगा। विदित हो कि इससे पूर्व साल 2022 में यहां दक्षिण मुखी हनुमान जी की 105 फीट ऊंचा मूर्ति का निर्माण कराया गया। 14 मई का दिन ऐतिहासिक होगा जिसदिन 551 फीट ऊंची विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा मां एवं 105 फीट ऊंचा नवग्रह मंदिर की आधार शिला रखी जानी है। इस मौके पर विधायक संजय सिंह यादव, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सह पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ. टूटू सिंह, इवेंट मैनेजर आकाश सिन्हा, हुसैनाबाद प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, मुखिया सुदामा यादव, प्रिंस सिंह, अजीत सिंह और एंकर रवि सिंह आदि मौजूद रहे।

# कठिनाइयों से लड़ने की ताकत देती है मां की ममता : निदेशक



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम आवासीय विद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। स्कूलों में रविवार की छुट्टी होने के बाद भी स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों की माताओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय में भारतीय परंपरा एवं ममता और स्नेह की प्रतिमूर्ति माताओं को विद्यालय के निदेशक जफर सर एवं प्रधानाध्यापक डॉ मोबिनुदीन कुरैशी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माताओं द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं केक काटकर किया गया। वहीं, बच्चों ने अपनी माताओं को माला पहनाकर एवं चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया। साथ ही अपने हाथ से बनाए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड भी भेंट किए। वहीं, निदेशक जफर सर ने कहा कि मां का स्थान समाज में सर्वोपरी है। मां के त्याग और प्रेम को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बच्चों को बताया कि पहली गुरु उनकी मां होती है। वहीं, प्रधानाध्यापक मोबीनुद्दीन कुरैशी ने कहा कि मदर्स डे माताओं के मातृत्व, मातृत्व बंधन और समाज में माताओं के प्रभाव का सम्मान करने वाला उत्सव है। मां बच्चे की पहली शिक्षिका होती है। इस मौके पर शिक्षक काशिफ सर, गोल्डन दुबे, विश्वनाथ वर्मा, विकाश वर्मा, शाकिब सर, काजल तिवारी, संतोषी शुक्ला, जेबा बसर, रंजन बारा, साजिया प्रवीण, नेहा खान, हैदर अली आदि मौजूद थे।

# एएनएम एवं डेंटल चिकित्सक के भरोसे मनातू स्वास्थ्य केंद्र, मरीजों की परेशानी




**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला के मनातू प्रखंड का स्वास्थ्य केंद्र बदहाल व्यवस्था में है। सोमवार को इसी केंद्र में इलाज के अभाव में एक मासूम बुखार से तड़पता रहा, लेकिन कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे। जानकारी के मुताबिक इस दिन दोपहर 12 बजे चुनका गांव निवासी मनोज सिंह अपने आठ वर्षीय पुत्र सुमित कुमार को तेज बुखार की हालत में लेकर मनातू स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। वह बेटे को गोद में लिए इधर-उधर भटकते रहे, लेकिन न कोई डॉक्टर मिला और न ही कोई नर्स। करीब 10 से 15 मिनट तक इंतजार के बाद एक सहायक नर्सिंग मिडवाइफ एएनएम पहुंचीं और उन्होंने अपने स्तर से बच्चे का प्राथमिक इलाज शुरू किया। जब इस विषय पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों से पूछा गया तो किसी ने स्पष्ट जानकारी देने से इनकार कर दिया। कुछ देर बाद डेंटल चिकित्सक डॉ अब्दुल समद आये। उन्होंने बताया कि डॉक्टर की अनुपस्थिति में जो संभव होगा, हम अपने स्तर से इलाज कर रहे हैं। गौरतलब है कि मनातू प्रखंड की लगभग 50 हजार की जनसंख्या इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए निर्भर है। ऐसे में अगर चिकित्सकों की अनुपस्थिति बनी रही और डेंटल चिकित्सक एवं एएनएम के भरोसे मरीजों का इलाज हो, तो स्थिति भयावह हो सकती है। इस संदर्भ में जब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम जांच कर पता लगाते हैं कि आज किसकी ड्यूटी थी। जांच कर दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर, स्थानीय ग्रामीणों ने भी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि हफ्ते में केवल दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को ही डॉक्टर आते हैं। बाकी दिन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें हमेशा प्रयास करते रहना होगाः अविनाश

## संत मरियम के शिक्षकों के लिए इन-हाउस प्रशिक्षण का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ग्रैंड जयश्री होटल मे संत मरियम स्कूल के शिक्षकों के लिए इन-हाउस प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। सीबीएसई के निर्देशानुसार 'क्रिटिकल एवं क्रिएटिव थिंकिंग' विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई थी, जहां सीबीएसई पटना रीजन के रिसोर्स पर्सन राकेश चौबे द्वारा इससे संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कैसे रचनात्मक एवं तार्किक सोच को विकसित कर बच्चों के सीखने की शैली को बदल सकते हैं। वहीं, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने राकेश चौबे को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कहा कि संत मरियम का उद्देश्य सिर्फ बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करा देना ही नहीं, बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें हमेशा प्रयास करते रहना होगा। विद्यालय विभिन्न पहलुओं के साथ ही खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही हैं। बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। वहीं, प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि बच्चों को अनुशासित करने के लिए पहले हमें अनुशासन में रहना होगा। संत मरियम के सभी शिक्षक श्रेष्ठ है, यद्यपि सिर्फ समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा देने की आवश्यकता है, निश्चित रूप से विद्यालय एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी। इस मौके पर उपप्राचार्य एसबी शाहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# ढ़ोरी शिशु मंदिर में मनायी गयी भगवान बुद्ध की जयंती

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद के ढ़ोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को भगवान बुद्ध जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने मिलकर भगवान बुद्ध के आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य परमानन्द सिंह ने किया। उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अहिंसा, सत्य और करुणा का मार्ग आज भी मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक शांतिपूर्ण और समरस समाज की स्थापना करें।

## सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल में मनायी गयी महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती


# गौतम बुद्ध के विचारों ने पूरे विश्व में मानवता को सत्य करुणा और अहिंसा का रास्ता दिखाया : अरविंद बोस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** सीमा क्षेत्र पर स्थित कुटुंबा थाना क्षेत्र के सांड़ा (डीलापर) सोनारखाप गांव स्थित सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल के निदेशक अरविंद बोस के नेतृत्व में सोमवार को विश्व में शांति और समता मूलक समाज का संदेश देने वाले महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई। इससे पहले महाराजगंज के मानिक राज मध्य विद्यालय के उपप्रधानाचार्य ज्योति भूषण, निदेशक अरविंद बोस, प्रधानाचार्य गुड्डू कुमार, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महात्मा गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्योति भूषण ने छात्रों को महात्मा गौतम बुद्ध की चार आर्यसत्य दुख, दुख का कारण, दुख का निवारण और दुख से मुक्ति के मार्ग की जानकारी दी। कहा कि ज्ञान, नैतिकता और ध्यान के माध्यम से दुख से मुक्त हुआ जा सकता है। वहीं निदेशक अरविंद बोस ने कहा कि आज हम ऐसे महात्मा की जयंती मना रहे हैं जिसे भारत देश को विश्व के लोग गौतम बुद्ध के देश के नाम से जानते हैं। गौतम बुद्ध के विचारों ने पूरे विश्व में मानवता को सत्य, करुणा और अहिंसा का रास्ता दिखाया है। उनका जीवन आज भी हमें शांति, प्रेम सद्भाव के आदर्शों पर चलने का मार्गदर्शन देता है। इसी उद्देश्य के साथ बुध पूर्णिमा को सभी विद्यालय बंद रहने के बावजूद अपना विद्यालय सुचारू कराते हुए महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती मनाई और उनके विचारों से छात्रों को अवगत कराया। मौके पर शिक्षक अभिषेक शर्मा, रंजित कुमार, मिस फूलकुमारी, जुली प्रवीण, तन्नु शर्मा, ऋतु शर्मा, गजल साजिया, सना जमाल, शिवदयाल कुमार, जागो सेवा केन्द्र के संचालक मन्नु वर्मा, एक्सीलेंट कोचिंग के संचालक लव शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमोहन मेहता, प्रमोद मेहता, अमरेश वर्मा और रंजित ठाकुर आदि उपस्थित थे।



# भगवान बुद्ध के विचारों पर चलकर विश्व हिंसा से मुक्त हो सकता हैः कृष्णा बैठा



**व्यापार मंडल अध्यक्ष के आवास परिसर में बुद्ध जयंती का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला स्थित आवास परिसर में पूरी दुनिया में मानवता का संदेश देने एवं मानव समाज ही नहीं बल्कि पशु पक्षी एवं जानवरों में भी करुणा, मैत्री के भाव का निर्माण करने वाले समता स्वतंत्रता, बंधुत्व, न्याय पर आधारित समाज और राष्ट्र का निर्माण करनेवाले गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई। उनके तस्वीर के समक्ष कैंडल जलाकर, पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि गौतम बुद्ध का संपूर्ण जीवन सत्य और मुक्ति की खोज में व्यतीत हुआ है। उन्होंने सांसारिक सुखों को त्याग कर दुख और उसके कारणों को समझने की यात्रा शुरू की और अष्टांगिक मार्ग और चार आर्य सत्य की शिक्षण दी जो दुख से मुक्ति का मार्ग बताया जाता है। भगवान बुद्ध के वचन आज के समय में और भी प्रासंगिक हैं। अगर हम उनके मार्गदर्शन पर चलें तो यह संसार हिंसा से मुक्त हो सकता है। इस मौके पर राजद नेता राजेश्वर यादव, अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के संगठन सचिव प्रमोद कुमार रजक, समाजसेवी अखिलेश यादव, उमेश बैठा, संतोष यादव, पृथ्वी रजक, गुड्डू रजक, अमरेश कुमार और बबलू कुमार आदि मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मना बुद्ध पूर्णिमा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने भगवान गौतम बुद्ध की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को स्मरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने मानव से मानव को जोड़ने का कार्य किया। मानव धर्म सबसे बड़ा धर्म है, जिसे भगवान बुद्ध ने अपनाया और जन-जन तक पहुंचाया। हमें शांति के लिए बुद्ध चाहिए। बुद्ध ने संपूर्ण विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाया। इस दौरान बच्चों को भगवान बुद्ध से जुड़ी प्रेरक कहानियां बताकर उन्हें जागरूक किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने भी गौतम बुद्ध की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर छाया कुमारी, संजय सिन्हा, मृत्युंजय प्रसाद, रणजीत मिश्रा, अरविंद यादव, राजेश्वर यादव, अभिषेक पाठक, राजकुमार सिंह और दीपक पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# लकेया नदी के पास कार पलटने से एक की मौत, तीन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



स्वरूप साहू की फाइल फोटो।

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाइवे सिसई स्थित लकेया नदी के समीप कार के पलटने से करौंदी निवासी 33 वर्षीय स्वरूप साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। कार में सवार अन्य तीन लोग यथा करौंदी निवासी पप्पू साहू सोनू साहू और देवेंद्र साहू घायल हो गये। जिसमें पप्पू साहू को गंभीर चोट लगी है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद पप्पू साहू को रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक चार लोग एक कार में सवार होकर रांची शादी समारोह में गये थे। रविवार की रात 1 बजे वापस गुमला लौट रहे थे। तभी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया और कार सड़क पर ही पलट गया। घटनास्थल पर ही स्वरूप की मौत हो गयी। इसके बाद सोनू आपने एक दोस्त को फोन किया जो उनसे आगे आगे कार से गुमला जा रहे थे। फिर खोरा के पास से उसके दोस्त वापस लौटे और चारों को कार से लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच कर स्वरूप को मृत घोषित कर दिया। वही पप्पू साहू की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि सोनू और देवेंद्र को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी। परिजनों ने बताया 4 वर्ष पूर्व स्वरूप की शादी हुई थी उसका एक 3 वर्ष का बच्चा भी है। सोमवार दिन के 10 बजे शव का पोस्टमार्टम का परिजनों को सौंप दिया गया।

# उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के नाम पर लेवी की मांग, व्यवसायियों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कई क्रेसर संचालकों से जेजेएमपी उग्रवादियों के नाम पर संगठन की मदद के लिए लेवी मांगी जा रही है। जिसके कारण क्रेसर संचालकों में दहशत का माहौल है। खौफ इतना है कि अब तक किसी भी क्रेसर संचालक ने इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी है। और न ही किसी माध्यम से पुलिस के पास यह मामला पहुंचा है हालांकि जेजेएमपी उग्रवादी के नाम से लेवी मांगे जाने की पुष्टि कुछ क्रेसर संचालकों ने की है।

**लेवी के लिए क्रेशर मालिकों को लगातार आ रहे हैं व्हाट्सएप कॉल :** बताया है कि उन्हें जेजेएमपी उग्रवादियों के नाम से लेवी के लिए लगातार कॉल आ रहे हैं। संचालको ने जल्द ही पुलिस को इसकी जानकारी देने की बात कही है। बताया गया कि 3 मई से लगातार वाट्सऐप कॉलिंग के जरिए लेवी मांगी जा रही है। कॉल करने वाला खुद को पवन लकड़ा बता रहा है। वह संगठन को मदद करने की बात कहकर संचालकों को घाघरा इलाके में मिलने के लिए बुला रहा है। कॉल अलग-अलग नंबरों से किए जा रहे हैं। एक दिन में चार से पांच बार कॉल आ रहा हैं। किसी किसी संचालक के पास 3 मई से लेकर अब तक 15 से 20 बार कॉल आ चुका है। कॉल करने वाला हर बार अपना नाम पवन लकड़ा ही बताता है। हर बार उसकी बात करने की शैली भी एक जैसी है। वह किसी तय राशि की मांग नहीं कर रहा है। लेकिन संचालको को सिर्फ मिलने और बात करने की बात कह रहा है। उग्रवादी द्वारा उन्हें तय जगह पर बात करने हेतु स्थान की भी जानकारी दी जा रही है।

## ऐसे मामले में व्यवसायी पुलिस का सहयोग करें: एसपी

कुछ दिन पूर्व गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने बयान जारी कर व्यवसाइयों को सहयोग करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर त्वरित पुलिस को जानकारी दें। पुलिस सदैव जनता की सेवा व सुरक्षा को लेकर तत्पर है।

## न धमकी न फिक्स अमाउंट की डिमांड

यह लेवी मांगने का पहला ऐसा मामला है, जिसमें न तो किसी प्रकार की धमकी दी जा रही है और न किसी फिक्स राशि की मांग हो रही है। लेकिन जेजेएमपी के नाम से लेवी की मांग से ही माहौल में दहशत है।

# मिशन बदलाव और ग्रामीणों की संयुक्त आम सभा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव और ग्रामीणों की संयुक्त आम सभा मुरमकेला कांसीर गांव में संपन्न हुई जहां ग्रामीणों ने अपने मुआवजा संबंधित समस्याओं को विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि 2023 और 24 में रोड चौड़ीकरण होने के बावजूद ग्रामीणों को किसी प्रकार का कोई मुआवजा नहीं मिला है। सभी ग्रामीण अपने मुआवजा को लेकर बहुत परेशान है और ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मुआवजा को जल्द से जल्द दिया जाये। मिशन बदलाव और आम सभा को संबोधित करते भूषण भगत ने कहा कि आज रोड पूर्ण हो जाने के बावजूद भी मुआवजा नहीं मिलना यह बहुत बड़ी चिंता की बात है और प्रशासन और सरकार को इन सभी मामलों को बहुत गंभीरता पूर्वक मदद करनी होगी और कदम उठाने की जरूरत है कि अगर मुआवजा नहीं मिला तो लोग रोड में भी उतरने का काम करेंगी। ग्रामीणों का कहना है कि मुआवजा अगर आने वाले समय में सरकार किसी तरीके का जमीन ग्रहण करता है तो लोग ना जमीन देंगे ना किसी तरह के कुछ भी सहयोग करेंगे। बैठक में मिशन बदलाव जिला अध्यक्ष बिनोद साहू जिला सचिव सय्यदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा नगर सचिव ज्योति ग्लोयरिया कुजूर, छोटेलाल महतो, सोनमती कुमारी, भूषण सिँह, सुधीर लकड़ा, अमित सिंड, डेविड कुमार उपस्थित थे।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ गुमला में 17 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन शनिवार यानी 17 मई को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

# गलत रजिस्ट्रेशन कर धान बिक्री में हेराफेरी करने के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्कूली छात्रा के नाम पर गलत रजिस्ट्रेशन कर धान बिक्री में हेराफेरी करने के मामले में चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि जो भी दोषी है। उनपर अविलंब कार्रवाई की जाये। ताकि भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सके। इस मामले में विधायक भूषण तिर्की द्वारा जांच की मांग किए जाने पर प्रशंसा जतायी है। कहा कि निश्चित हेराफेरी का पदार्फाश होना चाहिए।

# चैनपुर पुलिस ने चार बकरी चोर को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छीछवानी पंचायत के लंगड़ा मोड निवासी कहरु ग्वाला के घर से शनिवार की रात हुई 6 खस्सी बकरी की लूट मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से 3 बकरियां और 3 खस्सियां भी बरामद की गयी हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर ललित मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक महेंद्र करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन चौधरी, अशोक कुमार, विजय उरांव और अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि छिछवानी गांव निवासी 85 वर्षीय कहरू ग्वाला ने 11 मई को चैनपुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात अपराधियों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखे 6 बकरी की लूट की शिकायत की थी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में इबरार खान (20 वर्ष), शाहील खान (20 वर्ष), सद्दाम खान (29 वर्ष) और इमरान अंसारी (30 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी चैनपुर थाना क्षेत्र के आजाद बस्ती के निवासी हैं। गिरफ्तार किये गये सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि कहरु ग्वाला के घर से लुटे गये सभी 6 बकरी और खस्सी को बरामद कर जिम्मा नामा देकर करू ग्वाला को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की प्रशंसा की है और कहा है कि इससे उन्हें काफी राहत मिलेगी। पशुपालकों ने बताया कि बकरी चोरी की घटनाओं से वे काफी परेशान थे और अपनी बकरियों की रखवाली करने में परेशानी हो रही थी। पुलिस का दावा है कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि स्थानीय निवासियों में सुरक्षा का विश्वास बना रहे। पुलिस ने बताया कि बकरी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 25 मई को गुमला में होगी झानद की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल की जिला स्तरीय विस्तारित बैठक 25 मई 2025 को जिला मुख्यालय गुमला में दिन के 11 बजे से आयोजित की जायेगी। यह बैठक वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर 9 जून 2025 को रांची में आयोजित मोरहाबादी से राजभवन मार्च की तैयारी को लेकर बुलायी गयी है। बैठक में जिले के सभी प्रखंड के हर पंचायत से प्रमुख नेताओं को आमंत्रित की गयी है। वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर होनेवाली राजभवन मार्च की तैयारी को अंतिम रूप बैठक में दी जायेगी। विदित हो कि 9 जून 2025 को राजभवन मार्च में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के महासचिव दिनकर कपूर मुख्य अतिथि के बतौर भाग ले रहे हैं। वहीं पांच सूत्रीय मांग को लेकर होने वाले राजभवन मार्च में झारखंड नवनिर्माण दल के कई बड़े नेता राजभवन मार्च में दलबल के साथ उपस्थित रहेंगे।

# कमलपुर तिगरा घाट से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के कमलपुर तिगरा घाट पर सोमवार की सुबह जारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है। पुलिस के आने की भनक लगते ही ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। इसके बाद जब्त किये गये ट्रैक्टर को थाना लाया गया है, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। गौरतलब है कि जारी थाना क्षेत्र की कई नदियों से अवैध बालू खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन कर उसे छत्तीसगढ़ ले जाया जाता था। इस संबंध में कई बार विभिन्न अखबारो ने भी खबरें प्रकाशित की थीं। इसी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने टीम के साथ दबिश दी और ट्रैक्टर को जब्त करने में सफलता हासिल की। ट्रैक्टर के पकड़े जाने से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गौतम बुद्ध जयंती मनायी गयी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में गौतम बुद्ध जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी, शांतनु सिंह एवं कार्यक्रम प्रमुख गणेश साहू और नीलम सहदेव ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। आचार्य गणेश साहू ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए भगवान बुद्ध की शांति, करुणा और अहिंसा के संदेश को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और हमें अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना चाहिए। सपना कुमारी, सुजीना कुमारी, सूर्यांश कुमार ने उपस्थित भैया बहनों को भगवान बुद्ध के जीवन परिचय करवाया। वही प्रियांशु कुमार की कविताओं ने सभागार को बुद्धमय दिया। इसे पूर्व आचार्य सुदर्शन शर्मा के नेतृत्व में सभी विद्यार्थी ध्यान योग कर भगवान बुद्ध के जीवन की वास्तविकता को गहराई से जानने, दुख से मुक्त होने और एक शांत, करुणा पूर्ण और जागरूक जीवन जीने का मार्ग सिखा। आचार्या नीलम सहदेव के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गुमला की पूजा ने ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में जिले का नाम किया रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला के कुरूमगढ थाना क्षेत्र के चांदगो गांव निवासी धरमु गोप की पुत्री पूजा कुमारी ने देवघर में राज्य स्तरीय आयोजित ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए गुमला जिले का नाम रोशन किया है। पूजा ने इस टूर्नामेंट के अंडर-17 सिंगल्स इवेंट में रनर-अप का खिताब हासिल की वहीं अंडर-17 गर्ल्स डबल्स में अपनी जोड़ीदार अनु श्रृष्टि उरांव (जिला लातेहार) के साथ मिलकर विजेता बनीं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के हर जिले से प्रतिभागी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पूजा के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल गुमला जिले में खुशी की लहर है, बल्कि यह झारखंड की उभरती प्रतिभाओं में एक नाम के रूप में उन्हें स्थापित करता है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने पूजा और अनु श्रृष्टि को उनकी सफलता पर बधाइयां दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बाइक की टक्कर से महिला घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सीलम पेट्रोल पंप के सामने बाइक के टक्कर से पैदल सड़क पार कर रही तिर्रा निवासी 50 वर्षीय महिला फेंको देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी, घटना में उसका एक पैर टूट गया। साथ ही शरीर के अन्य हिस्से में उसे काफी चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक महिला सीलम पेट्रोल पंप के पास शादी समारोह में भाग लेने गयी थी जहां से रविवार की रात 9 बजे अपने घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार उसे टक्कर मारते हुए रायडीह की ओर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# श्री सर्वेश्वरी समूह के दंत चिकित्सा शिविर में 126 लोगों की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** श्री सर्वेश्वरी समूह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम के तहत गुमला प्रखंड अंतर्गत करौंदी पंचायत के बेलगांव ग्राम के सामुदायिक भवन में समूह के महिला संगठन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के जरुरतमंदों एवं असहायों के दांतों की जांच के लिए दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ अविनाश यादव और डॉ मनप्रिया अग्रवाल के द्वारा दंत रोग से पीड़ित रोगियों का जांच किया गया। शिविर के पूर्व समूह के सदस्यों तथा ग्रामीणों के द्वारा परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू की पूजा अर्चना की गयी।

शिविर में 126 दंत रोगियों की जांच कर आवश्यक परामर्श चिकित्सकों द्वारा दिया गया। संगठन की रोहिणी प्रसाद द्वारा ग्रामीणों को अपनी दांतों की सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने का सुझाव देते हुए पान, गुटका, तम्बाकू आदि व्यसन से दूर रहने का हिदायत भी दिया गया। नीता हरीतिमा के द्वारा श्री सर्वेश्वरी समूह के उद्देश्यों तथा कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया। इस मौके पर समूह के गुमला शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद और मंत्री बिपिन कुमार सिन्हा द्वारा शिविर में सेवा दे रहे दोनों दंत चिकित्सकों को श्रीफल तथा ग्रीनटी देकर सम्मानित किया गया। अंत में दंत रोगियों के बीच मेडिकेटेड ब्रश, पेस्ट तथा अघोरेश्वर संदेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला संगठन की नम्रता सिन्हा, गायत्री महापात्र, हेमलता यादव, लक्ष्मी कुमारी दास, अनीशा गुप्ता, क्षमा गुप्ता, माया गुप्ता, बिमला महापात्र, मीरा विश्वकर्मा, अनीता गुप्ता समेत कई उपस्थित थे।

# वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बनारी निवासी 60 वर्षीय महावीर साहू की मौत रविवार शाम अज्ञात गाड़ी के चपेट में आने से हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बनारी चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप अपने पुराने घर से खाना खाकर लगभग 7:40 बजे वे बनारी पिकेट स्थित अपने नये घर अपने टीवीएस से जा रहे थे, इसी दौरान बनालत की तरफ से आ रही अज्ञात गाड़ी के चपेट में आ गये जिससे उनका सर में गंभीर चोट पहुंचा। घटना उपरांत परिजनों के द्वारा आनन-फानन में निजी वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार प्रारंभ किया ही था कि घायल ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने बताया कि घायल के सर में गंभीर चोट लगने के कारण अत्यधिक खून बह चुका था। प्राथमिक उपचार उपरांत रेफर से पूर्व ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बनालत की ओर से एक डीजे साउंड लदा 407 वाहन आ रहा था जिसके चपेट में आने से यह घटना हुई है। इधर सोमवार सुबह बिशुनपुर पुलिस के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल डीजे लदा गाड़ी की पहचान कर ली गयी है। हालांकि अब तक गाड़ी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है।

# गर्म माड़ से झुलसने से मासूम गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना के समीप रहने वाले राहुल साहू का 3 वर्षीय पुत्र श्रीयांश कुमार साहू गर्म माड़ से झुलसने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार दिन के एक बजे परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बच्चा अपनी मां से पानी मांग रहा था उसकी मां रसोई घर में खाना पका रही थी। वहीं भात पकाने के बाद उसके माड़ को बर्तन में निकाली। तभी बच्चा चलते हुए मां के पास पहुंचा और बर्तन में गिर गया। जिससे उसका कमर छाती और पेट झुलस गया। तेज जलन से बच्चा चिल्ला कर रोने लगा इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है।

# काटा सारू की गर्भवती महिला ने खाया यूरिया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के काटा सारू गांव निवासी छोटू उरांव की 24 वर्षीय पत्नी बिहानी उरांव ने घर में रखा यूरिया खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजन सोमवार दिन के एक बजे उसे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां इलाज के उपरांत डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ विवाद बढ़ गया और दोनों में गाली गलौज होने लगा। इसके बाद पति ने क्रोध में आकर उसे एक दो थप्पड़ जड़ दिया क्योंकि पत्नी अपनी सास को गाली बक रही थी। इस बात से पत्नी गुस्सा हो गयी और घर में रखे यूरिया को एक मुट्ठी खा ली। इसके बाद उसे उल्टी होने लगी और उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिवार के लोग तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए। महिला तीन माह की गर्भवती है।

## स्पोर्ट्स



इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से इंडियन वॉरियर्स टीम उतरेगी, जिसमें रैना और धवन के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार और मनप्रीत गोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल होंग ।

# इंटरकांटिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में खेलेंगे रैना-धवन

आजाद सिपाही संवाददाता




**ग्रेटर नोएडा।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आइएलसी) में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट 27 मई से 5 जून के बीच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जायेगा। इस ग्लोबल क्रिकेट लीग में श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान, न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान जैसे इंटरनेशनल दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से इंडियन वॉरियर्स टीम उतरेगी, जिसमें रैना और धवन के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार और मनप्रीत गोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। कुल 6 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो दुनिया के छह अलग-अलग महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये टीमें हैं इंडियन वॉरियर्स, अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटन्स (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स और एशियन एवेंजर्स। आइएलसी के डायरेक्टर गौरव कमल ने सोमवार को टूर्नामेंट को लेकर एक बयान में कहा कि इन दिग्गज खिलाड़ियों ने सालों तक हमें रोमांचित किया है, और अब एक बार फिर ये मैदान में लौटकर हमें पुरानी यादें ताजा करायेंगे। आइएलसी उनके क्रिकेटिंग करियर को सम्मान देने के साथ-साथ खेल की वैश्विक एकता का उत्सव भी है। वहीं, आइएलसी के एक और निदेशक मनीष भट्ट ने कहा कि शिखर धवन की क्लासिक बल्लेबाजी और सुरेश रैना की धमाकेदार स्ट्रोक्स इस टूर्नामेंट को बेहद खास बना देंगे।

# एफआइएच प्रो लीग : यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में आयोजित होगा, जिसमें भारत चार प्रतिभागी टीमों- ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत अपना अभियान 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगा। टीम की कमान मिडफील्ड की स्टार खिलाड़ी सलीमा टेटे को सौंपी गयी है, जबकि फॉरवर्ड लाइन की अनुभवी खिलाड़ी नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम ने प्रो लीग के घरेलू चरण में दो जीत और दो ड्रॉ के साथ कुल नौ अंक हासिल किए और अंकतालिका में छठे स्थान पर रही। इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 की जीत और एक ड्रॉ से शानदार शुरूआत की, लेकिन इसके बाद स्पेन से दो और जर्मनी से एक हार मिली। हालांकि, जर्मनी के खिलाफ 1-0 की वापसी जीत ने टीम का मनोबल बढ़ाया। विश्व की नंबर 1 टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ अंतिम दो मैचों में भारत ने दमदार जज्बा दिखाया। पहले मुकाबले में भले ही 2-4 से हार मिली, लेकिन भारत ने 13 पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर डच टीम को कड़ी टक्कर दी। आखिरी मैच में भारत ने नीदरलैंड्स को 2-2 से ड्रॉ पर रोका और शूटआउट में जीत हासिल कर बोनस अंक भी अर्जित किया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# सर्राफा कारोबारी से मारपीट और लूटपाट, चली गोली, दो गिरफ्तार

## ग्रामीणों ने एक बदमाश को घेरकर पकड़ा, पीट-पीट कर किया अधमरा

- पकड़े गये बदमाशों के पास से एक बंदूक, चार कारतूस और बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत पथिकडीह जोरिया के समीप रविवार की देर रात हथियारबंद बदमाशों ने पेशे से सर्राफा कारोबारी से मारपीट और लूटपाट की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। बदमाशों ने कारोबारी को लक्ष्य कर गोली भी चलायी, जो उसे छूते हुए निकल गयी। उसे एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। उसकी पहचान सहदेव सोनार के रूप में हुई है। वह कदैया गांव का रहने वाला है। जिसकी बिराजपुर बाजार में आभूषण की दुकान है। दूसरी ओर, सर्राफा कारोबारी से लूटपाट होने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और बदमाशों को घेर लिया। उनमें से कारू महतो नामक एक बदमाश को पकड़ लिया और उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसकी सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और लोगों के चंगुल से उसे छुड़ा कर इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वह बोकारो जिले के नावाडीह का रहने वाला है। पुलिस की मानें तो लूटपाट कांड में शामिल दूसरे बदमाश लालू रजवार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बरवाअड्डा के ही कुर्मीडीह का रहने वाला है। पुलिस ने करू के पास से एक लोडेड पिस्टल एवं चार जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। लगे हाथ पुलिस ने एक बाइक भी जब्त की है।

### मैथन डैम घूमने आये युवकों से बाइक छिनताई

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरसा अनुमंडल के मैथन ओपी क्षेत्र में स्थित मैथन डैम घूमने आए तीन युवकों से तीन बदमाशों ने बंदूक का भय दिखाकर उनकी बाइक लूट ली और फरार हो गये। इस बाबत पीड़ित युवक शिव कुमार तांडिया ने मैथन ओपी में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वो अपने दो दोस्तों वीर तांडिया और सोमेन पाल के साथ मैथन गोगना स्पोर्ट्स हॉस्टल घूमने गया था। वहां से लौटते समय रास्ते में तीन युवक खड़े मिले। उन लोगों ने उनकी बाइक रुकवाई और बंदूक निकाल कर उनपर तान दिया और गोली मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद उन लोगों ने उनकी बाइक ले ली और भाग गये। इस दौरान पीड़ित युवकों ने शोर मचाया और एक वीडियो भी बना लिया। वहीं, शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।



# आरपीएफ, पुलिस और नगर निगम ने की संयुक्त कार्रवाई, जेसीबी से हटायी गयी अस्थायी दुकानें

बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मती को लेकर वैकल्पिक मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मती को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। ओवरब्रिज बंद रहने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ना तय है। ऐसे में वैकल्पिक मार्गों को सुगम और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर निगम, आरपीएफ और बैंक मोड़ पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान हीरापुर से शुरू होकर बरमसिया होते हुए रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर तक चला। इस दौरान सड़कों पर वर्षों से लगे ठेले, खोमचे, फल-सब्जी और कपड़े की अस्थायी दुकानें हटाई गईं। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन की भी मदद ली गई। स्थानीय दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे एप्रोच रोड के दक्षिणी हिस्से में अवैध रूप से फैली सब्जी मंडी को भी हटाया गया। यह इलाका ओवरब्रिज के बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस्तेमाल किया जाना है, लेकिन संकरी गलियों और दुकानों के कारण यहां से वाहन निकलना मुश्किल हो रहा था। अभियान के तहत इस मार्ग को खाली कराकर उसे ट्रैफिक के लिए अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया। नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि वैकल्पिक मार्गों पर अतिक्रमण हटाना जरूरी है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां सड़कें संकरी हैं। कहा कि ओवरब्रिज के मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए अतिक्रमण हटाने के बाद नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। साथ ही, स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे सड़क किनारे दुकानों का संचालन ना करें। पुलिस और नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त करेंगी, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

# दो पक्षों में हिंसक झड़प में महिला की मौत, शव रखकर थाने के बाहर प्रदर्शन

## परिजनों का आरोप- पुलिस ने नहीं की समय पर कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मनइटांड़ कुम्हारपट्टी में रविवार को दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प हो गयी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। इससे आक्रोशित मृतका के परिजनों ने सोमवार को धनसार थाना के बाहर शव रख प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस को समय रहते सूचना दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक घंटे के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। जानकारी के मुताबिक पैसे की चोरी और छेड़खानी के विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में 70 वर्षीय चिंता देवी को गंभीर चोट लग गयी थी। उन्हें निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां मौत हो गई।



### बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला किया : संतोष

मृतका के पुत्र संतोष साव ने बताया कि पड़ोसी अमित गोस्वामी, मुन्ना गोस्वामी और चंदन गोस्वामी ने उसकी मां पर हमला किया। विवाद की जड़ में उनके घर से पैसों की चोरी और बहन के साथ छेड़छाड़ का मामला था। विरोध करने पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वहीं, धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मृतका का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सीसीएल कर्मी के घर से लाखों की संपत्ति ले भागे चोर

**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के बारीग्राम कॉलोनी में चोरों ने महिला सीसीएल कर्मी के बंद घर को निशाना बनाया और कथित रूप से नौ लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक चोरों ने घर के सामने की खिड़की तोड़कर अंतर प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान घर के अंदर रखे बक्सा को तोड़कर वहां से करीब 45 हजार रुपए नकद, तीन भरी सोना, 40 तोला चांदी और लैपटॉप आदि के साथ ही घर में रखे राशन के समान भी चोरी कर लिये। बताते चलें कि सावित्री देवी नामक सीसीएल महिला कर्मी अपने घर में ताला बंद कर एक महीना पहले अपने गांव छत्तीसगढ़ गयी थी। सोमवार को सावित्री देवी अपने आवास पहुंची और अंदर जाकर देखा तो खिड़की टूटी थी। कमरे का ताला भी टूटा था और पूरा सामान बिखरे पड़े थे। उधर, चोरी की घटना की सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, गांधीनगर थाना के पुलिस कर्मी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# पूर्व महापौर ने किया हेयर एंड स्क्रीन सॉल्यूसंस सेंटर का उद्घाटन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बैंक मोड़ पुराना बाजार रोड में पानी टंकी के समीप स्थित शिवम कॉम्पलेक्स में सोमवार को ग्लेशियर हेयर एंड स्किन सॉल्यूसंस नामक केंद्र का उद्घाटन पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने किया। उन्होंने हेयर एंड स्क्रीन नामक प्रतिष्ठान के संदर्भ में कहा कि धनबादवासी पहले हेयर और स्कीन की ट्रीटमेंट के लिए बाहर मेट्रो शहरों की ओर रुख करते थे। अब धनबाद में ही बिहार के पटना के अनुभवी कॉस्मोलॉजिस्ट डॉक्टर और उनकी टीम द्वारा ट्रीटमेंट और महत्वपूर्ण परामर्श से हेयर एंड स्किन सॉल्यूशन का समाधान कर सकेंगें। वहीं, प्रतिष्ठान के मालिक विवेकानंद ठाकुर और कॉस्मोलॉजिस्ट डॉक्टर रवि राज ने बताया कि प्रतिष्ठान में हेयर ट्रांसप्लांट, हेयर फॉल ट्रीटमेंट, हेयर विग्स, हिजामा, ड्राइ कटिंग थेरेपी, फायर कपिंग थेरेपी, लेजर ट्रीटमेंट, हेयर फॉल सहित हेयर और स्क्रीन के अन्य ट्रीटमेंट पटना के डॉक्टर रवि राज और उनकी अनुभवी टेक्नीशियन द्वारा किया जायेगा। बताया कि पटना के डॉक्टर रविराज हफ्ते में चार दिन यहां उपलब्ध रहेंगें। वहीं, अनुभवी कायरोप्रेटिक थैरेपिस्ट लक्ष्मण ठाकुर स्पोर्ट्स इंजरी में अपना अचूक इलाज कर सेवा देंगें। इस मौके पर भाजपा नेता भृगुनाथ भगत, विजय विश्वकर्मा, प्रेम प्रकाश पासवान आदि मौजूद थे।



# ट्रेन से 60 केन बीयर के साथ युवक गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ ने धनबाद रेलवे स्टेशन पर गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन से 60 केन बीयर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अमरजीत राय के रूप में हुई है। वह बिहार के सारण जिले का रहने वाला है। वह पश्चिम बंगाल से बीयर लेकर बिहार पहुंचाने के लिए धनबाद आया था। आरपीएफ ने जब्त बीयर को उत्पाद विभाग को सौंप दिया। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि वह टीम के साथ रविवार को रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन की जेनरल में एक व्यक्ति नीले रंग का पिट्ठू बैग, एक सफेद प्लास्टिक का झोला और प्लास्टिक की बाल्टी के साथ संदिग्ध स्थिति में बैठा दिखा। उसकी जांच-पड़ताल करने पर झोले में कुल 60 बोतल बीयर बरामद हुई। बीयर की बोतलों पर पश्चिम बंगाल का लेबल लगा था।

# जामताड़ा बस्ती में धूमधाम से मनाया गया भोक्ता पर्व

**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** इस वर्ष भी जामताड़ा बस्ती स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बिशुवा परब (भोक्ता परब) सोमवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। पुजारी देवानंद पांडेय ने सभी शिवभक्तों को पूजा आराधना कराया। वहीं रात में शिव भक्ति में लीन सह शिव मंदिर में प्रवास कर रहे शिव भक्तों ने शिव पार्वती की पूजा आराधना कर जलती अंगारों पर चल भगवान की आराधना की। लकड़ी के रोले के सहारे भक्त काफी ऊंचाई तक जाकर झूले। ऐसी मान्यता है कि इस अपरूपी शिव मंदिर में चमत्कारी शक्ति है, जो भी व्यक्ति अपनी मनोकामना शिव के समक्ष सच्चे हृदय से रखता है, वह पूर्ण होता है।

# जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित नर्स सप्ताह दिवस का समापन, नर्सों का सम्मान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मांझीलाडीह के कोलाकुसमा के स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परिसर में मौजूद जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित राष्ट्रीय नर्स सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस केक काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। इसमें जेपी अस्पताल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, निदेशक किमी नित्यानंद मंडल, समाजसेवी बेंगू ठाकुर, डॉ जीआर महापात्रा और डॉ एम भट्टाचार्जी ने अस्पताल और देश के सभी नर्सों को उनके मरीजों के प्रति कोरोनाकाल में महत्वपूर्ण योगदान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देकर अभिनंदन किया। नित्यानंद मंडल ने कहा कि हम अस्पताल में अपने सभी नर्सेज एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मान, आदर एवं चिकित्सीय फैसिलिटी देते हैं। इस वजह से उनका मनोबल ऊंचा रहता है और वह मरीजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर मन और लगन से सेवा करती है। इस अवसर पर जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके बाद सभी शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार दिया गया। इस मौके पर नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, फॉर्मेसी कॉलेज की प्राचार्या नीलम सिंह, वर्षा रानी, शिल्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि उपस्थित थे।



# नर्स प्रोफेशनल ही नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और समर्पण की प्रतीक होती हैं : हरेंद्र सिंह

धनबाद (आजाद सिपाही)। असर्फी अस्पताल एवं असर्फी कैंसर संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत केक काटने के साथ हुई। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस साल अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे 2025 का थीम 'हमारी नर्सें हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल से सशक्त होती हैं अर्थव्यवस्थाएं।' थी। यह थीम नर्सों के स्वास्थ्य, कल्याण और उनके बहुमूल्य योगदान को उजागर करती है। इस अवसर पर असर्फी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेन्द्र सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर असर्फी अस्पताल की सभी नर्सों को शुभकामनायें देता हूं। नर्सें सिर्फ एक प्रोफेशनल नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और समर्पण की प्रतीक हैं। हर दिन मरीजों के दर्द को अपना समझकर, उन्हें न सिर्फ दवा देती हैं, बल्कि उम्मीद और हिम्मत भी देती हैं। बिना किसी शोर-शराबे के दिल से काम करने वाले योद्धा हैं। वहीं, असर्फी हॉस्पिटल की नर्सिंग अधीक्षिका मनीता खंडेल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे, उन नर्सों को समर्पित है जो संकट की घड़ी में भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती हैं। इस मौके पर असर्फी अस्पताल के निदेशक डॉ नयन प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह, उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके राय, डॉ नब्बी, डॉ किशोर गांधी, डॉ आमीर राशिद, डॉ रमेश कुमार (कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ प्रियंका असावा (हेमेटोलॉजिस्ट) आदि उपस्थित रहे।



# डीसी के संज्ञान में लाने के बाद भी सरकारी शराब दुकानों पर लिये जा रहे प्रिंट रेट से अधिक रुपये

## सेल्समैन वेतन नहीं मिलने का हवाला देकर वसूल रहे 20 से 100 रुपये तक अतिरिक्त चार्ज

उत्पाद विभाग दे चुका है कार्रवाई की सख्त हिदायत, फिर भी खुलेआम वसूली जारी

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के संज्ञान में लाने के बाद भी सरकारी शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। साल 2024-25 में विभाग ने लक्ष्य से अधिक पैसे सरकार के खाते में जमा किया है। जिले में देसी-विदेशी मिलाकर कुल 140 सरकारी शराब दुकानें हैं। जिनसे सरकार ने 422.86 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य मिला था। पर विभाग ने लक्ष्य से ज्यादा हासिल करते हुए 438.43 करोड़ रुपए पैसे सरकार के खाते में जमा किया। जो कि कुल 103.68 फीसदी था। इसके बावजूद सेल्समैनो का आरोप है कि उन्हें अभी तक वेतन भुगतान नहीं किया गया है। साल 2024 के जून महीने से ही वेतन का मामला अटका हुआ है। उस समय मार्शल नामक कंपनी को मैनपावर का कार्य जिले में देख-रेख के लिए मिला था। जनवरी 2025 से आरके नामक कंपनी के लोग मैनपावर का काम देख रहे हैं। इससे पहले ए टू जेड कंपनी में सेल्समैनों का पैसा नहीं दिया गया था। उस समय भी प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेकर सेल्समैन अपना गुजारा चला रहे थे। इसके बाद धीरे-धीरे प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने की एक प्रथा कायम हो गई, और आज भी इस प्रथा को निभाया जा रहा है। मार्शल कंपनी ने प्रिंट रेट से 20 रुपये से लेकर 100 रुपया तक सरकारी दुकानों पर शराब की कीमतों पर अधिक लिया करता था जो सिलसिला अभी भी जारी है। कई शिकायतें हुई मामला डीसी तक भी गया पर कोई फायदा नहीं हुआ। समाजसेवी ने इस मुद्दे को उठाना ही बंद कर दिया। यहां नहीं, उन्होंने इसका जिम्मेवार उत्पाद विभाग को माना। जनप्रतिनिधि भी इसकी जिम्मेवारी सरकार पर मढ़कर चलते बने और सरकारी शराब दुकानों से जनता का पैसा लुटता गया। शराब माफियाएं उत्पाद विभाग की मिली भगत से अपनी जेब भरते गए। सेल्समैनों की मानें तो ऊपर से ऑर्डर है प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेने का। कहा कि आप लोग ऊपर बात कीजिए। पहले तो इन पैसों से हमें वेतन के रूप में घर भी चलता था। पर अब वह पैसे हमसे ऊपर बैठे लोग लेते हैं और हमें वेतन तक समय पर नहीं मिलता। वहीं, उत्पाद विभाग का साफ कहना है कि सेल्समैन की वेतन की जिम्मेदारी उन कंपनियों की है जिन्होंने उन्हें काम पर रखा है। सेल्समेन अपने वेतन का मामला अपने कंपनियों से समझे। इधर, कई सेल्समैनों मार्च से पहले अपने वेतन का पैसा दुकान के सेल से मेंटेन कर लिये जिस पर विभाग ने सख्त हिदायत दी है कि अगर सेल्समैनों ने दुकान से जितने पैसे लिए, उन्हें भुगतान नहीं किया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि सेल्समैन के वेतन का मामला नया नहीं है। इससे पहले भी कई बार सेल्समेन वेतन का मुद्दा उठाकर उत्पाद विभाग में अपनी बातों को रख चुके है। काम भी बंद किया है। इसके बावजूद अभी तक इसका हल नहीं हो पाया है। मार्च से पहले मार्शल नामक कंपनी की देख-रेख उमर फारुकी नामक व्यक्ति करता था। उस समय भी प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने एवं सेल्समैनों का वेतन बकाया का मामला चलता रहा है। कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि दुकानों में दो नंबर शराब बिक्री भी करवाता था, जिसका खुलासा निरसा के पेट्रोल पंप के पीछे चल रहे दो नंबर शराब की फैक्ट्री से हुआ। उसके बाद से ही मार्शल कंपनी से यह काम छीनकर आरके कंपनी को जनवरी में दे दिया गया। इनके बावजूद आज भी सेल्समैन द्वारा लगातार ग्राहकों से 20 से लेकर 100 रुपए तक शराब की कीमतों में अवैध पैसे लिए जा रहे हैं। जिसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

# पत्थरकट्टा चौक में चला वाहन जांच अभियान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** यातायात विभाग के ट्रैफिक इंस्पेक्टर उपेंद्र राय की अगुवाई में सेक्टर-1 थाना क्षेत्र के पत्थर कट्टा चौक के पास सोमवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। चालकों से वाहन के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, धुआं प्रदूषण, वाहन के डिक्की आदि की जांच की गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने नियमों की अनदेखी करने वाले दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित हेलमेट का प्रयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही ट्रैफिक नियम का पालन कर वाहन चलाने की हिदायत देकर छोड़ा गया। उपेंद्र राय ने बताया कि यह एंटी क्राइम चेकिंग है। वाहन जांच का उद्देश्य क्षेत्र में हर तरह की अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाना है। साथ ही इससे लोगों को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। बिना हेलमेट और सीटबेल्ट लगाये वाहन चलाने पर दुर्घटना होने पर उनको ही नुकसान होता है। इसलिए लोगों को जागरूक होना चाहिए। कहा कि वाहन के सभी कागजात लेकर सड़क पर चलें। दो पहिया वाले हेलमेट लगा कर घर से कही जाए, ताकि अगर दुर्घटना हो तो नुकसान कम हो। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि बिना कागजात के वाहन ना चलाए। ना ही अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने की इजाजत दें।

# देवघर के समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े बने झारखंड लॉन बॉल संघ के उपाध्यक्ष



देवघर (आजाद सिपाही)। समाजसेवी और कई खेल संघों से जुड़े डॉ सुनील खवाड़े को झारखंड लॉन बॉल संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है। संघ के महासचिव मधुकांत पाठक की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ कि सभी जिलों से 10 खिलाड़ियों 5 महिला एवं पुरुष 5 का रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। कोच और ऑफिशियल के लिए सेमिनार आयोजित किया जायेगा। झारखंड लॉन बॉल संघ के महासचिव मधुकांत पाठक ने देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े को उपाध्यक्ष पद का प्रस्ताव दिया, जिसे सर्वसम्मति से सभी ने स्वीकार किया। संघ के महासचिव मधुकांत पाठक ने झारखंड बॉल्स प्रीमियर लीग कराने पर भी विचार किया। उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने के बाद डॉ सुनील खवाड़े ने महासचिव मधुकांत पाठक एवं सभी जिला के अध्यक्ष, सचिव का आभार प्रकट किया है। वहीं उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने पर देवघर जिला लॉन बॉल संघ के अध्यक्ष आशीष झा, सचिव कृष्ण बरनवाल, उपाध्यक्ष नवीन शर्मा ने डॉ सुनील खवाड़े बधाई दी।

# शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार:हफीजुल हसन




मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर विधानसभा अंतर्गत नारायणपुर के राजकीय विद्यालय मैदान में एक प्रेरणादायक और भविष्य को दिशा देने वाला 'करियर डेवलपमेंट एंड हाइयर एजुकेशन गाइडेंस प्रोग्राम' आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की पहल अस-सलाम एंग्लो अरेबिक स्कूल के निदेशक और अल-इमाम एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष हाफि ज इमामुद्दीन द्वारा की गयी। यह ट्रस्ट विशेष रूप से सामाजिक, अल्पसंख्यक एवं कमजोर वर्ग के छात्रों के शैक्षिक विकास हेतु समर्पित है। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और करियर विकल्पों को लेकर समुचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का संचालन मुहम्मद आवेस (सहायक शिक्षक, अस-सलाम एंग्लो अरेबिक स्कूल, सलैया) ने अत्यंत प्रभावशाली और व्यावहारिक ढंग से किया। मुख्य वक्ताओं में डॉ. इंतिखाब आलम (टइइर, टऊझ्र कोलकाता मेडिकल कॉलेज), निवासी पनाहकोला, मधुपुर ने छात्रों को मेडिकल क्षेत्र की गहराई से जानकारी दी।

# बारातियों से भरी बस में दौड़ा करंट, दो की मौत, 20 झुलसे

## बांका जिले के जयपुर थाने के चिड़िया मोड़ के पास सुबह 10 बजे की घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर के सीमावर्ती जयपुर थाना (बांका जिला, बिहार) के चिड़िया मोड़ के पास बारातियों से भरी एक बस हाइटेंशन तार की चपेट में आ गयी। इसमें दो बारातियों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि 20 बाराती बुरी तरह से जख्मी गये। इनका इलाज देवघर सदर अस्पताल में चल रहा है। हादसा सोमवार सुबह में हुआ, जब शादी समारोह खत्म होने के बाद बारात लौट रही थी। बस की छत पर बैठे बाराती हादसे में मरे और जख्मी हुए हैं। मृतकों बिहार के बांका जिले के बौंसी थाना अंतर्गत सांगा





पंचायत के कुमरभार गांव निवासी संतोष कुमार सिंह (14) एवं तेलियाकुरा गांव निवासी कटकी पहाड़िया (45) के रूप में हुई है। जबकि घायलों में कुमरभार गांव निवासी लक्ष्मी (5), दिलीप कुमार (30), बौंसी थाना क्षेत्र के महगुड़ी निवासी मुकेश कुमार मरांडी (25), झारखंड के दुमका सदर थाना अंतर्गत चौकीतरी गांव निवासी शिव कुमार (8) आदि शामिल है।

**ऐसे हुआ हादसा :** रविवार रात बौंसी थाना क्षेत्र के कुमरभार गांव के भैरो सिंह के पुत्र शंकर सिंह की बारात जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत के कालाडंडा गांव आयी थी। सोमवार सुबह 10 बजे लगभग 25 की संख्या में बाराती बस द्वारा वापस कुमरभार लौट रहे थे। इसी दौरान चिड़िया मोड़ के समीप सड़क के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट की तार के संपर्क में बस आ गयी, जिससे पूरी बस में करंट दौड़ गया। घटना में सभी बाराती गंभीर रूप से झुलस गये। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी सभी को जयपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा दो बारातियों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि जख्मी 17 बारातियों का प्राथमिक उपचार कर घटना में गंभीर रूप से जख्मी 5 लोगों को कटोरिया और 5 लोगों को देवघर रेफर कर दिया गया।

# श्रेया केशरी 'संत माइकल एजुकेशन अवार्ड' से हुईं सम्मानित

- 'काकचेष्टा बकोध्यानं श्वाननिद्रा तथैव च, अल्पहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पंचलक्षणम' ही विद्यार्थी का ध्येय हो : डॉ जेसी राज

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** स्थानीय संत माईकल एंग्लो ग्रुप ऑफ स्कूल्स के बैनर तले मातृ दिवस के अवसर रवीन्द्र सभागार में, आईएससी 12वीं स्टेट टॉपर (आर्ट्स) देवघर चैंबर



ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रवि केशरी और समाजसेवी नीतू केशरी की एकमात्र पुत्री श्रेया केशरी को 'संत माईकल एजुकेशन अवार्ड' विद्यालय ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक डॉ जय चंद्र राज, वेक्सो इंडिया के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह देव, दीनबंधु उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार और अन्य के करकमलों से प्रदान करने किया गया। ज्ञात हो श्रेया केशरी वर्ग नर्सरी से ही देवघर संत फ्रांसिस स्कूल की छात्रा रही है। वर्ग दशम में उसने 97% अंक एवं इस बार वर्ग द्वादश में कला संकाय में 98.5% प्राप्त करके पूरे राज्य में टॉपर रही है। स्व. राजू प्रसाद केशरी एवं स्व वीणा देवी की पोती श्रेया खुद को सुप्रीम कोर्ट में पदस्थापित करने की तमन्ना रखती है। उसने क्लैट की परीक्षा में 15 वां रैंक लाकर अपनी योग्यता से परिवार का नाम पूर्व में ही रौशन कर चुकी है।

# बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

देवघर (आजाद सिपाही)। वैसाख मास की पूर्णिमा तिथि पर सोमवार को बाबा बैद्यनाथ के जलार्पण को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की कतार मंदिर से निकल कर मानसरोवर तक पहुंच गयी थी। उधर विश्व कल्याण देवनगरी में चलने वाले मास व्यापी कीर्तन का सोमवार को वैसाख पूर्णिमा के दिन समापन हो गया। सोमवार को प्रातः 4.45 बजे को डॉ मोतीलाल मिश्र आचार्य एवं कीर्तन दल के महामंत्री सोमनाथ खवाड़े ने श्री लक्ष्मी नारायण की पूजा की। आयोजन को सफल बनाने में रुद्र दत्त, विजय पांडेय, मोनू द्वारी, सुग्गा तनपुरिए, विनोद कुंजिलवार, प्रदीप, रवि मिश्र, सतीश, सेठ पंडित, गणेश खवाड़े ने सहयोग किया।
























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**